हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 07.02.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 193 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये




# नेपाल बॉर्डर के पास बड़ा हादसा, बरातियों से भरी बस खाई में गिरी, 13 लोगों की मौत

एजेंसी

**पिथौरागढ़ :** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के झूलाघाट कस्बे में भारत से सटे नेपाल के बैतडी जिले में एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। बैतडी से बजांग जा रही एक बारात की बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में 13 लोगों की मौके पर ही या इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा गुरुवार रात को पुरचूंणी नगरपालिका क्षेत्र के बड़गांव मोड़ के पास हुआ। बताया जा रहा है कि बस दुल्हन को लेकर भवने गांव से बजांग के सुनकुडा गांव की ओर जा रही थी।



## चढ़ाई के दौरान बस खो बैठी संतुलन

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, बस पहाड़ी रास्ते पर चढ़ाई करते समय संतुलन नहीं बना पाई। अचानक वाहन पीछे की ओर फिसल गया और करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के समय बस में काफी संख्या में बाराती सवार थे, जिससे नुकसान और ज्यादा हुआ। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया।

## रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन

जिला प्रहरी कार्यालय बैतडी के प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि नेपाल एपीएफ, पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर रात में ही रेस्क्यू अभियान चलाया। अंधेरे और कठिन रास्तों के बावजूद घायलों को खाई से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पांच लोगों ने डडेलधुरा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य की मौत कोटिला अस्पताल में हुई।

## मृतकों में 13 साल का बच्चा भी शामिल

इस दुखद हादसे में मरने वालों में एक 13 साल का मासूम बच्चा भी शामिल है। अधिकतर मृतक बजांग जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतकों में केशव राज जोशी, अशोक राज जोशी, बसंत राज जोशी, विष्णु दत्त जोशी, नरेश राज जोशी समेत कई लोग शामिल हैं। इसके अलावा बैतडी जिले के कुछ स्थानीय निवासी भी इस दुर्घटना में जान गंवा चुके हैं। परिवारों में मातम पसरा हुआ है और पूरे इलाके में शोक का माहौल है। बस में अधिक संख्या में बराती सवार थे। चढ़ाई के दौरान बस नहीं चढ़ पाई और हादसा हो गया। घायलों में से 25 लोगों को डडेलधुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए धनगढी रेफर किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार कुछ घायलों की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। प्रशासन द्वारा घायलों के इलाज की पूरी व्यवस्था की जा रही है।

## पहाड़ी इलाकों में सफर बना खतरे का कारण

स्थानीय लोगों का कहना है कि बैतडी और बजांग के बीच का रास्ता बेहद संकरा और खतरनाक है। बारिश और ढलान के कारण अक्सर यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अधिक यात्रियों को बस में बैठाने से भी हादसे का खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और भविष्य में ऐसे हादसों से बचने के लिए सुरक्षा उपायों पर विचार किया जा रहा है।

# भारत ने छठी बार जीता अंडर-19 का विश्वकप, इंग्लैंड को 100 रन से हराया

## वैभव सूर्यवंशी 175 रन बनाकर रहे फाइनल के हीरो

एजेंसी



**हरारे :** भारत ने एक बार फिर अंडर-19 क्रिकेट में अपना दबदबा साबित कर दिया। 6 फरवरी को खेले गए आईसीसी अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ आयुष म्हात्रे अंडर-19 विश्व कप जीतने वाले भारत के छठे कप्तान बन गए। जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में खेले गए इस टूर्नामेंट में युवा भारतीय टीम ने पूरे अभियान में संतुलित प्रदर्शन किया।

हरारे स्पोर्ट्स ग्राउंड पर इंग्लैंड को 100 रन से हराते हुए आयुष म्हात्रे की टीम ने फाइनल अपने नाम किया। टीम इंडिया के अगले पोस्टर ब्वॉय वैभव सूर्यवंशी ने इस खिताबी मुकाबले में सिर्फ 80 गेंद में 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेली और साबित कर दिया कि भारत का फ्यूचर सुरक्षित हाथों में हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 411 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। पूरे वर्ल्ड कप भर वैभव सूर्यवंशी का बल्ला शांत ही रहा था। वह अपने टैलेंट के हिसाब से रन नहीं बना पा रहे थे, जो टीम और फैंस के लिए चिंता का सबब भी थी, लेकिन सेमीफाइनल में फिफ्टी ठोकने के बाद फाइनल में उन्हें अपनी जिम्मेदारी का अहसास हुआ और वैभव ने 15 चौके-15 छक्के की मदद से 80 गेंद में 175 रन कूट दिए। इस खब्बू विस्फोटक बैटर ने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की शायद सबसे प्रभावशाली पारी खेली। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है। सेमीफाइनल में उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ तेजतर्रार 68 रन बनाए थे। इस तरह वह 439 रन बनाकर टूर्नामेंट के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे।

वैभव सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए। सूर्यवंशी ने पूरे वर्ल्ड कप में कुल 22 छक्के लगा दिए और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2022 में 18 छक्कों का रिकॉर्ड बनाया था। अब उनके नाम यूथ वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है, उन्होंने दिसंबर में यूएई के खिलाफ अपने ही 14 छक्के के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

## एक नजर

### रोजगार सेवक सात हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

**पलामू :** एसीबी ने पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत नौडीहा बाजार ब्लॉक कार्यालय के आवासीय परिसर में शुक्रवार को रोजगार सेवक जितेंद्र राम को मनरेगा कूप योजना में एंट्री करने के नाम पर सात हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी पलामू की टीम ने यह कार्रवाई की। रोजगार सेवक को गिरफ्तार करने के बाद मेदिनी नगर कार्यालय लाया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। एसीबी की कार्रवाई से नौडीहा बाजार ब्लॉक कार्यालय के कर्मियों में हड़कंप मच गया है। एसीबी टीम ने नौडीहा बाजार ब्लॉक में पहली बार इस तरह की कार्रवाई की है।

### राजगीर में चार जैन सैलानियों की सदिग्ध अवस्था में मिली लाश

**राजगीर :** बिहार के नालंदा जिले के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल राजगीर में दिगंबर जैन धर्मशाला के एक कमरे से शुक्रवार को चार लोगों के शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। चारों पर्यटक बेंगलुरु से आए थे और धार्मिक यात्रा पर थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है और धर्मशाला और आस-पास के इलाकों को सील कर दिया गया है। चारों पर्यटक जैन धर्म के अनुयायी थे और धार्मिक यात्रा पर 31 जनवरी को राजगीर आए थे। धर्मशाला के रिकॉर्ड के अनुसार 2 फरवरी तक उन्हें परिसर में देखा गया, इसके बाद से कमरा नहीं खुला।

# लोकसभा में जोरदार हंगामा, नहीं चल सकी कार्यवाही, 9 फरवरी तक स्थगित



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के लगातार हंगामे के चलते शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की अगली कार्यवाही अब सोमवार, 9 फरवरी को सुबह 11 बजे पुनः शुरू होगी।

सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होते ही प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी और हाथों में प्लेकार्ड लेकर सदन के बीचोंबीच आ गए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि बजट सत्र में अब तक सदन के 19 घंटे 13 मिनट हंगामे की भेंट चढ़ चुके हैं।

अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल सभी सदस्यों का समय होता है और जनता ने सांसदों को चर्चा और संवाद के लिए भेजा है, न कि पोस्टर और नारेबाजी के लिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नियोजित तरीके से गतिरोध पैदा कर सदन की मर्यादा समाप्त की जाती है, तो ऐसे सदन को चलाना संभव नहीं है।

# इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद में धमाका, 31 की मौत, 169 लोग घायल

एजेंसी



**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला किया गया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान तरलाई इलाके की इमाम बारगाह खदीजत-उल-कुबरा में जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। ब्लास्ट के बाद पूरे शहर में इमरजेंसी लगा दी गई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया था। जहां यह धमाका हुआ है वो शिया मस्जिद है। इस धमाके में 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 169 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह धमाका एक सुसाइड बॉम्बिंग यानी आत्मघाती हमला था। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के प्रवक्ता तकी जवाद ने कहा कि धमाके की प्रकृति का पता लगाना अभी जल्दबाजी होगी और फोरेंसिक टीमों को यह तय करना होगा कि यह आत्मघाती हमला था या प्लांट किया गया बम।

धमाके के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर भागते दिखे। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस और रेस्क्यू टीमें पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसमें लोग इमाम बारगाह की जमीन पर बेसुध पड़े हैं। वहीं कुछ लोग एक दूसरे की मदद करते दिखाई दिए।

# परीक्षा जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, सर्वांगीण विकास जरूरी : पीएम

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण में देश के विभिन्न हिस्सों से यहां आए छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि परीक्षा कभी भी जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हो सकती। शिक्षा जीवन निर्माण का माध्यम है और उसका उद्देश्य सर्वांगीण विकास होना चाहिए। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे बीते समय की चिंता छोड़कर शेष समय का बेहतर उपयोग करने पर ध्यान दें और तनावमुक्त रहकर सीखने की प्रक्रिया का आनंद लें। मणिपुर की एक छात्रा के सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जो बीत गया है उसकी गिनती करने में समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि 17 सितंबर को उनके जन्मदिन पर एक नेता ने फोन किया और बोले कि अब आप 75 के हो गए, तो मैने कहा कि अभी 25 बाकी हैं। उन्होंने कहा कि जो बीता है मैं उसे गिनता नहीं हूं। जो बचा है उसको गिनता हूं। उन्होंने छात्रों से भी यही दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया और कहा कि जो बीता है उसकी गिनती में समय बर्बाद मत कीजिए, जो बचा है उसको जीने के लिए सोचिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। अच्छे शिक्षक वे होते हैं जो छात्रों के संपूर्ण विकास पर ध्यान देते हैं, न कि केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने पर। जीवन केवल परीक्षाओं के इर्द-गिर्द नहीं घूमता और परीक्षा आत्ममूल्यांकन का एक माध्यम मात्र है।

अलग-अलग अध्ययन पद्धतियों को लेकर भ्रम पर पूछे गए सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह स्थिति जीवन भर बनी रहती है। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी लोग उन्हें अलग-अलग तरीके से काम करने की सलाह देते हैं। सलाह जरूर लें, लेकिन वही करें जो आपके स्वभाव और परिस्थितियों के अनुकूल हो।

एक छात्र द्वारा शिक्षक के बहुत तेज पढ़ाने की शिकायत पर प्रधानमंत्री ने शिक्षक के दृष्टिकोण से उत्तर देते हुए कहा कि शिक्षक को छात्रों से एक कदम आगे रहना चाहिए, ताकि लक्ष्य चुनौतीपूर्ण रहे लेकिन असंभव न हो। वहीं छात्रों को शिक्षक द्वारा पढ़ाये जाने वाले पाठ को पूर्व में अध्ययन कर शिक्षक से दो कदम आगे रहने की सलाह भी दी।

कौशल विकास पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन कौशल और पेशेवर कौशल दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संतुलन पर जोर देते हुए कहा कि जैसे शरीर का संतुलन बिगड़ने पर व्यक्ति गिर जाता है, वैसे ही जीवन में किसी एक पक्ष पर अत्यधिक जोर नुकसानदेह हो सकता है।

गेमिंग से जुड़े सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गेमिंग एक कौशल है और यह व्यक्तित्व विकास में सहायक हो सकता है, लेकिन इसे केवल मनोरंजन या जुए के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को गेम खेलने के बजाय गेम निमार्ता बनने और भारतीय संस्कृति एवं कथाओं पर आधारित खेल विकसित करने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा बोझ नहीं लगनी चाहिए और उसमें पूर्ण भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को प्रतिदिन सोने से पहले अगले दिन के कार्यों की सूची बनाने और दिन के अंत में आत्ममंथन करने की सलाह दी।

कार्यक्रम के दौरान सिक्किम की छात्रा श्रिया प्रधान ने हिंदी, नेपाली और बंगाली भाषाओं में स्वरचित गीत प्रस्तुत किया।

# रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस अलर्ट




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला शुक्रवार को सामने आया है। यह धमकी कोर्ट की आधिकारिक मेल आईडी पर एक संदेश के जरिए भेजी गई। इस घटना के बाद से कोर्ट परिसर की सुरक्षा को चाक-चौबंद कर दिया गया है। धमकी भरा मेल मिलने के तुरंत बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले हर व्यक्ति की सघन तलाशी ली जा रही है। कोर्ट के मुख्य द्वारों और संवेदनशील हिस्सों पर पुलिस जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है। पूरे परिसर की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु का पता लगाया जा सके।

कोर्ट परिसर में लगे कैमरों की फीड पर पुलिस की टीम लगातार नजर बनाए हुए है। शुरूआती जांच के मुताबिक, जिस ईमेल आईडी से रांची सिविल कोर्ट को संदेश भेजा गया है, उसी आईडी का इस्तेमाल बिहार के कैमूर सहित कई अन्य जिलों के महत्वपूर्ण संस्थानों को धमकी देने के लिए भी किया गया है। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

## एक नजर

### परीक्षार्थी को परीक्षा दिलाकर लौट रहा युवक सड़क हादसे में घायल

**बरही :** मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थी को परीक्षा दिलाकर वापस लौट रहा युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर थानाप्रभारी विनोद कुमार एवं सशस्त्र बल घटनास्थल पर पहुंचे और घायल मो अब्दुल रशीद उम्र 18 वर्ष पिता मो युसुफ ग्राम भंडारो और परीक्षार्थी मो कामरान अकमल उम्र 16 वर्ष पिता मोहम्मद कमरुद्दीन को एंबुलेंस की मदद से बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। बरही में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मो अब्दुल रशीद उम्र 18 वर्ष पिता मो युसुफ ग्राम भंडारो को सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बरही के भंडारो गांव के मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थी मो कामरान अकमल को परीक्षा दिलाने के लिए मो अब्दुल रशीद भंडारो गांव से बाइक से बरही मिडिल स्कूल परीक्षा केंद्र आया था। परीक्षा के बाद दोनों अपने घर वापस लौट रहे थे। जीटी रोड करियातपुर के बांडी पहाड़ी के पास हाईवा ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक घायल हो गए।

### सेवा सप्ताह के तहत आरएसएस ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों की हुई जांच

**बरही :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सेवा सप्ताह के तहत संघ के न्यास डा बसंत दिगम्बर आगासे स्मृति सेवा संस्थान की ओर से बाल संस्कार केन्द्र पडिरमा तुरियाटोला और शिव मोहल्ला बेंदगी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। संघ के सदस्यों ने सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामय के भाव को आत्मसात करते हुए सबों को निरोग रहने का संदेश दिया। संघ के आयोजित स्वास्थ्य शिविर में रोगियों का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं डॉ अमन कुमार की चिकित्सीय टीम ने किया। बरही अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। बीपी ,डायबिटीज चेक किया और रोग के अनुसार रोगियों को दवा और सलाह दी। स्वास्थ्य सेवा शिविर में बाल संस्कार केंद्र के बच्चों के माता पिता और ग्रामीण शामिल थे।

### कबिलाश जंगल में बड़ी कार्रवाई, पुलिस-वन विभाग ने नष्ट की 10 एकड़ अफीम की फसल



**चौपारण :** अवैध मादक पदार्थों की खेती के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। शुक्रवार को चोरदाह पंचायत अंतर्गत कबिलाश जंगल में करीब 10 एकड़ क्षेत्र में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए इस अभियान में दुर्गम और घने जंगल क्षेत्र में ड्रोन कैमरे की मदद से अफीम की खेती को चिन्हित किया गया। इसके बाद संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी फसल को विनष्ट कर दिया। अभियान के दौरान घटनास्थल से छह डिलीवरी पाइप भी बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। अवैध खेती में संलिप्त लोगों की पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। दोषियों के चिन्हित होते ही उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व एसडीपीओ बरही अजीत कुमार बिमल एवं थाना प्रभारी चौपारण सरोज सिंह चौधरी ने किया। टीम में एसआई सुबिन्दर राम, एसआई रतन टुडू, एएसआई कमरुद्दीन, सशस्त्र बल के जवान तथा वन विभाग के बनपाल कुलदीप कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल थे। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ आगे भी इसी तरह सघन अभियान चलाया जाएगा।

# बड़कागांव में ब्राउन शुगर के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार, 26.5 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेशानुसार बड़कागांव पुलिस द्वारा एनडीपीएस को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई। गुरुवार को आर एंड आर कॉलोनी में औचक छापामारी कर 6 तस्करों को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से लगभग 26.5 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है । मामले को लेकर पवन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव एवं कृष्ण कुमार गुप्ता थाना प्रभारी बड़कागांव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 5 फरवरी को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बड़कागांव थाना क्षेत्र के आईएनआर कॉलोनी ढेंगा में कुछ व्यक्तियों के द्वारा बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करने के लिए आ रहे हैं। गुप्त सूचना के सत्यापन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी दल के द्वारा तत्वरित कार्रवाई करते हुए आरआरआर कॉलोनी ढेंगा पहुंचने पर कुछ लड़के इकट्ठा हुए दिखाई दिए । छापामारी टीम के द्वारा मकान के पास खड़े सभी लड़के को दौड़कर पकड़ लिया गया तथा सभी लड़के के तलाशी ली गई तलाशी के क्रम में सभी 6 लड़कों के पास से कुल 26.5 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पकड़े आरोपियों द्वारा बताया गया कि चतरा से ब्राउन शुगर लाकर बड़कागांव की विभिन्न स्थान पर बेचने का काम करते । उपरोक्त सभी 6 अभियुक्तों के विरुद्ध बड़का गांव थाना में कांड संख्या 18 / 26 धारा -111 (2)(बी)/ 3(5) बी .एन.एस. एवं 21(बी)/22बी/25/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद 26.5 ग्राम ब्राउन शुगर एवं मोबाइल-02 जप्त की हैं। जिन आरोपियों को जेल भेजा गया है उसमें सुधीर कुमार ग्राम पचड़ा थाना केरेडारी, सुमन कुमार वर्मा - पैगौड़ा चौक ओकनी पंच मुखी मंदिर थाना लोहसिंघना, राजेश कुमार उर्फ चरकु-ग्राम हरली - बड़कागांव, पंकज कुमार उर्फ बाकू ग्राम हरली, महादेव कुमार तेलियातरी - बड़कागांव इसके अलावा एक अन्य का नाम शामिल है। छापामारी दल में मुख्य रूप से पवन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कृष्ण कुमार गुप्ता थाना प्रभारी , पुअनी वरुण कुमार , पुअनि दीपक रोशन लकड़ा सहित सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## एलकेजी से द्वितीय वर्ग का वार्षिक खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** विद्यालय परिसर में एलकेजी से द्वितीय वर्ग तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेल दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के तौर पर बरही एसडीओ जोहन टुडू की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय को रंग-बिरंगे गुब्बारों और झंडियों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी नरसिंह शर्मा और मुख्य अतिथि जोहन टुडू द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए किया गया। खेल दिवस में बच्चों के लिए नींबू-चम्मच दौड़, बैलून रेस, फ्रॉग रेस, रिंग थ्रो, 50 मीटर दौड़ जैसे रोचक एवं आयु-उपयुक्त खेलों का आयोजन किया गया। नन्हे खिलाड़ियों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जलेबी रेस में अशिमत यादव, आरवि कुमारी, ध्रुव यादव क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय रहे। बैलून रेस में लक्ष्मी प्रथम,ऋषभ ठाकुर द्वितीय और फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सैक रेस में अल्काफ अंसारी प्रथम दिव्यांश कुमार द्वितीय और आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में एडिफा परवीन प्रथम कनिष्का केसरी द्वितीय और आराध्या कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोन रेस में अयांश भगत आरोही कुमारी प्रथम अक्षत राज सिंह दिया प्रजापति द्वितीय शौर्य प्रताप और अंशिका कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बनाना रेस में आकांक्षा भारती ओम राज प्रथम, आराध्या रुचि अल्फाज द्वितीय अमीर नाज और मोहम्मद सुभान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में दिखाया गया 'परीक्षा पर चर्चा' का सीधा प्रसारण, छात्रों में दिखा उत्साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पर चर्चा' का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों के बीच दिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य *कैलाश कुमार* भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने परीक्षा को जीवन का सामान्य हिस्सा बताते हुए बच्चों को तनावमुक्त रहकर पढ़ाई करने, समय का सही प्रबंधन करने और आत्मविश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। बच्चों ने पूरे ध्यान से प्रधानमंत्री की बातें सुनीं और नोट्स भी बनाए। कई छात्रों ने कहा कि उन्हें परीक्षा को लेकर होने वाला डर काफी हद तक कम हुआ है। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों के सवालों का सरल भाषा में उत्तर दिया और कहा कि परीक्षा सफलता की कसौटी जरूर है, लेकिन यह जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। सही दिशा में मेहनत करने से हर छात्र आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों पर पढ़ाई का दबाव काफी बढ़ गया है, ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया यह मार्गदर्शन बेहद उपयोगी है। इससे बच्चों को मानसिक मजबूती मिलती है और वे बेहतर तरीके से तैयारी कर पाते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन के मूल्यों को समझने का अवसर देते हैं।

## नीति आयोग के 'संपूर्णता अभियान 2.0' के अंतर्गत आकांक्षी जिला कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक, विधायक हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** हजारीबाग समाहरणालय सभागार में नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आकांक्षी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने क्यों बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, स्वच्छता एवं पशु टीकाकरण जैसी बुनियादी सेवाओं की शत-प्रतिशत पहुँच सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 जिले के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से जिला एवं प्रखंड स्तर पर योजनाबद्ध क्रियान्वयन, नियमित समीक्षा, डेटा-डैशबोर्ड आधारित निगरानी तथा व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियों को मजबूती मिलेगी, जिससे अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचेगा। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की सही वृद्धि माप, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, कार्यशील शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, विद्यालयों में बालिकाओं हेतु पर्याप्त एवं सुरक्षित शौचालय, पोषण, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न प्रमुख संकेतकों पर गहन एवं सार्थक चर्चा की गई। विधायक ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्यान्वयन, पारदर्शिता तथा सतत निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अभियान के समर्थन में सेल्फी पॉइंट पर जाकर सेल्फी ली एवं प्रोत्साहन स्वरूप हस्ताक्षर कर जनभागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना किसी भी अभियान की सफलता संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, उप विकास आयुक्त रिया सिंह, एसडीओ आदित्य पाण्डेय, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता सहित जिले के सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## किसानों के बिच दो दिवसीय फसल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड के साढ़ पंचायत भवन में किसानों के बिच दो दिवसीय फसल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सांढ़ पंचायत के मुखिया सुलेखा कुमारी व संचालन शंकर कुमार पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी शंकर कुमार एंव बीटीएम श्याम कृष्ण देव ने किया। प्रशिक्षण कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग के सौजन्य से किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन कृषकों को जैव आधारित कीटनाशी के उपयोग सहित बीजामृत, जीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीम आधारित कीटनाशी बनाने की विधि, एनपीवी, येलो एवं ब्लू स्टिकी ट्रैप, लाइट ट्रैप एवं फल मक्खी ट्रैप बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही जैविक विधि से मृदा उपचार, बीजोपचार, ऑन-फार्म ट्राइकोडर्मा उत्पादन तथा पौधों पर छिड़काव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।दूसरे दिन क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान तथा उनके प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी कृषकों को कीटनाशक छिड़काव से बचाव हेतु सुरक्षा किट वितरित की गई।इस दौरान 30 प्रशिक्षणार्थियों के बीच को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी शंकर कुमार, बीटीएम श्याम कृष्ण देव एवं रघुनन्दन महतो,पूर्व मुखिया भीखन महतो,पूर्व पंसस बासमती देवी, गीनी कुमारी, अंजू देवी,गुड़िया देवी,शांति देवी, रीता देवी,सुमन कुमारी, ममता कुमारी, गीता कुमारी, संगीता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कैप्टन डॉ. एस. के. पाण्डेय को एडीजी अवार्ड, उत्कृष्ट सेवा के लिए 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** राष्ट्रीय कैडेट कोर के क्षेत्र में अनुशासन, नेतृत्व और समर्पित सेवा के लिए 1/22 झारखंड बटालियन एनसीसी, संत कोलंबा कॉलेज, हजारीबाग के कंपनी कमांडर कैप्टन डॉ. एस. के. पाण्डेय को वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित एडीजी अवार्ड "सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस" से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, पटना में 5 फरवरी को आयोजित एक समारोह में दिया गया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंडर ऑफिसर साक्षी सिन्हा एवं कॉरपोरल खुशी कुमारी को भी 'एडीजी' अवार्ड प्रदान किया गया, जबकि अंडर ऑफिसर सोनी कुमारी को एनसीसी महानिदेशक का 'बैज' देकर सम्मानित किया गया। सबको 'प्रशस्ति पत्र' से भी सम्मानित किया गया। एनसीसी बिहार एवं झारखंड निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल ए. एस. बजाज ने कैप्टन डॉ. पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र एवं एनसीसी मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि कैप्टन डॉ. पाण्डेय इससे पूर्व भी वर्ष 2018 और 2019 में एडीजी अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं। पिछले 14 वर्षों से एनसीसी इकाई का सफल नेतृत्व करते हुए कैप्टन डॉ. पाण्डेय ने कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित किया है। उनके कुशल मार्गदर्शन में अनेक कैडेट्स थल सेना कैंप तथा नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर अपना महाविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय और झारखंड राज्य का गौरव बढ़ा चुके हैं। उनके नेतृत्व में प्रति वर्ष एनसीसी कैडेट्स सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में एनसीसी निदेशालय बिहार और झारखंड, पटना के निर्देश पर हजारीबाग एनसीसी ग्रुप मुख्यालय द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित 'वंदे मातरमः सांस्कृतिक गौरव और नागरिक उत्तरदायित्व' कार्यक्रम में कैप्टन पाण्डेय की कार्यकुशलता के लिए हजारीबाग एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के कमांडर ब्रिगेडियर एस गोपीकृष्णन एसएम ने 'लेटर आफ अप्रेशिएशन' दिया था। इस उपलब्धि पर 22 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आर के रवि एवं संत कोलंबा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विमल रेवेन ने कैप्टन डॉ. पाण्डेय सहित सभी सम्मानित कैडेट्स को बधाई दी है। कर्नल रवि ने अवार्ड प्राप्त करने वालों के कार्यों की सराहना करते हुए अन्य कैडेट्स को भी प्रेरित करने की सलाह दी।

## संक्षिप्त खबरें

### बुढ़वा महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर बैठक कमेटी गठित



**बड़कागांव :** बड़कागांव के प्रसिद्ध प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर महुदी पहाड़ में महाशिवरात्रि पूजा एवं महाशिवरात्रि मेला के सफल आयोजन को लेकर मंदिर प्रांगण में बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति करणपुरा क्षेत्र बड़कागांव के तत्वाधान में तमाम शिव भक्तों के साथ बैठक बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता शशि कुमार मेहता एवं संचालन जयशंकर प्रसाद मेहता के द्वारा किया गया बैठक में महाशिवरात्रि पूजा एवं मेला के सफल आयोजन के लिए सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि पूजा का अध्यक्ष कौटिल्य महिला महाविद्यालय के प्राचार्य रामचरित्र प्रसाद दांगी का चयन किया गया जबकि सचिव पद के लिए विकास कुमार कुशवाहा गोंदलपुरा, कोषाध्यक्ष पद के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू मेहता का चयन किया गया जबकि उपाध्यक्ष सत्यजीत विद्या अलंकार उपसचिव अवध किशोर कुमार उपकोषाध्यक्ष विनोद कुमार का चयन सर्व समिति से किया गया तथा संरक्षक के रूप में शशि कुमार मेहता, अरविंद कुमार ,भोला प्रसाद दांगी, विनोद प्रसाद दांगी को बनाया गया और संयोजक जयशंकर प्रसाद मेहता दर्शन महतो, बीगल किशोर मेहता, संजय कुमार एवं नरसिंह प्रसाद मेहता का चयन किया गया मनोरंजन मंत्री के रूप में डॉक्टर धनेश्वर प्रसाद, सहेश कुमार, सोहन मेहता जबकि पूजा प्रभारी विशेश्वर महतो ,बोधन महतो, रामचंद्र महतो बनाया गया महाशिवरात्रि पूजा के बैठक में बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति करणपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता तथा बड़कागांव के विभिन्न गांव से सैकडो.ग्रामीण पहुंचे और एक स्वर में सभी ने यह तय किया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए इसी को देखते हुए कानपुर से विशेष शिव बारात के लिए विशेष झांकी मंगाया जा रहा है यह शिव बारात राम जानकी मंदिर बड़कागांव से थाना रोड होते हुए सिरमा छावनिया होते हुए बाजा गाजा के साथ बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचेगी तथा 2:00 दिन से मंदिर प्रांगण में कानपुर के टीम के द्वारा विशेष भक्ति जागरण झांकी के साथ प्रदर्शित किया जाएगा पूजा अध्यक्ष रामचरित्र प्रसाद दांगी ने कहा कि इस वर्ष प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर में भक्तिमय वातावरण में पूजा संपन्न कराया जाएगा।

### बड़कागांव में हो रहा नो एंट्री का उल्लंघन



**बड़कागांव :** इन दिनों बड़कागांव में नो एंट्री का उल्लंघन होता नजर आ रहा है जहां बड़कागांव दैनिक बाजार होकर एक साथ दर्जन भर भारी भरकम डंफर ट्रक वाहन एक साथ जिससे बाजार के आसपास घंटो जाम का माहौल देखने को मिल रहा है इसी दौरान शुक्रवार के शाम एक साथ करीब 6 डंफर ट्रक गुजर रही थी जिसने बाजार के समीप खड़ी दो मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई इसके बाद मोटरसाइकिल मलिक ट्रक ड्राइवर के साथ तू तो मैं करने लगे जिस कारण लगभग आधे घंटे तक सड़क जाम में तब्दील हो गया। सब्जी मार्केट या मंडी के भीड़भाड़ वाले इलाकों से इन भारी ट्रको जैसे भारी वाहनों का गुजरना काफी खतरनाक और चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती जा रही है। इससे सब्जी विक्रेता, व्यापारियों, राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, और जाम की समस्या भी उत्पन्न होती जा रही है। वही ग्रामीणों ने बड़का गांव पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि भारी वाहनों के लिए प्रवेश का समय निश्चित करना चाहिए जैसे सुबह या देर रात के समय पर ही बड़ी वाहन गुजरा चाहिए अन्यथा उन पर कार्यवाही करनी चाहिए।

### पीएम श्री उच्च विद्यालय शिवाडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति का बैठक संपन्न



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत अंतर्गत पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवाडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक एसएमसी अध्यक्ष शंभू सोनी की अध्यक्षता में किया गया।संचालन मुकेश कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापक सह सचिव के द्वारा किया गया।बैठक में मुख्य रूप से पीएम श्री योजन वित्तीय वर्ष –2025–26 पर कुल 41 गतिविधियों पर विशेष रूप से विचार –विमर्श एवं प्राथमिकता के साथ समय अवधि के अंदर कार्य पूर्ण करने के विषय में निर्णय लिया गया। साथ विद्यालय सुचारू संचालन एवं विद्यालय अन्य विद्यालयों के लिए रोल मॉडल कैसे बनाया जाए से संबंधित चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मुकेश कुमार राम, पूजा देवी, धानो कुमारी, बेबी देवी,तेतरी देवी, मीना कुमारी, खुशबू कुमारी, लोकनाथ राणा, धनंजय प्रसाद धीरज सहित कई लोग उपस्थित थे उपस्थिति हुए।

### दिव्यांग प्रवीण को मिली ट्राइसाइकिल, चेहरे पर लौटी मुस्कान



**बरही :** बरही प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को डपोक पंचायत के खुर्दजवाड़ निवासी दिव्यांग प्रवीण कुमार पिता सीताराम राम को ट्राइ साइकिल प्रदान की गयी। बीडीओ जयपाल महतो ने उन्हें ट्राइ साइकिल सौंपते हुए कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। ट्राई साइकिल मिलने से प्रवीण कुमार को अब दैनिक कार्यों में काफी सहूलियत होगी और वे स्वतंत्र रूप से आवागमन कर सकेंगे। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस प्रकार की सहायता से दिव्यांगजनों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने जीवन को बेहतर ढंग से जी पाते है। ट्राई साइकिल मिलने पर प्रवीण कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए प्रशासन और सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए बहुत बड़ी राहत है। मौके पर कई अन्य लोग मौजूद थे।

# राज्य सरकार किसानों को सफल और समृद्ध बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रातू प्रखंड के तिगरा में आयोजित जिला स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी/कार्यशाला 2026 का उद्घाटन राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस अवसर पर मंत्री ने कृषि मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया और किसानों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। कृषि मेले में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पंचायत स्तर पर जिला स्तरीय कृषि मेला आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण किसानों को सरकार की विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सफल और समृद्ध बनाने के लिए हर स्तर पर योजनाएं चला रही है, चाहे वह खेती-बाड़ी, पशुपालन, मत्स्य पालन या सहकारिता के माध्यम से कृषि कार्य करने वाले किसानों से जुड़ी योजनाएं हों।




### सरकार किसानों के साथ खड़ी

मंत्री ने बताया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को 50 से 90 प्रतिशत तक की सब्सिडी के साथ विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार कदम-कदम पर किसानों के साथ खड़ी है, ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। अपने संबोधन में मंत्री ने ग्रामीण इलाकों में तेजी से हो रही जमीन की बिक्री पर चिंता जताते हुए कहा कि अपनी जमीन और गांव की जमीन को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है, क्योंकि यही हमारी पहचान है। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को लेकर जागरूक रहने और सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की।

### परसंपत्तियों का हुआ वितरण

इस अवसर पर परिसंपत्ति वितरण के तहत ट्रैक्टर, बाइक विद आइस बॉक्स, किसान क्रेडिट कार्ड, संरक्षित फूलों की खेती, गाय वितरण तथा मिलेट मिशन के लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।
कृषि मेला में सचिव अबू बक्कर सिद्दीकी, जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, संगीता तिर्की, रियाजुल, कुशल उरांव, सुखदेव उरांव, सविता तिर्की, रंजीत पाहन, अनिल उरांव सहित जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## एक नजर

### होली पर रांची से तीन स्पेशल ट्रेनें और टाटानगर से चलेंगी दो ट्रेनें

**रांची :** होली इस बार 4 मार्च को मनाई जाएगी। त्योहार के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भारतीय रेलवे ने रांची से तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। रांची रेल मंडल से चलने वाली तीन स्पेशल ट्रेनों में रांची-गोरखपुर-रांची, रांची-अजमेर-रांची और रांची-जयनगर-रांची शामिल हैं। इसके अलावा, टाटानगर रेल मंडल से दो स्पेशल ट्रेनें टाटानगर-किशनगंज-टाटानगर और टाटानगर-बक्सर-टाटानगर चलाई जाएंगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यदि त्योहार के दिनों में यात्रियों की संख्या और बढ़ती है तो अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों के परिचालन पर भी विचार किया जाएगा। रांची और टाटानगर से स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से झारखंड के साथ-साथ बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, होली के समय बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर, छात्र और नौकरीपेशा लोग अपने गृह नगरों की ओर लौटते हैं, जिससे सामान्य ट्रेनों में भीड़ बहुत बढ़ जाती है।रेल प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है और आवश्यकता पड़ने पर और अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

### बिल्डर ने अपार्टमेंट से कूदकर दी जान जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** रांची के जाने-माने बिल्डर और मेन रोड स्थित जेडी हाई स्ट्रीट मॉल के मैनेजिंग डायरेक्टर 45 वर्षीय अनुराग सरावगी ने गुरुवार देर रात ब्लेयर अपार्टमेंट के अपने आवास की छठी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय वह फ्लैट में अकेले थे, जबकि उनकी पत्नी और दोनों बच्चे तमिलनाडु में रिश्तेदारों से मिलने गए हुए थे। देर रात तक पुलिस को कारणों का पता नहीं चला, लेकिन प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी देते हुए अपार्टमेंट के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि गुरुवार की रात सभी सोने चले गए थे तभी किसी के बहुत ऊपर से गिरने की आवाज आई, दौड़ कर जाने पर अनुराग सर का शव जमीन पर मिला, जहां उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। उनका मोबाइल फोन पूरी तरह चकनाचूर हो गया था, जिसे फॉरेंसिक टीम ने जब्त कर लिया है। अपार्टमेंट के पहले फ्लोर पर उनके वृद्ध माता-पिता मौजूद थे, जबकि दूसरे फ्लोर पर उनका एक और फ्लैट अंदर से बंद मिला। पुलिस को दिए बयान में घर की नौकरानी ने बताया कि अनुराग जब घर लौटे तो फोन पर किसी से जोर-जोर से बात कर रहे थे । नौकरानी ने कहा, साहब फोन पर किसी से बहस कर रहे थे। फिर अचानक बाहर चले गए। फिर अचानक उनके बालकनी से गिरने की आवाज आई। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि प्रथम द्दष्टया यह खुदकुशी का मामला लगता है, लेकिन सभी पहलुओं की गहन जांच चल रही है। शुरूआती जांच में मामला खुदकुशी का है। इसके बावजूद पुलिस सभी वैज्ञानिक जांच करवा रही है। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि घटना के समय अनुराग के बुजुर्ग मां-बाप अपार्टमेंट के पहले फ्लोर पर ही मौजूद थे। जबकि पत्नी और उनके बच्चे किसी काम से तमिलनाडु गए हुए हैं। परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई है।

## झारखंड से अप्रैल माह में 1,570 हज यात्री जाएंगे मक्का

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आजमीन-ए-हज 2026 की यात्रा 25 मई से शुरू हो रही है। झारखंड से 1,570 हज यात्रियों का जत्था 18 अप्रैल से पवित्र यात्रा पर रवाना होंगे। इन यात्रियों की चिकित्सीय जांच की प्रक्रिया सात फरवरी तक पूरी की जाएगी, जबकि आठ फरवरी से उनका टीकाकरण प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह झारखंड राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष डॉ। इरफान अंसारी ने गुरुवार को सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में हज यात्रियों की मेडिकल जांच एवं टीकाकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।
मंत्री ने सभी सिविल सर्जनों को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जाए, ताकि सरकारी अस्पतालों में हज यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हज यात्रा की प्रक्रिया समयबद्ध और अत्यंत संवेदनशील होती है, ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के सभी स्तरों पर बेहतर समन्वय आवश्यक है।
उन्होंने निर्देश दिया कि शीघ्र ही सभी सिविल सर्जनों की बैठक आयोजित कर स्पष्ट गाइडलाइन जारी की जाए, जिससे चिकित्सीय जांच और टीकाकरण की प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हज पर जाने वाले सभी हाजियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हज यात्रियों को किसी भी स्तर पर अव्यवस्था या परेशानी न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यक चिकित्सीय जांच पूरी होने के बाद ही टीकाकरण एवं वीजा प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

## डायन-बिसाही के शक में महिला की गोली मारकर हुई थी हत्या, छह गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** तमाड़ थाना क्षेत्र में हुई एक महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। जिसे शुरू में आग से जलकर हुई दुर्घटना माना जा रहा था, वह दरअसल सोची-समझी साजिश के तहत की गई सुपारी किलिंग निकली। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस ने इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता देवर समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि बीते एक फरवरी को तमाड़ के तालाडीह ग्राम में एतवारी कुमारी नामक महिला का शव उसके घर के चूल्हे में जला हुआ पाया गया था।
प्रथम द्दष्टया इसे चूल्हे की आग से हुई मृत्यु माना गया। लेकिन दो फरवरी को आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने पूरे मामले को पलट कर रख दिया। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि



महिला की मौत आग से नहीं, बल्कि सिर में गोली लगने से हुई है।
इस सनसनीखेज खुलासे के बाद एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग ठिकानों से 6 आरोपियों को धर पकड़ा। पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी सोनाराम लोहरा (मृतिका का देवर) ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसे शक था कि उसकी भाभी एतवारी कुमारी जादू-टोना जानती है। उसे विश्वास था कि भाभी ने ही उसके दो बच्चों को जादू-टोना करके मार डाला है। इसी प्रतिशोध में उसने अपनी भाभी को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।
भाभी की हत्या के लिए सोनाराम ने अपने साले अमित लोहरा की मदद ली। अमित ने बुण्डू निवासी शूटर विष्णु महतो से संपर्क किया और दो लाख रुपये में हत्या का सौदा तय हुआ। एक फरवरी की शाम को शूटर विष्णु महतो और उसका साथी बबलू महतो एतवारी

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** धार्मिक-आध्यात्मिक संस्था श्री महावीर सेवा संस्थान, सेक्टर तीन, धुर्वा द्वारा नवनिर्मित हनुमान मंदिर (टीओपी के निकट) के तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ।
इस अवसर पर प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय शामिल हुए। कलश यात्रा टीओपी स्थित मंदिर परिसर से शालीमार तालाब होते हुए पुनः वापस मंदिर परिसर पहुंची।
विदित हो कि श्री महावीर सेवा संस्थान द्वारा हनुमान मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया है। तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे मंदिर की आकर्षक साज-सज्जा की गई है। जयपुर के



कारीगरों द्वारा निर्मित श्री राम दरबार (परिवार) की मूर्तियां, शंकर-पार्वती व श्री गणेश जी, शिव परिवार की मूर्तियां, शिवलिंग व बजरंगबली की मूर्ति मंदिर में स्थापित की जाएगी। मूर्तियों की कलाकारी आकर्षण का केंद्र बनी है। तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का समापन आठ फरवरी रविवार को होगा।
इस अवसर पर समाजसेवी सुनील कुमार सहाय, दीपक प्रसाद, पूर्व पार्षद सुचिता रानी राय, किरण देवी, मेयर पद की प्रत्याशी रोशनी खलको, प्रभात कुमार राजन, राजकिशोर प्रसाद'बाबू', संतोष सिंह, गुड्डू चौबे, पप्पू पाठक, सरल सिंह, अरुण मिश्रा 'पप्पू', देवाशीष दत्ता, भोला, संजीत, संसार, नवयुवक संघ, सेक्टर तीन के सदस्यगण सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के जन आरोग्य केन्द्र द्वारा शुक्रवार को रांची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धा आश्रम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 76 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान विशेष रूप से हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन सहित अन्य सामान्य एवं गंभीर बीमारियों की जांच की गई। जांच के उपरांत सभी लाभार्थियों को आवश्यक निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर के सफल आयोजन में डॉ. प्रीति तिग्गा (सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज), डॉ. अनिता होरो, डॉ. आशिमा तिग्गा, डॉ. शिखा, डॉ. स्वाति, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. मेघा, श्री मुन्ना कुमार सिंह, श्री कमलेश पंडित एवं समस्त पैरामेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। स्थानीय लोगों एवं आश्रम प्रबंधन ने सीसीएल की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# धार्मिक संस्था या गुरु का अनुयायी होना तलाक का आधार नहीं : हाई कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हाई कोर्ट ने पति-पत्नी के तलाक मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि किसी धार्मिक संस्था, गुरु या सत्संग का अनुयायी होना तलाक का आधार नहीं हो सकता, जब तक यह साबित न हो कि इससे वैवाहिक जीवन पर गंभीर और प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।
कोर्ट ने पति द्वारा लगाए गए मानसिक क्रूरता के आरोपों को प्रमाणित न मानते हुए उसकी तलाक की अपील खारिज कर दी। हाई कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को सही ठहराया।
यह मामला राकेश कुमार सिंह (बदला हुआ नाम) बनाम सरीता




देवी (बदला हुआ नाम) से संबंधित है, जिसमें पति ने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील दायर की थी। पति ने पत्नी पर लगाए कई आरोप पति का आरोप था कि शादी के बाद पत्नी ने केवल दो दिन ससुराल में रहकर वैवाहिक संबंध स्थापित नहीं होने दिए। पति का कहना था कि पत्नी ने दावा किया कि वह देवघर के सत्संग संगठन की अनुयायी है और विवाह संबंध स्थापित करने के लिए उसे वहां से अनुमति लेनी होगी। पति ने यह भी आरोप लगाया कि शादी के तुरंत बाद पत्नी ने मायके में रहना शुरू कर दिया। उसने उस पर सत्संग में दीक्षा लेने का भी दबाव बनाया। आरोप लगाया कि पत्नी ने माता-पिता से अलग रहने की मांग की और वैवाहिक दायित्वों का पालन नहीं किया।

### पत्नी ने आरोपों को झूठा बताया

वहीं पत्नी ने पति द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को झूठा बताया। उसने कहा कि विवाह के शुरूआती दिनों में संबंध स्थापित हुए थे। वह किसी सत्संग की अनुयायी नहीं है। वह हमेशा पति के साथ रहने को तैयार रही। पति और उसके परिवार ने ही उसे वापस आने नहीं दिया।

### कोर्ट ने कहा-पति द्वारा लगाए गए आरोप प्रमाणित नहीं हो सके

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पति द्वारा लगाए गए मानसिक क्रूरता के आरोप प्रमाणित नहीं हो सके। कोर्ट ने यह भी माना कि पत्नी ने वैवाहिक जीवन बचाने का प्रयास किया था, लेकिन पति पक्ष ने उसे साथ रखने से इनकार किया। ऐसे में तलाक का कोई वैध आधार नहीं बनता। इसके बाद कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के निर्णय को बरकरार रखते हुए पति की तलाक याचिका को खारिज कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड विस में बैंक ऑफ इंडिया ने वेतन खाता सुविधाओं पर दिया प्रेजेंटेशन



**रांची :** झारखंड विधानसभा परिसर के सेंट्रल हॉल में झारखंड सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच हाल ही में हुए समझौता ज्ञापन को लेकर कार्यक्रम का आयोजित किया गया।कार्यक्रम में दौरान राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों एवं कार्यालयों के कर्मचारियों को वेतन खाते से जुड़ी विशेष बैंकिंग सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैंक अधिकारियों ने आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ दुर्घटना बीमा, टर्म इंश्योरेंस, चिकित्सा बीमा एवं अन्य वित्तीय सुरक्षा योजनाओं की जानकारी साझा की, जिससे कर्मचारियों को समग्र एवं सुरक्षित वित्तीय संरक्षण मिल सके। प्रेजेंटेशन के दौरान झारखंड विधानसभा के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दी जा रही सुविधाओं में गहरी रुचि दिखाई और विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, विधायक रामचंद्र सिंह तथा प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा रंजीत कुमार उपस्थित रहे। बैंक ऑफ इंडिया की ओर से कार्यक्रम का नेतृत्व अजय कुमार पाण्डेय, सहायक महाप्रबंधक, एफजीएमओ, रांची एवं बनिता मोहापात्रा, उप अंचल प्रबंधक, रांची अंचल ने किया।

### खलारी में डकरा कांटा घर के पास टीपीसी उग्रवादियों ने की फायरिंग

**रांची :** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा कांटा घर (वे-ब्रिज) के समीप शुक्रवार की सुबह टीपीसी उग्रवादियों ने कई राउंड हवाई फायरिंग की है। इस घटना के बाद कोयला व्यवसाय से जुड़े कामकाज पूरी तरह ठप हो गए हैं और पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह लोग अपने दैनिक कार्यों और कोयला लोडिंग के काम में जुटे थे। तभी टाटीझरिया पुलिस कैंप से कुछ ही दूरी पर स्थित डकरा कांटा घर के पास उग्रवादियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से कई राउंड हवाई फायरिंग की। घटना को अंजाम देने के बाद उग्रवादी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी गई है।

### सिल्ली विधायक ने कई विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो की उपस्थिति में जानकी देवी ने सिल्ली कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में छह भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास, समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत ब्राम्हणी के उपरटोला में सिमती देवी के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास, सिल्ली में आर्चरी बालक छात्रावास में 25 बेड निर्माण कार्य का शिलान्यास शशिबाला देवी के द्वारा किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि छात्राओं को पठन-पाठन में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसको देखते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है। विद्यालय में छात्राओं का चयन में पारदर्शिता लाने की बातों को भी कहा ताकि जरूरतमंद छात्राओं का नामांकन हो सके। आगे कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार विकास की गति को तेज करने के लिए द्दढ़संकल्पित है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने संवेदक को पूरी पारदर्शिता के साथ काम करने का दिशा-निर्देश दिया और लोगों को कार्य में सहयोग करने का भी अपील किया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) लक्ष्मी कुमारी, सिल्ली मुखिया भरत मुंडा, अखिलेश कुमार, डॉ अखिल महतो,समीर ठाकुर, चंद्रिका कुमारी, राकेश कुमार, परमेश्वर कुमार, बाबुल चौधरी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### तुलीन में शिवरतन प्रसाद गुप्ता का भव्य स्वागत रांची में होगा अखिल भारतीय शौंडिक महासम्मेलन



**रांची :** अखिल भारतीय सुंडी शौंडिक समाज के संयोजक बीरेंद्र साहु ने जानकारी दी कि शुक्रवार, 6 फरवरी को छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन के संयोजक शिवरतन प्रसाद गुप्ता अपनी अर्धांगिनी एवं महिला नेत्री सीमा गुप्ता के साथ पश्चिम बंगाल दौरे से लौटे। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सुंडी संघ के बैनर तले तुलीन में पूर्वाह्न 11 बजे गाजे-बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। पश्चिम बंगाल सुंडी संघ के अध्यक्ष बाबुल साहू ने बुके भेंट कर तथा संस्थापक संयोजक कृष्णा मुरारी साहु ने शॉल ओढ़ाकर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। महिला नेत्री सीमा गुप्ता का स्वागत उप प्रमुख शिला साहु ने अपने महिला साथियों के साथ माला, बुके एवं शॉल भेंट कर किया। इस अवसर पर शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने उपस्थित सुंडी शौंडिक समाज के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भावुक होकर समाज के प्रति अपनत्व और एकजुटता का संदेश दिया। सिल्ली शौंडिक जागरण मंच के अध्यक्ष राधेश्याम साहु ने भी संगठन की ओर से बुके एवं शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में मुकेश साहु, सरोज साहु, राजेश मंडल, रतन गुप्ता, अमित साहु, राजेश साहु, सुमन साहु, धीरज साहु, मिथुन साहु, गणेश साहु सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। महिला प्रतिनिधियों में वीणा देवी, सावित्री देवी, सुचिता साहु, उर्मिला साहु, पूनम साहु, प्रिया साहु और लवली साहु शामिल रहीं। सिल्ली शौंडिक जागरण मंच कार्यालय से राधेश्याम साहु, सुधीर साहु, गणेश साहु, संजय भगत, संजय साहु एवं रूपक साहु सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2026 में राँची में अखिल भारतीय शौंडिक महासम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि वरीय समाजसेवी एवं पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहु के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों के संगठनों को एक मंच पर लाकर संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने सभी सम्मानित साथियों से अपील की कि अभी से इस महासम्मेलन की तैयारी में सक्रिय रूप से जुट जाएं, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर समाज की एकता और सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई जा सके।

## एक नजर

### सतगावां प्रखंड के कोटियार मे बड़ी घटना



**सतगावां:** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित कोटियार पंचायत अंतर्गत एक बड़ी घटना सामने आई है। पचाने जाने वाली मुख्य सड़क पर हदहदवा गांव के समीप नदी के पास एक मोटरसाइकिल धू-धू कर जल गई। इस हादसे में न केवल वाहन पूरी तरह नष्ट हो गया,बल्कि चालक का मोबाइल फोन भी जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल वाहन संख्याJH 12F 3115 लालू यादव उम्र 23 वर्ष के नाम पर निबंधित है। नेरोताड़ निवासी ननका भूला,जो सपही में काम करता है,लालू यादव से मोटरसाइकिल मांगकर अपने घर गया था बताया जा रहा है कि बीती रात जब ननका भूला अपने घर से वापस लौट रहा था, तभी हदहदवा गांव के समीप मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है,लेकिन वाहन और उसमें रखा मोबाइल पूरी तरह जल गया।वहीं सुबह जब स्थानीय ग्रामीण सड़क से गुजरे,तो बीच सड़क पर जली हुई मोटरसाइकिल को देख हड़कंप मच गया। शुरूआत में यह मामला संदिग्ध लग रहा था, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना आसपास के क्षेत्रों में फैला दी कि एक अज्ञात वाहन जला हुआ पड़ा है।

### सड़क के किनारे रखे डिवाइडर पिलर से जायलो कार टकराई चार सवारी घायल



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के पंचमाधव में शुक्रवार सुबह एक जाइलो कार संख्या खल्0013ए- 7749 पलट गई। ग्रामीणों ने पलटने की आवाज सुनकर आए और कार में फंसे सभी चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाले। कार पर सवार लोगों ने बताया कि हम लोग सासाराम बिहार से एक शादी समारोह में देवघर जा रहे थे । इसी क्रम में यह हादसा हुई। रोड के किनारे साइड में रखें साइड डिवाइडर के रूप में पिलर से गाड़ी टकराई और गाड़ी पलट गई, जिससे गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हुई और गाड़ी पर सवार चार लोगों में दो लोगों को चोट लगने से घायल हो गए। गाड़ी पलटने के कुछ ही देर बाद इनके साथ और भी शादी समारोह में जा रहे लोगों ने अपनी गाड़ी से वहां पहुंचे और दोनों घायलों को निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए साथ ले गए।

# आईआईटी धनबाद ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है : संतोष कुमार गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धनबाद में "स्मार्ट माइनिंग, क्रिटिकल मिनरल्स और ग्रीन एनर्जी: आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकता" विषय पर आयोजित इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट इंटरैक्शन कॉन्क्लेव एवं प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आईआईटी, धनबाद की शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित यह कॉन्क्लेव ज्ञान, शोध और उद्योग के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विज्ञान भारती, सीएसआईआर-सिम्फर तथा टेक्समिन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम को इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट समन्वय की एक सशक्त पहल बताया। राज्यपाल महोदय ने कहा कि आईआईटी, धनबाद ने लगभग एक शताब्दी से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खनन, भू-विज्ञान और ऊर्जा के क्षेत्र में इस संस्थान का योगदान देश के औद्योगिक विकास की आधारशिला रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, विज्ञान, उद्योग और नीति-निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों का एक मंच पर एकत्रित होना अत्यंत सार्थक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्मार्ट माइनिंग और क्रिटिकल मिनरल्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। झारखंड जैसे खनिज संपदा से समृद्ध राज्य के लिए यह विषय विशेष रूप से प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों को आधुनिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय समुदायों के हितों के साथ संतुलित रूप से आगे बढ़ें, ताकि विकास टिकाऊ, संतुलित और समावेशी हो। माननीय राज्यपाल ने कहा कि झारखंड में उपलब्ध कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट सहित अन्य खनिज संसाधन देश की ऊर्जा सुरक्षा, आधारभूत संरचना और विनिर्माण क्षेत्र को सुदृढ़ आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत@2047' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों और युवाओं की भूमिका 'विकसित भारत' के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आईआईटी जैसे संस्थान नवाचार और शोध के प्रमुख केंद्र हैं, जहाँ से भविष्य की तकनीकों का विकास होगा। जब ज्ञान के साथ राष्ट्र निर्माण का भाव जुड़ता है, तब प्रतिभा देश के लिए सकारात्मक और सशक्त परिवर्तन का माध्यम बनती है। राज्यपाल महोदय ने आशा व्यक्त की कि इस कॉन्क्लेव से निकलने वाले सुझाव और संकल्प देश के औद्योगिक एवं ऊर्जा क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करेंगे।

## छह वर्षीय बच्ची की सुरक्षा मामले में पुलिस मुख्यालय सख्त, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** झारखंड पुलिस मुख्यालय, रांची ने कोडरमा जिले से जुड़े एक गंभीर मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह मामला ग्राम गुमो, पोस्ट-झुमरी तिलैया, जिलाझकोडरमा निवासी पप्पू कुमार साव द्वारा दायर आवेदन से संबंधित है, जिसमें उनकी छह वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी की सुरक्षा का अनुरोध किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त आवेदन व्हाट्सएप के माध्यम से पुलिस मुख्यालय में जन शिकायत के नोडल पदाधिकारी को प्राप्त हुआ था। आवेदन में बच्ची की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस मुख्यालय ने गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक को मामले में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पुलिस उपाधीक्षक, पीजी शाखा द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि मामले की जांच कर यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसकी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय, झारखंड को उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में आवेदक को भी उनके मोबाइल नंबर पर सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** कोडरमा के उपायुक्त ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत बनाए जा रहे आभा कार्ड की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उपायुक्त ने अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों से आभा कार्ड निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लाभुकों का आभा कार्ड समयबद्ध एवं सुचारू रूप से बनाया जाए, ताकि मरीजों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा लाभ मिल सके। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड मशीन को औपचारिक रूप से संचालित करने की प्रक्रिया की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जांच सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा मरीजों को समय पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उपायुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है और यहां आने वाले मरीजों को बेहतर, पारदर्शी एवं संवेदनशील सेवाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को साफ-सफाई, दवा उपलब्धता और मरीजों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हलचल देखी गई और स्वास्थ्यकर्मियों ने व्यवस्थाओं को और बेहतर करने का भरोसा दिलाया। मौके पर डॉ रंजीत कुमार अन्य अस्पताल कर्मी उपस्थित थे ।

## हजारीबाग-बरही मार्ग पर विक्षिप्त महिला से बढ़ा हादसे का खतरा, प्रशासन मौन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग-बरही मुख्य मार्ग पर पदमा प्रखंड के कदवा गांव के पास इन दिनों एक अज्ञात विक्षिप्त महिला की मौजूदगी आम लोगों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गई है। तेज रफ्तार वाहनों और खतरनाक घुमावदार मोड़ों के बीच महिला का यूं सड़क पर भटकना किसी भी वक्त बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। स्थानीय वाहन चालकों के अनुसार, महिला अचानक सड़क के बीचों-बीच आ जाती है, जिससे तेज गति से आ रहे वाहनों को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। खासकर रात के समय और सुबह के कोहरे में हालात और भी डरावने हो जाते हैं। कई बार महिला को बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर पलटने या आमने-सामने की टक्कर की स्थिति बन जाती है।

**पहचान रहस्य बनी**

ग्रामीणों और राहगीरों ने और महिला से भी से नाम-पता जानने की कोशिश की, लेकिन वह कुछ भी स्पष्ट बताने में असमर्थ है। उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं लगती। वह घंटों सड़क किनारे या डिवाइडर के बीच बैठी रहती है, जो स्वयं उसके जीवन के लिए बड़ा खतरा है।

**प्रशासन पर उठे सवाल**

व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस तरह की गंभीर स्थिति होने के बावजूद अब तक न पुलिस विभाग और न ही समाज कल्याण विभाग की ओर से कोई ठोस पहल की गई है। इससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है – "क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है क्या एक बेसहारा महिला की जान की कोई कीमत नहीं

**रेस्क्यू और पुनर्वास की मांग**

क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि: महिला को तुरंत सुरक्षित स्थान पर रेस्क्यू किया जाए, उसे किसी आश्रय गृह या मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा जाए, हाईवे पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से लोगों की जान बचाई जा सके।

## कुजू नया मोड़ पर सड़क हादसा, गलत दिशा से आ रहे ट्रक से कार की टक्कर







प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू :** फॉरेस्ट ऑफिस नया मोड़ के समीप एक सड़क दुर्घटना उस समय घटी, जब गलत दिशा से आ रहे 16 चक्का एलपी ट्रक और एक कार के बीच सीधी टक्कर हो गई। हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि कार को काफी नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 चक्का एलपी ट्रक (वाहन संख्या OD34W-5265) गलत दिशा में चल रहा था। इसी दौरान कुजू से रामगढ़ की ओर जा रही ग्रांड.10 ह्युंडई कार (वाहन संख्या JH01FF-2078) उससे टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से वाहनों को सड़क किनारे हटाया गया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि नया मोड़ क्षेत्र में भारी वाहनों का गलत दिशा में परिचालन अक्सर देखने को मिलता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से इस स्थान पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो भविष्य में भी ऐसे हादसे हो सकते हैं।

## डीएवी में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी की पुण्यतिथि




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** 6 फरवरी को डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया, कोडरमा में विद्यालय की प्रातःकालीन सभा के दौरान महान शिक्षाविद, डीएवी आंदोलन के सशक्त पुरोधा, आर्य समाज के अनुयायी एवं डीएवी संस्था के कर्णधार महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वैदिक परंपरा के अनुसार हवन का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने महात्मा जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा सातवीं की आरोही ने अंग्रेजी में तथा शांभवी ने हिंदी में ग्रोवर जी के त्याग, समर्पण एवं डीएवी संस्था के प्रति उनके अमूल्य योगदानों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कक्षा सातवीं की श्वेता ने हिंदी में तथा कक्षा छठी की आरोही ने अंग्रेजी में सुंदर कविता पाठ किया। कक्षा सातवीं की प्रत्युषा ने महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी की जीवनी एवं उपलब्धियों पर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के माध्यम से रोचक और नवीन जानकारियाँ साझा कीं।

# मरकच्चो में होटल से बाल श्रमिक का रेस्क्यू, विशेष अभियान के तहत कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा 26 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक बाल श्रमिकों की खोज बचाव एवं उनके पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आज मरकच्चो प्रखंड के दरदाही चौक पर एक होटल में काम कर रहे एक बाल श्रमिक का रेस्क्यू किया गया। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान पूरे कोडरमा जिले में इस विशेष अभियान के तहत वैसे बच्चे जो बाल श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे है उनके खोज बीन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि बाल श्रमिकों को मुक्त कराया जा सके। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ताकि कोई भी बाल श्रमिक के रूप में शोषित नहीं हो सके। कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को मरकच्चो प्रखंड के दरदाही चौक पर स्थित एक होटल में एक बाल श्रमिक के कार्य करने की सूचना प्राप्त हुई। सुचना मिलते ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए श्रम विभाग के अधिकारियो, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं एन जी ओं के लोगो के साथ मरकच्चो प्रखंड के दरदाही में अवस्थित होटल में उक्त बच्चे के रेस्क्यू के लिए छापामारी करवाया गया तथा उसकी गहन जांच पड़ताल की गई। जांच पड़ताल के दौरान यह पता चला कि उक्त बच्चा अपने रिश्तेदार के यहाँ एक पूजा में भाग लेने के लिए आया था। उचित जाँच पड़ताल एवं छानबीन के पश्चात उसके अभिभावक को चेतावनी देकर उस बच्चे को छोड़ दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर पंचायत नामांकन वापसी के अंतिम दिन अव्यवस्था, गेट पर रोके गए प्रत्याशी




**डोमचांच :** प्रखंड मुख्यालय में नामांकन वापसी के अंतिम दिन शुक्रवार को 12 बजे सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखने को मिले। मुख्यालय के समीप भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। नामांकन वापसी के लिए पहुंचे प्रत्याशियों को मुख्य द्वार पर ही रोक दिया गया, जिससे वे अंदर प्रवेश नहीं कर सके। प्रत्याशियों का कहना है कि वे सुबह से गेट पर मौजूद हैं, लेकिन अब तक किसी को भी नामांकन वापसी की प्रक्रिया के लिए अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई है। गेट बंद रहने के कारण प्रत्याशी असमंजस की स्थिति में हैं। वहीं, पदाधिकारी इस पूरे मामले पर कुछ भी कहने से बचते नजर आए। निर्वाचन आयोग द्वारा नामांकन वापसी की अंतिम समय-सीमा दोपहर तीन बजे तक निर्धारित है। ऐसे में शेष समय में गेट खोले जाने को लेकर संशय बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि निर्धारित समय के भीतर प्रत्याशियों को अंदर प्रवेश मिल पाता है या यह मामला आगे और तूल पकड़ता है।

### जयनगर प्रखंड के मॉडल महिला हितैषी ग्राम पंचायत तमाय में राज्य स्तरीय टीम का पंचायत भ्रमण



**जयनगर :** प्रखंड अंतर्गत मॉडल महिला हितैषी ग्राम पंचायत तमाय में राज्य स्तरीय टीम द्वारा पंचायत भ्रमण किया गया। इस दौरान पंचायत सचिवालय में विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रविष्ट डाटा की पुष्टि एवं सत्यापन का कार्य किया गया। राज्य स्तरीय टीम द्वारा ई-पंचायत पोर्टल, सीएससी एवं अन्य विभागीय अभिलेखों की गहन समीक्षा की गई तथा पंचायत स्तर पर उपलब्ध सेवाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया गया। टीम ने पंचायत द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक ई-पंचायत, जिला प्रबंधक उरउ, प्रखंड समन्वयक, JSLPS दीदी, सहिया, आंगनवाड़ी सेविका, पंचायत VLEs, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया एवं वार्ड सदस्य सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत स्तर पर पारदर्शिता, सुदृढ़ डाटा प्रबंधन एवं महिला हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

### मरकच्चो में राम दरबार व शिव दरबार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न, भक्तिमय माहौल



**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना के पड़रिया गांव में राम दरबार एवं पपलो गांव में शिव दरबार की प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक विधि विधान एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शुक्रवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। आचार्य एवं विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारन के बीच विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यज्ञ, हवन एवं आरती के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान तथा भगवान शिव पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य क्षेत्र में शांति सद्भाव एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे सभी ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए इस क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया।

### केतुंगाधाम मंदिर परिसर में मानव धर्म रक्षक संघ का गठन



**बानो:** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध केतुंगाधाम मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सामाजिक हितों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मानव धर्म रक्षक संघ नामक एक नई समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस गठन प्रक्रिया में केतुंगाधाम न्यास समिति के सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित थे। नवगठित मानव धर्म रक्षक संघ का प्रमुख उद्देश्य केतुंगाधाम न्यास समिति के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित करते हुए मंदिर की गरिमा, धार्मिक परंपराओं एवं सामाजिक मूल्यों की रक्षा करना है। यह संघ न्यास समिति द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए उनके कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने में सहयोग करेगा। मानव धर्म रक्षक संघ (केतुंगाधाम) के अध्यक्ष सुबास साहु,उपाध्यक्ष अरविंद साहु,फिरू बड़ाईक,अंकित साहु,महासचिव कर्मवीर साहु,सचिव रामेश्वर सिंह,जतरू अहीर,कोषाध्यक्ष राजेंद्र बड़ाईक,संरक्षक मनोज गोस्वामी,सदस्य अयोध्या सोनार,कृष्णा सिंह,केशव चंद्र पाणीग्राही व केदार नाथ सिंह बनाए गए।

### एनएमएल पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा विद्यार्थियों के बीच सोलर लैंप का किया गया वितरण



**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा एनटीपीसी के सौजन्य से शुक्रवार को मिडिल स्कूल, बड़कागाँव के विद्यार्थियों को सोलर लैम्प वितरित किया गया। यह पहल विद्यार्थियों को पढ़ने में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। सोलर लैम्प की सहायता से विद्यार्थियों को अब बिजली की अनुपलब्धता की स्थिति में भी निर्बाध रूप से अध्ययन करने में सुविधा होगी, जिससे उनकी तैयारी और बेहतर हो सकेगी इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक ने इस सराहनीय पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्रयास विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### ब्लैकबेरी के पास बाइक दुर्घटना, परीक्षार्थी की मौत, दो घायल



**बड़कागांव** : तलसवार निवासी 18 वर्षीय ऋषि कुमार पिता भोला राणा का शुक्रवार को बड़कागांव रोड ब्लैकबेरी के पास मोटरसाइकिल से गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया । इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई। घटना में दो लोग घायल बताए जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर तेज गति से एग्जाम देने बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय जा रहे थे। दुर्घटना में ऋषि कुमार का कई दांत टूटे,जीभ कटा तथा शरीर के कई हिस्सें में चोटे आई। जिसके बाद स्थानीय लोगों के प्रयास से बड़कागांव स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया, हजारीबाग जाने के क्रम में मौत हो गई। मौत की खबर से गांव में मातम पसर गया। ऋषि कुमार भोला राणा का द्वितीय पुत्र था जिनका गुजर जाने से घर वाले पर गहरा शोक पडा, स्थानीय व रिश्तेदार सैकडो की संख्या में पहुंचकर शोक व्यक्त किया। करणपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो में बताया कि हमारे यहां परीक्षा केंद्र में शुक्रवार को तीन लोग अनुपस्थित थे, शायद उन्हीं लोगों में कोई मरा है।

### गौरव कुमार ने नेट-जेआरएफ परीक्षा में पाई सफलता, कॉलेज में हर्ष



**बरही** : बरही रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के लिपिक गामा कपरदार के पुत्र गौरव कुमार ने यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा में वाणिज्य संकाय में बेहतर अंक प्राप्त करते हुए नेट परीक्षा क्वालीफाई कर सफलता प्राप्त की है। उन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर जेआरएफ कोटि में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कुल 300 अंक में 178 अंक प्राप्त किया और नेट क्वालीफाई किया। उनके इस सफलता से कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रभारी प्राचार्य अरुणा रानी ने कहा कि गौरव कुमार मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी मेहनत एवं लगन का ही परिणाम है कि इतनी बड़ी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। अब वह केवल साक्षात्कार के बेसिस पर व्याख्याता बन सकते हैं। गौरव ने न केवल कॉलेज की बल्कि अपने परिजनों, गुरुजनों एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके सफलता पर प्रभारी प्राचार्य अरुणा रानी, पूर्व प्राचार्य डॉ बिमल किशोर, अंजली कुसुम ओम, डॉ एसी बसु आदि ने बधाई दी है।

# किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार उसकी शिक्षा होती है : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को जिला रामरुद्र सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, चास, बोकारो में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना राज्य के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। जब विद्यालय के नाम में ही 'एक्सीलेंस' अर्थात उत्कृष्टता निहित है, तो विद्यार्थियों का लक्ष्य भी हर हाल में उत्कृष्टता प्राप्त करना होना चाहिए। राज्यपाल महोदय ने कहा कि विद्यार्थियों से केवल उनके अभिभावकों को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को बड़ी अपेक्षाएँ हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा समय के महत्व को समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सीखी गई छोटी-बड़ी आदतें—जैसे समय पर आना, नियमित अभ्यास करना और अनुशासन बनाए रखना, जीवन में आगे चलकर सफलता की आधारशिला बनती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सपने वे नहीं हैं जो नींद में देखते हैं, बल्कि सपने वे होते हैं जो उन्हें पूरा किए बिना सोने नहीं देते। उन्होंने कहा कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, आत्मविश्वास, परिश्रम और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने तथा अध्ययन और आत्म-विकास पर अधिक ध्यान देने की सलाह दी। राज्यपाल महोदय ने अपने संघर्षशील जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि जब वे दो वर्ष के भी नहीं थे, तभी उनके पिता जी का देहांत हो गया था। वे ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। आज जो भी हैं, इसमें उनके माता का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियाँ भी व्यक्ति को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकतीं, यदि उसके भीतर दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास हो। राज्यपाल महोदय ने संवाद के क्रम में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रेरित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया तथा कहा कि अनावश्यक रूप से अन्य दिशाओं में ध्यान भटकाना अपने साथ अन्याय करना है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार उसकी शिक्षा होती है। उन्होंने कहा कि राज्य में बारहवीं तक की शिक्षा की स्थिति अच्छी तो है, किन्तु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पीछे हैं। इसमें सुधार लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता के त्याग को स्मरण रखने तथा शिक्षकों का सम्मान करने का आग्रह किया। राज्यपाल महोदय ने संवाद के क्रम में विद्यार्थियों से कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो वे उन्हें पत्र लिखकर अवगत करा सकते हैं।

## गिद्दी ए कोलयरी चेक पोस्ट पर देर रात आगजनी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिद्दी** : गिद्दी थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र की गिद्दी ए कोलयरी परियोजना स्थित चेक पोस्ट पर आगजनी की गंभीर घटना सामने आई है। इस वारदात से पूरे कोलियरी इलाके में अफरा-तफरी और भय का माहौल बन गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 11:30 बजे की है, जब लगभग छह लोगों के समूह ने चेक पोस्ट को निशाना बनाया। बताया जाता है कि बदमाशों का दल चेक पोस्ट पर पहुंचा, जहां उस समय दो सुरक्षाकर्मी अंदर मौजूद थे। हमलावरों ने पहले चेक पोस्ट के मुख्य द्वार पर जोर-जोर से प्रहार किया। दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने ज्वलनशील पदार्थ को गैलन से शीशे लगी दीवार के सामने छिड़क कर आग लगा दी। आगजनी के बाद बाहर खड़े ट्रेको को भी क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि बदमाश चेक पोस्ट के भीतर भी घटना को अंजाम देना चाहते थे, लेकिन शोरगुल बढ़ने के कारण वे वहां से भाग निकले। इस पूरी घटना से क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों और कामगारों में दहशत फैल गई है। घटना की सूचना मिलने पर शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय रांची से सुरक्षा प्रमुख एपी चौहन, गिद्दी थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र हजाम, सीसीएल सुरक्षा पदाधिकारी दीपक कच्छप और अनूप डुंगडुंग मौके पर पहुंचे।

## उपनिषद् आधारित प्रवचन में स्वामी ने किया संसार और आत्मा के स्वरूप का गहन विवेचन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : रामगढ़ में पहली बार उपनिषद् आधारित विस्तृत विवेचना के क्रम में ब्रज गोपिका सेवा मिशन के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन आध्यात्मिक चिंतन की गहराई देखने को मिली। प्रवचन के दौरान स्वामी ने अपने सहज और प्रभावशाली अंदाज में संसार, जगत और आत्मा के स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रवचन की शुरूआत में संसार की व्याख्या करते हुए बताया गया कि निरंतर गति में रहने वाला ही संसार है और जो सरकता रहता है वही जगत कहलाता है। संसार दो स्तरों पर विद्यमान है—एक स्थूल संसार, जो बाहरी और भौतिक है, तथा दूसरा सूक्ष्म संसार, जो मन द्वारा निर्मित आंतरिक संसार है। स्वामी ने बताया कि समाज में दो विचारधाराएं प्रचलित हैं— भौतिकवाद और अध्यात्मवाद। मानव जीवन के लिए दोनों की आवश्यकता है, क्योंकि मनुष्य शरीर और आत्मा—दोनों का समन्वय है। शरीर की जरूरतें भौतिकता से पूरी होती हैं, जबकि आत्मा का पोषण अध्यात्म से होता है। केवल भौतिक दृष्टिकोण अपनाने से आत्मा की उपेक्षा होती है, जिसका परिणाम मानसिक असंतुलन, तनाव और निराशा के रूप में सामने आता है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म से दूरी के कारण आज समाज में मानसिक रोग और अवसाद बढ़ते जा रहे हैं, जबकि पहले ऐसा नहीं था। पूर्वजों का जीवन अध्यात्म से जुड़ा हुआ था, इसलिए मानसिक शांति अधिक थी। संसार के स्वरूप पर विभिन्न आचार्यों के मत का उल्लेख करते हुए बताया गया कि शंकराचार्य के अनुसार संसार मन की कल्पना है, जबकि रामानुजाचार्य, निम्बाकार्चार्य और माध्वाचार्य ने संसार को सत्य माना। वहीं कृपालु महाराज ने इन दोनों मतों का समन्वय करते हुए कहा कि बाहरी संसार सत्य है, क्योंकि वह पंचतत्वों से बना है, जबकि भीतर का संसार मन की रचना होने के कारण असत्य है। प्रवचन में यह भी कहा गया कि मनुष्य जिस असीम सुख की तलाश करता है, वह संसार में उपलब्ध नहीं है।

## कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में आदित्री कुमारी का शानदार प्रदर्शन, सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी का खिताब हासिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा** : सितोरियू कराटे की ग्रेडिंग परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आदित्री कुमारी को सर्वश्रेष्ठ कराटे खिलाड़ी घोषित किया गया। परीक्षा के उपरांत आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें ऑरेंज बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह ग्रेडिंग परीक्षा मार्शल आर्ट प्रशिक्षक कंचन दास की देखरेख में आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 45 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों में आदित्री कुमारी के अनुशासन, तकनीक और आत्मविश्वास को देखते हुए निर्णायकों ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी के रूप में चयनित किया। इस अवसर पर सिंहोन वी. थापा ने आदित्री को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षक कंचन दास ने जानकारी दी कि आदित्री कुमारी पटेल नगर की निवासी हैं। वह पवन क्रूस स्कूल में कक्षा सात की छात्रा हैं और नियमित रूप से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आदित्री की लगन और निरंतर अभ्यास ही उनकी सफलता का मुख्य कारण है। प्रशिक्षक ने यह भी कहा कि शारीरिक फिटनेस और मानसिक सशक्तिकरण के लिए लड़कियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण अवश्य लेना चाहिए। मार्शल आर्ट न केवल आत्मविश्वास बढ़ाता है, बल्कि जीवन में अनुशासन और साहस भी विकसित करता है। इस ग्रेडिंग शिविर को सफल बनाने में आस्था सिंह और अनमीता कुमारी का विशेष योगदान रहा, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हुआ। आदित्री कुमारी की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि उनके स्कूल और प्रशिक्षण केंद्र का भी नाम रोशन किया है। आदित्री कुमारी की इस सफलता से प्रेरित होकर अन्य छात्र-छात्राएं भी मार्शल आर्ट में रुचि दिखा रहे हैं। प्रशिक्षक कंचन दास ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में आदित्री कुमारी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश और राज्य का नाम रोशन करेंगी।

## गोला के डीवीसी चौक पर तेज रफ्तार वाहन का कहर, डिवाइडर से टकराई स्कॉर्पियो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गोला** : चारूपथ मार्ग पर स्थित डीवीसी चौक के समीप उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया, जब रांची की ओर से आ रही एक तेज गति की स्कॉर्पियो अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गई। घटना इतनी अप्रत्याशित थी कि चौक के आसपास मौजूद लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन काफी तेज रफ्तार में था और चालक ने चौक पर पहुंचते समय गति कम नहीं की। भीड़भाड़ वाले स्थान पर वाहन के अनियंत्रित होने से कुछ पलों के लिए दहशत फैल गई। सौभाग्यवश स्कॉर्पियो डिवाइडर पर जाकर रुक गई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। कुछ देर बाद जब स्थिति सामान्य हुई, तब स्थानीय लोग वाहन के पास पहुंचे। वाहन की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता था कि यदि वह डिवाइडर से नहीं टकराती, तो गंभीर हादसा हो सकता था। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि चौक-चौराहों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी तेज और लापरवाही से वाहन चलाए जा रहे हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़की सरिया नगर पंचायत में तीन ने लिया नाम वापस

**सरिया** : बड़की सरिया नगर पंचायत में शुक्रवार को नाम वापस लेने की तिथि शुक्रवार को तीन लोगों ने अपनी उम्मीदवारी वापस की। जिसमें अध्यक्ष पद के दो तथा वार्ड पार्षद के लिए एक ने अपनी उम्मीदवारी वापस की। निर्वाचित पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सुनीता देवी पति श्री रामपति प्रसाद एवं कौशल्या देवी अपना नाम वापस लिया है जिसकी पुष्टि कर दी गई है। वहीं सीओ सह निर्वाचि पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर 4 में यशोदा देवी ने अपना नाम वापस लिया है। बताते चलें कि अध्यक्ष पद के लिए कुल 19 लोगों की नाम की स्वीकृति गुरुवार को हुई थी लेकिन शुक्रवार को दो नाम वापस ले लिया इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए कुल 17 उम्मीदवार मैदान में हैं। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 23 फरवरी को होनी है अब इसके बाद 7 फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाने के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो जाएगी। जहां एक और इस पद के लिए कुछ धनाढ्य परिवार के उम्मीदवार भी है वहीं सामाजिक कार्यों से जुड़े उम्मीदवार भी अपना दंभ भर रहे हैं। जबकि 12 वार्ड के लिए गुरुवार को 81 नाम स्वीकृत हुई थी शुक्रवार को एक नाम वापस लिए जाने के बाद अब 12 वार्डों के लिए कुल 80 उम्मीदवार मैदान में है। इस प्रकार अध्यक्ष एवं वार्ड मिलकर उम्मीदवारों की संख्या 97 हो गई है।

### साउथ प्वाइंट स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



**पटमदा** : साउथ प्वाइंट स्कूल के सेमिनार हॉल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण का सफल आयोजन किया गया ।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, तनावमुक्त रहकर तैयारी करने एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया ।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य अरूण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए परीक्षा के डर को दूर करने, समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन एवं संतुलित दिनचर्या पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों ने भी खुलकर अपने प्रश्न एवं अनुभव साझा किए। प्राचार्य ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक विकास में सहायक होते हैं और उन्हें परीक्षा को उत्सव के रूप में लेने की सीख देते हैं। कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

### विधायक मंगल कालिंदी ने पटमदा हाईस्कूल में किया दो कमरे का निर्माण कार्य का शिलान्यास



**पटमदा** : जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तहत 25 लाख रुपए में स्वीकृत एस एस प्लस टू हाईस्कूल पटमदा में भौतिक एवं रसायन विज्ञान के लिए एक एक कमरों का निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। निर्माण कार्य का ठेका बसुंधारा एंटरप्राइजेज जमशेदपुर को मिला है। विधायक ने संवेदक को गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ मिथिलेश कुमार की मांग पर विधायक कालिंदी ने अपनी विधायक निधि से एक पहुंच पथ निर्माण करवाने का घोषणा किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, विश्वनाथ महतो, प्राचार्य डॉ मिथिलेश कुमार, कौशलेंद्र कुमार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(निर्वाचन कोषांग)**
**(नगरपालिका आम चुनाव, 2026)**

-: अधिग्रहण आदेश :-

नगरपालिका आम चुनाव, 2026 के निमित सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा को बज्रगृह/मतगणना केन्द्र/प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मै कंचन सिंह (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त, सिमडेगा, नगरपालिका आम चुनाव, 2026 के निमित सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा के परिसर एवं भवन को उपस्कर सहित तत्काल प्रभाव से चुनाव समाप्ति तक के लिए अधिग्रहण करती हूँ।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा
PR 372429 Simdega (25-26)_D
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), –सह–उपायुक्त, सिमडेगा

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को मिला संबल, स्पर्श ई वॉइस ने एसएससी जीडी अभ्यर्थियों को बांटी अध्ययन सामग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा** : प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जरूरतमंद युवाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था स्पर्श ई वॉइस की ओर से एसएससी जीडी कोचिंग में अध्ययनरत छात्रों के बीच निःशुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस पहल से छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। अध्ययन सामग्री का वितरण स्वर्णरेखा समिति की अध्यक्ष रेणु सेहगल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए ध्यान, अनुशासन और उद्देश्य के प्रति एकाग्रता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान संस्था की सचिव नम्रता रघुवंशी और कार्यकारी सदस्य दिव्या गंगवार ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के उन युवाओं के लिए नई उम्मीद बनते हैं, जो संसाधनों की कमी के कारण अपनी तैयारी पूरी नहीं कर पाते। अध्ययन सामग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आर्थिक सीमाओं के कारण उनकी तैयारी अधूरी रह जाती थी, लेकिन अब किताबों, पीवीयूएनएल के कर्मचारियों और बाहरी शिक्षकों के सहयोग से पढ़ाई को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि इस सहयोग से उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में नई दिशा और आत्मबल प्राप्त हुआ है। छात्रों ने निःशुल्क सहायता के लिए पीवीयूएनएल और स्पर्श ई वॉइस के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर स्वर्णरेखा समिति के सदस्य, पीवीयूएनएल के अधिकारी और कर्मचारी, स्पर्श ई वॉइस के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्पर्श ई वॉइस के सचिव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन दिव्या गंगवार ने किया। इस पहल से स्पष्ट होता है कि सामाजिक संगठनों और संस्थाओं के सहयोग से जरूरतमंद युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिल सकती है और उनके सपनों को साकार किया जा सकता है। स्पर्श ई वॉइस की यह पहल निश्चित ही युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय लातेहार**

**आम सूचना**

विधानसभाचुनाव–2014,लोकसभाचुनाव–2014,पंचायत चुनाव 2015–16,लोकसभा चुनाव–2019 एवं विधानसभा चुनाव–2019 में उपयोग किये गये वाहनों का बैंक खाता एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड उपलब्ध नहीं रहने के कारण वाहन भाड़ा भुगतान नही हो पाया जिसकी सूची निम्न है:–

| क्र0सं0 | विपत्र संख्या | नाम/पता/गाड़ी नम्बर | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | लोकसभा चुनाव–2019 OE Bill-01/21-22 | JAGDAMBA LAL SINGH,BOKARO,TRUCK,JH09AL-5109 | 72,973/- |
| 2 | | SHRI MURARI CHARAN JHA,HARMU,RANCHI,407,JH01T-9450 | 39,780/- |
| 3 | | KAMLESHWAR SINGH, HEHAL,RANCHI,LPT407,JH01CV-2742 | 22,100/- |
| 4 | | ANSHUL KHEMAKA,UPPER BAZAR,RANCHI,407,JH01CK-4081 | 28,730/- |
| 5 | | DURGA PRASAD SAHU,RAURKELA,ODISHA,BUS,OR14W-2837 | 7,980/- |

| क्र0 सं0 | विपत्र संख्या | नाम/पता/गाड़ी नम्बर | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत चुनाव EO Bill- 12/15-16 | पारस सिंह कोलकता गाड़ी नम्बर-WB23A7834 | 18250/- |
| 2 | पंचायत चुनाव EO Bill- 12/15-16 | विकास कुमार महतो लोहरदगा गाड़ी नम्बर-JH08C5359 | 693/- |
| 3 | पंचायत चुनाव EO Bill- 11/15-16 | चन्द्रिका प्रसाद,राँची गाड़ी नम्बर-JH01BL-3886 | 4,400/- |
| 4 | लोकसभा चुनाव EO Bill- 01/15-16 | सुनिल कुमार,हजारीबाग नम्बर-JH02A-7071 | 36,484/- |
| 5 | लोकसभा चुनाव EO Bill- 01/15-16 | मो0रफी अंसारी भुरमू किसको,लोहरदगा, नम्बर-JH19A-4920 | 4,000/- |
| 6 | लोकसभा चुनाव EO Bill- 01/15-16 | रहमत अंसारी बारेसाढ़ लातेहार गाड़ी नम्बर JH19A-2809 | 4,000/- |
| 7 | विधानसभा चुनाव EO Bill- 01/15-16 | उमेश राम छिपादोहर,लातेहार ट्रैक्टर गाड़ी नम्बर JH03G-7840 | 8,000/- |
| 8 | विधानसभा चुनाव EO Bill- 03/21-22 | MD. Nasim,chandwa,Scorpio,JH01BW-4592 | 15,030/- |

वास्तविक वाहन मालिक बैंक खाता एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड के साथ परिवहन शाखा पुलिस केन्द्र,लातेहार में संपर्क करेंगे ताकि यथाशीध्र वाहन भाड़ा भुगतान किया जा सके।

परिचारी प्रवर,
पुलिस केन्द्र,लातेहार

PR 372447 Police(25-26).D

# भारत टैक्सी का भविष्य

दिल्ली एनसीआर और गुजरात में दो महीने के सफल ट्रायल के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र की 8 बड़ी संस्थाओं के संयुक्त उपक्रम के रूप में सहकारिता आधारित टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' को आधिकारिक रूप से कल नई दिल्ली में लॉन्च कर दिया। दो साल में इस सेवा को पूरे देश में लागू करने का भी ऐलान हुआ है। भारत टैक्सी बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत भारत का पहला सहकारिता-नेतृत्व वाला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। इसकी स्थापना 6 जून 2025 को की गई। दावा है कि अपनी स्थापना के बाद से भारत टैक्सी दुनिया का पहला और सबसे बड़ा सहकारिता-आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म तथा विश्व का सबसे बड़ा ड्राइवर-स्वामित्व वाला मोबिलिटी प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। अब तक लगभग चार लाख ड्राइवर भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं और दस लाख से अधिक उपयोगकर्ता पंजीकृत हो चुके हैं। लगभग 10 करोड़ की राशि अब तक सीधे ड्राइवरों में वितरित की जा चुकी है। सहकारिता क्षेत्र की संस्थाओं का सर्विस सेक्टर में उतरना स्वागत योग्य कदम माना जाना चाहिए लेकिन 'सरकारी दखल' और 'सरकारी बैसाखी' सहकारिता आधारित इस सेवा को भी कहीं अन्य सेवाओं की तरह प्रभावित न करे, इसके पुख्ता प्रबंध शुरूआती चरण से ही सुनिश्चित किए जाने जरूरी हैं। यह बात इसलिए कि भारत टैक्सी सेवा को ओला, उबर एवं रैपीडो जैसी प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों टक्कर लेनी है और बेहतर सेवा देते हुए उपभोक्ता का भरोसा भी अर्जित करना है। निजी क्षेत्र की कंपनियां जब सेवा या किसी भी क्षेत्र में अपनी सेवा या उत्पाद लेकर उतरती हैं तो मजबूत नेटवर्क का निर्माण अपनी लुभावनी योजनाओं के माध्यम से करती हैं। जैसे, राइड सर्विस को ही लें तो (जैसा-एक कैब ओनर ने बताया) ओला ने भारत में अपनी लॉन्चिंग के प्रारंभिक चरण में कैब मालिकों को 1 दिन में पांच राइड पर 1500 रुपये का अतिरिक्त बोनस देना शुरू किया। इस लालच में कैब मालिक ऑनलाइन राइड सर्विस से जुड़ते चले गए और भारत भर में इस सेवा का विस्तार होता गया। आज छोटे शहरों में भी बाइक राइड सर्विस मिलने लगी हैं। हालांकि अब बोनस बंद और कमीशन भी 15-20 फीसदी है लेकिन राइड बढ़ीं हैं। रेट कंपटीशन का असर कैबवालों की इनकम पर पड़ा है। निजी क्षेत्र की कंपनियों की बढ़ती उपलब्धियों को देखते हुए ही प्रधानमंत्री मोदी के 'सहकार से समृद्धि' मंत्र को आत्मसात करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस क्षेत्र में 'सहकारी सेवा' शुरू कराई है। इसे एक अच्छा कदम माना जाना चाहिए लेकिन सरकार को 'बैसाखी' के बजाय सहकारी संस्थाओं को अपने दम पर इस सेवा को स्थापित करने का अवसर देना चाहिए। यह बात इसलिए कि बैसाखी चलने की हिम्मत तो देती है लेकिन 'सहारे' की गलत आदत भी डेवलप कर सकती है। ट्रायल पीरियड में ही भारत टैक्सी को बैसाखी थमा देने को किस रूप में देखा जाए, आप ही तय करें। उदाहरण के लिए यहां एक 'ग्राहक' के रूप में अपनी आपबीती बताना जरूरी है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से हजारों लोगों की रोज आवाजाही होती है। भारत टैक्सी सर्विस को सफल बनाने के लिए सरकार ने जानबूझकर आईजीआई एयरपोर्ट पर ओला-उबर-रैपीडो के पिकअप पॉइंट कुछ दूर बनवा दिए ताकि ग्राहक भारत टैक्सी राइड लेने को मजबूर हो। ट्रायल के दौरान ही भारत के इस सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डे पर सरकार की तरफ से बैसाखी के रूप में एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी की सुविधा दिल्ली पुलिस से लेकर भारत टैक्सी को दे दी गई। इसके पीछे शायद सोच यही होगी कि पिकअप पॉइंट दूर होगा तो मजबूर होकर लोग भारत टैक्सी का सहारा लेंगे और ऐसा हो भी रहा। आमतौर पर ऑनलाइन राइड बुक करने के अधिकतम पांच मिनट में टैक्सी पिकअप पॉइंट पर पहुंच जाती थी लेकिन भारत टैक्सी सर्विस लॉन्च होने के बाद ऐसा नहीं है। एयरपोर्ट के बाहर अब ओला, उबर और रैपीडो की बुकिंग पर टैक्सी में औसत 20 से 25 मिनट लग रहे हैं। कभी-कभी तो जाम की समस्या बता कर निजी कंपनियां ग्राहक को तीन-चार सौ मीटर आगे धौलाकुआं चौराहे तक सामान लेकर आने को कहती हैं।

## सूडोकु नवताल- 7698

✱ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7697 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# लखनऊ में मौत का तांडव और हत्यारे पतंगबाज

**संजय सक्सेना**





लखनऊ के सर्द मौसम में सूर्योदय के साथ ही आसमान में पतंगों की सरसराहट और घरों की छतों व मैदानों में पतंगबाजों की चिल्ल-पों की आवाज आम बात है। आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से पट जाता है। लेकिन इस उत्साह के बीच खतरा भी छिपा था। बरेली से लेकर लखनऊ तक चीनी मांझे और लोहे के कटीले तारों से पतंग उड़ाने वाले कब किसी राहगीर या फिर घर के आंगन में बैठे व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो जाएं, कोई नहीं जानता। जब पतंग कटती है तो यह मांझा सड़क या पुल से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालक के गले में आकर इस तरह फंस जाता है कि उसे अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। दरअसल, यह चीनी मांझा बाहर से चमकदार लगता है, लेकिन इसकी धार जानलेवा होती है। योगी सरकार अब इस चीनी मांझे के गले में फंसकर वाहन चालक की मौत को हत्या की श्रेणी में शामिल करने जा रही है, मगर सवाल वही है इन्हें रोका कैसे जाए?

शहर के एक कोने में रहने वाले युवक शोएब (28) की मौत इसी खतरे की गवाह बनी। लखनऊ के हैदरगंज इलाके में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव शोएब की चाइनीज मांझे से गला कटने से मौत हो गई। बीती 11 जनवरी को शाहजहांपुर में सिपाही शाहरुख की भी इसी तरह चाइनीज मांझे से घायल होने के बाद मौत किसी से छिपी नहीं है। शोएब अपने दोपहिया वाहन से पुल से गुजर रहा था, तभी चीनी मांझा उसकी गर्दन में आकर फंस गया। कुछ ही देर में गर्दन कटने से शोएब की मौत हो गई। यह पहली बार नहीं हुआ। लखनऊ में चीनी मांझा अक्सर किसी की मौत का तो किसी को घायल करने की वजह बनता रहा है। सबसे दुखद यह है कि यह पतंगबाज कोई छोटे बच्चे नहीं होते। अक्सर युवा और 40झ45 साल के लोग भी चीनी मांझे से पतंगबाजी करते हैं, यह जानते हुए भी कि यह किसी के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए ऐसे पतंगबाजों को हत्यारा कहना गलत नहीं होगा।

युवा शोएब की मौत पर डॉक्टरों ने बताया कि मांझा ग्लास के टुकड़ों से बना था, जो धमनियों को काट देता है और यही मौत का कारण बनता है। ऐसी घटनाएं यूपी के कई जिलों में हो रही हैं। बरेली के कारखानों में बड़े पैमाने पर यह मांझा बनता है। कच्चे माल में चीनी पाउडर और कांच मिलाया जाता है। लखनऊ के बाजारों में यह सस्ते दाम पर बिकता है। पतंगबाज शर्तों के चक्कर में इसे चुनते हैं। ऊंची छतों या खुले मैदानों से उड़ाते हैं। पुलिस को मुखबिरों की जरूरत है। वे बताएं कि कौन सा इलाका खतरे में है। पतंग उड़ते ही छापा मारें और मांझा जब्त करें। योगी सरकार की सख्ती से कई दुकानें बंद हुईं, लेकिन कारखाने अभी भी चल रहे हैं। सरकार को नियम बनाना चाहिए कि मांझे की चरखी पर मांझा बनाने वाली कंपनी का नाम और पता जरूर छपा हो।चूंकि 12 जुलाई 2017 को ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया था। एनजीटी के जस्टिस स्वतंत्र कुमार की बेंच ने पूरे देश में सभी तरह के सिंथेटिक और नायलॉन से बने मांझे पर पूरी तरह बैन लगाने का आदेश दिया था। यह आदेश अगस्त 2016 में पेटा द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के बाद आया था।

आदेश के पालन की जिम्मेदारी राज्य सरकार की थी, लेकिन जिस तरह यह मांझा आज भी आसानी से उपलब्ध है, उससे स्पष्ट है कि आदेश का पालन कराने के लिए कोई निगरानी तंत्र विकसित नहीं किया गया। यहां यह बताना जरूरी है कि एनजीटी के आदेश अदालत के आदेश की तरह होते हैं, जो कानूनन बाध्यकारी हैं। आदेशों का पालन नहीं करने पर तीन वर्ष तक की कैद या जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। सवाल यह है कि चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? इस पर जिला प्रशासन का कहना है कि इसके लिए ट्रेड टैक्स विभाग जिम्मेदार है, जो प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री और उपयोग की निगरानी करता है। ट्रेड टैक्स विभाग को इस बारे में निर्देश हैं। पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है। चूंकि कई अवसरों पर लखनऊ में पतंगबाजी की परंपरा है, इसलिए लोगों से अपील भी की जाती है कि वे पूरे उत्साह से पर्व मनाएं, लेकिन चाइनीज मांझे का प्रयोग न करें।

लखनऊ के पुराने इलाकों में क्रिकेट मैच पर सट्टेबाजी की तरह ही पतंगबाजी में भी सट्टा लगाया जाता है। चौक, बाजार वाला, सहादतगंज, ठाकुरगंज और फैजुल्लागंज के आसपास खुले मैदानों और छतों पर टीम बनाकर पतंगबाजी होती है और पांच से 25 हजार रुपये तक की बोली लगती है। पतंगबाजी खत्म होने के बाद हार-जीत के अनुसार रकम का बंटवारा किया जाता है। पतंगबाजी की आड़ में लाखों रुपये का खेल चल रहा है, जो बेगुनाहों की मौत की वजह भी बन रहा है।मांझा इतना तेज होता है कि कई बार पतंगबाजों की उंगलियां भी कट जाती हैं। लखनऊ के कुण्डरी रकाबगंज क्षेत्र में रहने वाले पतंगबाज संदीप कश्यप का कहना है कि पतंगबाजों द्वारा मानवर, लच्छेदार, तौकिया, दो पन्नी चरखानिया, आड़ी, मझोली, सवातीन, पौना व गेंददार जैसी सदियों पुरानी पतंगों को चाइनीज मांझे से उड़ाकर परंपरा को बदनाम किया जा रहा है। पहले ऐसी घटनाएं नहीं होती थीं, लेकिन अब आए दिन हादसे हो रहे हैं।

चीनी मांझा ही नहीं, लखनऊ में लोहे के पतले तार से बंधी पतंगें भी कम खतरनाक नहीं हैं। ये तार बिजली के तारों से टकराते हैं तो करंट उतर आता है। एक बार नवाबगंज में ऐसा ही हुआ। युवक की पतंग तार में फंसी और करंट ने उसे झुलसा दिया। अस्पताल पहुंचने पर उसकी जान मुश्किल से बची। ये तार बाजारों में आसानी से मिल जाते हैं। पतंगबाज इन्हें मजबूत मानते हैं, लेकिन ये भी मौत बांटते हैं। सरकार को अब इच्छाशक्ति दिखानी होगी। पतंग उत्सव के दिनों में ड्रोन से निगरानी करनी होगी। मुखबिरों का जाल बिछाना होगा। स्कूलों में बच्चों को सुरक्षित मांझे के इस्तेमाल के बारे में बताना होगा और बाजारों पर सख्त नजर रखनी होगी।

# बदलता बांग्लादेश, बढ़ता भारत-विरोध

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

दक्षिण एशिया की राजनीति में बांग्लादेश हमेशा से भारत का महत्वपूर्ण और संवेदनशील पड़ोसी रहा है। साल 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर पिछले एक दशक तक दोनों देशों के रिश्ते सहयोग, विश्वास और साझा हितों की मजबूत नींव पर खड़े रहे, किंतु हालिया राजनीतिक घटनाक्रम विशेषकर शेख हसीना के सत्ता से हटने, उनके भारत आने और अंतरिम सरकार के गठन ने इस संतुलन को बुरी तरह प्रभावित किया है। अब 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले बांग्लादेश में भारत-विरोध एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनकर उभर रहा है, इससे क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं।

भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की पृष्ठभूमि ऐतिहासिक और भावनात्मक रही है। साल 1971 के युद्ध में भारत ने प्रत्यक्ष सैन्य और कूटनीतिक सहयोग देकर बांग्लादेश के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई थी। यही कारण है कि दशकों तक दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे का रिश्ता बना रहा। शेख हसीना के नेतृत्व में साल 2009 से 2023 के बीच भारत और बांग्लादेश के संबंध अपने सबसे मजबूत दौर में पहुंचे। इस अवधि में दोनों देशों के बीच व्यापार कई गुना बढ़ा, सीमा विवादों का समाधान हुआ और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को मजबूती मिली।

आंकड़ों के अनुसार, भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय व्यापार साल 2009 में लगभग 3 अरब डॉलर था, जो साल 2022-23 तक बढ़कर करीब 18 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत, बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत ने बांग्लादेश को लगभग 8 अरब डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट भी दी, जिसके तहत सड़क, रेलवे, ऊर्जा और बंदरगाह परियोजनाओं पर काम हुआ।

इसके अलावा, सीमा समझौते के तहत साल 2015 में 162 एन्क्लेवों का आदान-प्रदान किया गया, जो दशकों पुराने विवाद का शांतिपूर्ण समाधान था लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह पूरा समीकरण तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। शेख हसीना के हटने और उनके भारत में शरण लेने की घटना ने बांग्लादेश की राजनीति में भारत को सीधे एक विवादित मुद्दा बना दिया है। जमात-ए-इस्लामी और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जैसे राजनीतिक दल हसीना को वापस भेजने की लगातार मांग कर रहे हैं। इस मांग को केवल एक कानूनी या राजनीतिक मुद्दे के रूप में नहीं देखा जा रहा बल्कि इसे भारत के खिलाफ राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़कर पेश किया जा रहा है।

इसी के साथ, बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं भी चिंता का विषय बन गई हैं। बांग्लादेश की कुल आबादी लगभग 17 से 18 करोड़ के बीच है, जिसमें हिंदुओं की संख्या लगभग 1.3 से 1.5 करोड़ मानी जाती है, यानी करीब 8-9 प्रतिशत। पिछले कुछ वर्षों में दुर्गा पूजा के दौरान मंदिरों पर हमलों, मूर्तियों को तोड़ने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की कई घटनाएं सामने आई हैं। कुछ मानवाधिकार संगठनों की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 से 2025 के बीच ऐसे मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस बीच 100 से अधिक टारगेटेड हिंदू हत्याएं की गईं। इस्लामी अतिवादियों द्वारा घर जलाने, संपत्ति हड़पने और उसे नुकसान पहुंचाने की घटनाओं की बात करें तो आंकड़े बहुत भयंकर हैं, यह 10000 को पार कर चुके हैं।

हालांकि अंतरिम सरकार इन घटनाओं को सांप्रदायिक हिंसा मानने से बचती रही है और उन्हें व्यक्तिगत विवाद या स्थानीय झगड़ों का परिणाम बताती रही है, लेकिन इन घटनाओं से भारत में यह धारणा मजबूत हो रही है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कमजोर हो रही है और सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही।

अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. मोहम्मद यूनुस और उनके सलाहकारों के हालिया बयानों ने भी भारत-बांग्लादेश संबंधों में दूरी की झलक दिखाई है। कई मौकों पर यह कहा गया कि बांग्लादेश को किसी छोटे देश की तरह न समझा जाए और वह अपनी स्वतंत्र विदेश नीति चलाने में सक्षम है। कुछ बयानों में यह भी संकेत दिया गया कि बांग्लादेश की आबादी और सामरिक स्थिति उसे क्षेत्र में एक मजबूत देश बनाती है। ऐसे में वह भारत से हर मोर्चे पर निपटने के लिए तैयार है- इस तरीके की सोच भारत को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी देना भी है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से पहले इस तरह की बयानबाजी इस्लामी जिहादियों और कट्टर वादियों को भावनाओं को उभारने के लिए की जा रही है। भारत के खिलाफ लिए जा रहे कुछ अन्य फैसले और रुख भी इसी बदलाव की ओर इशारा करते हैं। व्यापारिक समझौतों की समीक्षा की बात उठ रही है। सीमा प्रबंधन को लेकर सख्ती बढ़ाई गई है। कुछ राजनीतिक संगठनों ने भारत के खिलाफ जनसभाएं और अभियान भी शुरू किए हैं। यह माहौल धीरे-धीरे ऐसे राजनीतिक नैरेटिव को जन्म दे रहा है जिसमें भारत को एक बाहरी प्रभाव और शत्रुदेश के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम का एक बड़ा पहलू धार्मिक और सामाजिक पहचान की राजनीति भी है। बांग्लादेश के संविधान में लंबे समय से धर्मनिरपेक्षता और इस्लामी पहचान के बीच संतुलन बना हुआ था लेकिन अब इस विषय पर नई बहस शुरू हो गई है। कुछ कट्टरपंथी संगठन देश को अधिक इस्लामी पहचान देने की बात कर रहे हैं, हालांकि अंतरिम सरकार ने साफ किया है कि शरिया कानून लागू करने की कोई योजना नहीं है। फिर भी अल्पसंख्यक संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के खिलाफ दिए जा रहे तीखे बयान सामाजिक तनाव को बढ़ा रहे हैं। जब हिंदू-बौद्ध-क्रिश्चियन समुदाय से जुड़े संगठनों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जाता है तब इससे देश के भीतर असुरक्षा का माहौल बनना स्वभाविक है। इसका असर भारत में भी महसूस किया जा रहा है क्योंकि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंध गहरे हैं। भारत के लिए यह स्थिति कूटनीतिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण है। एक तरफ वह अपने पड़ोसी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहता, दूसरी तरफ उसे वहां रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता भी है। इसके अलावा, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बांग्लादेश एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। भारत-बांग्लादेश के बीच लगभग 4096 किलोमीटर लंबी सीमा है जोकि भारत की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं में से एक है। इस सीमा की स्थिरता भारत की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

आर्थिक दृष्टि से भी दोनों देश एक-दूसरे पर निर्भर हैं। बांग्लादेश भारत से पेट्रोलियम उत्पाद, कपास, मशीनरी और खाद्य सामग्री का बड़ा आयातक है। वहीं, भारत के लिए बांग्लादेश एक बड़ा निर्यात बाजार है। यदि राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो इसका असर दोनों देशों के व्यापार पर पड़ सकता है। 12 फरवरी के चुनाव इस पूरे परिदृश्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यदि चुनाव के बाद ऐसी सरकार बनती है जो भारत के साथ संतुलित और सहयोगपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहती है, तो वर्तमान तनाव कम हो सकता है। लेकिन यदि भारत-विरोधी राजनीति को जनसमर्थन मिलता है तो आने वाले वर्षों में संबंधों में और खटास आ सकती है।

यह भी सच है कि बांग्लादेश अपनी राष्ट्रीय पहचान और स्वतंत्र नीति को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। हर देश का यह अधिकार है कि वह अपनी विदेश नीति तय करे। लेकिन जब यह प्रक्रिया पड़ोसी देशों के खिलाफ तीखी बयानबाजी और नकारात्मक राजनीतिक अभियान के रूप में सामने आती है तो इससे क्षेत्रीय स्थिरता प्रभावित होती है। फिर यह स्थिति केवल भारत और बांग्लादेश के रिश्तों का सवाल नहीं है बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता का भी मुद्दा है। यदि दोनों देशों के बीच अविश्वास बढ़ता है तो इसका असर क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और विकास पर पड़ेगा। वस्तुतः आज की स्थिति यह संकेत दे रही है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते नए मोड़ पर खड़े हैं। यह मोड़ सहयोग और साझेदारी की ओर भी जा सकता है और टकराव की दिशा में भी। आने वाले चुनाव और उसके बाद बनने वाली सरकार इस बात को तय करेगी कि दक्षिण एशिया के

# पाक सैन्य अधिकारी बोला, हिन्दुस्तान खत्म तो दुनिया से हिन्दू समाप्त

**अजय कुमार**

पाकिस्तानी सेना का वह जहरीला बयान फिर सामने आया है, जहां उनका एक बड़ा अधिकारी परमाणु शक्ति का राग अलापते हुए भारत को मिटाने की धमकी दे रहा है। यह वही पुरानी सोच है, जो हिंदुओं को दुनिया से उखाड़ फेंकने का खुला इरादा जाहिर करती है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसकी पोल खोलें और पाकिस्तान की इस कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दें। पाकिस्तानी अधिकारी की जुबान से निकला वह जहर भरा बयान सुनकर खून खौल उठता है। वह चिल्ला रहा है कि हमारे पास परमाणु ताकत है, हम भारत को नेस्तनाबूद कर देंगे। जब संवाददाता ने सवाल किया कि इससे तो पाकिस्तान खुद भी मिट जाएगा, तो उसका जवाब और भी खतरनाक था। बोला, पाकिस्तान मिट जाए तो क्या, 56 इस्लामी देश तो बचेंगे, जो इस्लाम को हमेशा जिंदा रखेंगे। लेकिन अगर भारत गया, तो दुनिया से हिंदू भी खत्म हो जाएंगे, क्योंकि हिंदुओं का तो बस यही एक देश है। यह बयान कोई नया नहीं, बल्कि पाकिस्तानी फौज की जन्मजात दुश्मनी का नंगा रूप है। 2020 में भी उनके एक ब्रिगेडियर ने यही बात कही थी कि मुसलमानों के 50 से ज्यादा देश हैं, हिंदुओं का तो सिर्फ भारत। परमाणु जंग में हिंदू सफाए हो जाएंगे, लेकिन इस्लाम बचेगा। यह सोच भारत को हिंदू राष्ट्र मानकर उसे निशाना बनाने की साजिश है।

इस बयान का मतलब साफ है, पाकिस्तान की फौज हिंदू-विरोधी जिहाद की भाषा बोल रही है। वे जानते हैं कि भारत दुनिया का एकमात्र हिंदू बहुल देश है, जहां करोड़ों हिंदू अपनी संस्कृति, मंदिरों और परंपराओं के साथ जी रहे हैं। अगर भारत को मिटा दिया गया, तो वैश्विक हिंदू समाज का केंद्र खत्म हो जाएगा। लेकिन ये भूल जाते हैं कि हिंदू सिर्फ जमीन पर नहीं, बल्कि दिलों में बसते हैं। नेपाल, बाली, मॉरीशस जैसे देशों में भी हिंदू मजबूत हैं, और दुनिया भर में करोड़ों हिंदू फैले हुए हैं। फिर भी पाकिस्तानी फौज का लक्ष्य साफ है भारत को हिंदुओं का किला मानकर उसे तोड़ना। यह वही मानसिकता है, जो 1947 के बंटवारे के समय जिन्ना ने बोई थी, दो राष्ट्र सिद्धांत के नाम पर हिंदुओं को कमजोर करने की। आज भी वही जहर फैला रहे हैं।

पाकिस्तान की यह सोच नई नहीं, बल्कि उनकी पूरी इतिहास पुरानी दुश्मनी की गवाही देती है। 1971 की जंग में हमने उन्हें दो टुकड़ों में बांट दिया, बांग्लादेश बन गया। तब भी वे परमाणु का ढोंग करते रहे। अब 2025 में सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिका की जमीन से चिल्ला रहे हैं कि अगर पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को ले डूबेंगे। भारत के पूर्व अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों ने साफ कहा, पाकिस्तान परमाणु इस्तेमाल करेगा तो खुद मिट जाएगा, भारत इतना बड़ा है कि झेल लेगा और जवाब में उसे नेस्तनाबूद कर देगा।


पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी परमाणु जंग की धमकी देते हैं, लेकिन यह सब गीदड़ भभकी है। उनकी अर्थव्यवस्था डूब चुकी, आंतरिक विद्रोह बलूचिस्तान में फैला हुआ, और फौज सिर्फ आतंकवाद पर टिकी है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर जैसे हमलों से साबित कर दिया कि हमारी ताकत अटल है।

इस बयान से पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। वे 56 इस्लामी देशों का सहारा लेते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि उनमें से ज्यादातर अपनी मुश्किलों में डूबे हैं। सऊदी, ईरान आपस में लड़ रहे, तुर्की सपनों में जी रहा। ओआईसी नाम का संगठन भारत विरोधी प्रस्ताव लाता है, लेकिन व्यावहारिक मदद कभी नहीं करता। पाकिस्तान अकेला है, सिर्फ परमाणु का भूत दिखाकर दुनिया को डराता है। लेकिन भारत ने विदेश मंत्रालय के जरिए कड़ा जवाब दिया कि हम ब्लैकमेल नहीं झुकेंगे। हमारी परमाणु नीति साफ है पहले इस्तेमाल नहीं करेंगे, लेकिन जवाब में अस्वीकार्य क्षति देंगे। पाकिस्तानी फौज की कमान कट्टरपंथियों के हाथ में है, जो परमाणु को इस्लामी बम मानते हैं। पूर्व सीआईए अधिकारी ने खुलासा किया कि पाकिस्तान ने परमाणु भारत विरोध के लिए बनाया, लेकिन उसे मुस्लिम बम बनाकर दूसरे देशों को बेचने की साजिश रची।

अब भारत को जागना होगा। यह बयान सिर्फ शब्द नहीं, युद्ध की घोषणा है। हमारी फौज दुनिया की सबसे मजबूत है, मिसाइलें, विमान, पनडुब्बियां सब तैयार। लाखों जवान हिंदुस्तान की रक्षा को तत्पर। सरकार को चाहिए कि ऐसे बयानों पर कूटनीतिक, सैन्य और आर्थिक जवाब दे। पाकिस्तान को अलग-थलग करो, आतंकवाद के अड्डों पर लगातार प्रहार करो। हिंदू समाज एकजुट हो, दुनिया को बताओ कि भारत हिंदुओं का किला है, इसे कोई नहीं हिला सकता। पाकिस्तानी फौज की यह जहर उगलने वाली सोच उन्हें ही निगल जाएगी। हम 140 करोड़ हिंदुओं की ताकत से खड़े हैं, जो कभी नहीं झुकेंगे। यह समय है बदले का, जहां पाकिस्तान अपनी हरकतों का खामियाजा भुगते। भारत जिंदा रहेगा, हिंदू धर्म अमर रहेगा, और पाकिस्तान की साजिशें धूल चाटेंगी।

## दैनिक पंचांग

**7 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 07.01 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मीन | 08.34 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 10.04 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.44 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.42 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.56 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 18.12 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.24 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.35 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.49 ब.से |
| 9.00 से 10.30 | | धनु | 03.05 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 05.10 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 38 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 02.55 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** चित्रा 02.29 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शूल 23.41 बजे को समाप्त। **करण** गर 14.03 बजे तदनन्तर वणिज 02.55 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 15° 22' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872613 **जूलियन दिन** 2461078.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सावान **तारीख** 18 **विशेष** यशोदा जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 | बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 | बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 | बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 | बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 | बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## अंधविश्वास के खिलाफ नुक्कड़ सभा, ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिला में समाज में अंधविश्वास, डायन-प्रथा और आंतरिक कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा, नेशनल आदिवासी रिवाईवल एसोसिएशन और सिंगी एंड सिंगी सोसाइटी के प्रतिनिधियों की ओर से चक्रधरपुर के चंद्री पंचायत के बाईडीह गांव में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा के दौरान ग्रामीणों को डायन-प्रथा, सामाजिक बुराइयों, कुरीतियों और अफवाहों के कारण हो रही आपराधिक घटनाओं की जानकारी दी गई। इन कुरीतियों से होने वाले सामाजिक, पारिवारिक और कानूनी नुकसान के बारे में लोगों को सचेत किया गया। साथ ही हिंसक घटनाओं की रोकथाम और कानूनी जागरूकता के उद्देश्य से नेशनल आदिवासी रिवाईवल एसोसिएशन और सिंगी एंड सिंगी सोसाइटी की ओर से जागरूकता संबंधी हैंडविल भी बांटे गए। इस अवसर पर आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बरसिंह हेम्ब्रम ने कहा कि अधिकांश आदिवासी गांव आज भी डायन-प्रथा, सामाजिक बुराइयों और आंतरिक कुरीतियों की चपेट में हैं। इससे आपसी ईर्ष्या, द्वेष, पारिवारिक विवाद, मारपीट और कानूनी झंझट बढ़ रहे हैं। उन्होंने समाज को इन समस्याओं से बाहर निकालने के लिए कई व्यावहारिक सुझाव भी रखे।

## शिव-हनुमान मंदिर में चोरी, दान पेटियां तोड़कर नकदी ले उड़े चोर

**पूर्वी सिंहभूम**: सीतारामडेरा थाना से सटे शिव -हनुमान मंदिर में गुरुवार देर रात हुई चोरी की घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। चोर मंदिर की दीवार फांदकर भीतर दाखिल हुआ और वहां रखी तीन दान पेटियों के ताले तोड़कर उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मंदिर के सेवक मुन्ना पात्रो ने बताया कि रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह जब मंदिर का कपाट खोला गया, तो तीनों दान पेटियों के ताले टूटे हुए मिले। मंदिर के अंदर सामान बिखरा देख उन्हें चोरी की आशंका हुई। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना सीतारामडेरा थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चोर की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि चोर ने पूरी योजना के साथ मंदिर को निशाना बनाया और रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम दिया।

## रांजाबुरु लौह अयस्क खदान के खिलाफ ग्रामीणों का उग्र विरोध

पश्चिमी सिंहभूम: पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा क्षेत्र में सेल (सेल) प्रबंधन की ओर से नई रांजाबुरु लौह अयस्क खदान खोलने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के साथ ही इलाके में विरोध तेज हो गया है। खदान से सीधे प्रभावित होने वाले सात गांवों के ग्रामीणों ने इसे अपने अस्तित्व, अधिकार और कानून के खिलाफ बताते हुए खुला आंदोलन छेड़ने का एलान कर दिया है। शुक्रवार को कासिया-पेंचा गांव में सामाजिक कार्यकर्ता मंगता सुरीन की अध्यक्षता में आयोजित विशाल बैठक में कासिया-पेंचा, गंगदा, घाटकुड़ी, जोजोगुट्ठू, राजबेड़ा, बाईहातु और तितलीघाट गांवों के मुंडा, ग्रामीण पुरुष और महिलाएं सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग की कि रांजाबुरु खदान में सौ फीसदी प्रभावित गांवों के बेरोजगार युवकों को स्थायी और अस्थायी रोजगार दिया जाए, अन्यथा खदान को हमेशा के लिए बंद कराया जाएगा।

# मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने पर महिलाओं का पैदल मार्च, मंत्री को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने से नाराज झींकपानी प्रखंड की चोया, नवागांव सहित के पंचायत की महिलाओं ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर विरोध जताया। झींकपानी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से करीब 200 से 250 महिलाएं लगभग 20 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर चाईबासा पहुंचीं। इस पैदल मार्च का नेतृत्व चोया पंचायत की मुखिया जयंती बुडीउली ने किया। मार्च में कई महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को भी साथ लेकर शामिल हुईं।



पैदल मार्च के बाद महिलाएं चाईबासा सदर विधायक सह परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा के आवास पहुंचीं। मंत्री के अनुपस्थित रहने पर महिलाओं ने उनके आप्त सचिव सुभाष बनर्जी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार, सदर चाईबासा तथा मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार भी मौके पर मौजूद थे। मौके पर इस यात्रा में समाजसेवी रमेश बालमुचू भी उपस्थित थे। महिलाओं ने बताया कि मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल लंबे समय से बंद है, जिसके कारण वे आवेदन की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रही हैं। कई महिलाएं पिछले दो वर्षों से लगातार प्रयास कर रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि कुछ लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जबकि बड़ी संख्या में पात्र महिलाएं अब भी वंचित हैं। इससे उनमें उपेक्षा और भेदभाव की भावना पैदा हो रही है।

महिलाओं ने मांग की कि वंचित सभी पात्र महिलाओं का तत्काल पंजीकरण कर उन्हें योजना का लाभ दिया जाए, तकनीकी कारणों से हटाए गए नामों का पुनर्मूल्यांकन किया जाए और पंजीकरण प्रक्रिया शीघ्र दोबारा शुरू की जाए। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे हर महीने मंत्री आवास पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराती रहेंगी।

## डीसी ने जनता दरबार लगाकर सुनी आम जनों की समस्याएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही डीसी द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय को समर्पित करें।ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके। ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को डीसी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## नगर निकाय चुनाव के सफल संचालन हेतु मतदान पदाधिकारियों के प्रशिक्षण का डीसी ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : नगर निकाय आम निर्वाचन के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पुलिस लाईन परिसर में आयोजित मतदान पदाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने बैलेट पेपर से मतदान कराने की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की। डीसी ने उपस्थित मतदान पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। उन्होंने कहा कि मतदान



प्रक्रिया में सजगता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को मतदान के दिन पूर्ण निष्ठा के साथ लागू करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज कुल 276 मतदान पदाधिकारियों को मतदान की प्रक्रिया, बैलेट पेपर के उपयोग, मतदाता पहचान तथा मतदान से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

## प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण-पत्र, ईआरके कीट एवं हस्तपुस्तिका का हुआ वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : जिले में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संचालित युवा आपदा मित्र योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित युवाओं ने उत्साह एवं समर्पण के साथ भाग लिया। समापन अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार एवं अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन द्वारा प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण-पत्र, ईआरके कीट एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित हस्तपुस्तिका का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि आपदाएं मुख्यतः दो प्रकार की होती हैं- प्राकृतिक आपदा एवं मानव जनित आपदा।



प्राकृतिक आपदाओं को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन पूर्व तैयारी, वैज्ञानिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन के माध्यम से उनके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई बार लापरवाही एवं नियमों की अनदेखी के कारण मानव जनित आपदाएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में प्रशिक्षित युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षण प्राप्त युवा आपदा के समय समाज के लिए मजबूत सहायक बनेंगे तथा राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आग लगने, बाढ़, भूकंप, डूबने जैसी आपात परिस्थितियों में बचाव के उपाय, प्राथमिक उपचार एवं राहत कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थानों में नियमित रूप से मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे लोगों में आपदा के समय त्वरित एवं सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि युवा आपदा मित्र योजना युवाओं में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## जमशेदपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती पर निकलेगी भव्य भगवा शोभायात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर** : छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती को तीसरे वर्ष ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाने को लेकर जमशेदपुर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस संबंध में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि 19 फरवरी 2026 को बारीडीह दुर्गा पूजा मैदान से लेकर एग्रीको पुराने दुर्गा पूजा मैदान तक विशाल भगवा शोभायात्रा निकाली जाएगी।

**शोभायात्रा में उमड़ेगा जनसैलाब**

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मनीष कुमार प्रसाद , संस्थापक - छत्रपति शिवाजी सेना ने बताया कि यह शोभायात्रा छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जमशेदपुर वासियों से अपील की जाती है कि वे भारी संख्या में शामिल होकर इस विशाल भगवा यात्रा को सफल बनाएं।



**तीसरे वर्ष भी होगा भव्य आयोजन**

मनीष कुमार प्रसाद ने जानकारी दी कि छत्रपति शिवाजी सेना द्वारा यह आयोजन तीसरे वर्ष लगातार किया जा रहा है और हर साल लोगों का उत्साह और सहभागिता बढ़ती जा रही है। इस वर्ष आयोजन को और भी भव्य और अनुशासित रूप देने की तैयारी की जा रही है, ताकि युवा पीढ़ी को छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों और राष्ट्र सेवा की भावना से जोड़ा जा सके। शोभायात्रा के दौरान भगवा ध्वज, पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़े और देशभक्ति नारों के साथ शिवाजी महाराज के जीवन दर्शन को प्रस्तुत किया जाएगा।

# राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में गोविन्द महतो 'जंगली' की 81वीं जयंती मनाई गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में 6 फरवरी को खोरठा भाषा और लोक-साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर गोविन्द महतो ह्यजंगलीह्न की 81वीं जयंती स्मरण और सम्मान के वातावरण में मनाई गई। खोरठा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उनके जीवन, विचार और साहित्यिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत गोविन्द महतो 'जंगली' के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि जंगली ने खोरठा भाषा को सामाजिक पहचान दिलाने के



लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका लेखन खोरठा समाज की चेतना, पीड़ा और सांस्कृतिक अस्मिता का सशक्त स्वर है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने अपने संबोधन में कहा कि गोविन्द महतो 'जंगली' खोरठा भाषा के समर्पित साधक थे। उन्होंने साहित्य और सामाजिक प्रयासों के माध्यम से मातृभाषा को सम्मान दिलाया। उनका जीवन संघर्ष, सादगी और प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जिससे नई पीढ़ी को सीख लेनी चाहिए।

कार्यक्रम में सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि जंगली ने खोरठा को केवल साहित्यिक भाषा नहीं रहने दिया, बल्कि उसे जनजीवन से जोड़ा। खोरठा विभाग उनके साहित्य को विद्यार्थियों और शोधार्थियों तक पहुंचाने का कार्य लगातार कर रहा है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) रश्मि ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मातृभाषा में शिक्षा, शोध और लेखन किसी भी भाषा के संरक्षण का मजबूत आधार होता है। गोविन्द महतो 'जंगली' का संघर्ष खोरठा भाषा के अकादमिक विस्तार के लिए प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान करता है। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि जंगली का साहित्य ग्रामीण जीवन, लोक-संस्कृति और सामाजिक संवेदनाओं का जीवंत दस्तावेज है। उनका योगदान केवल साहित्य तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह एक सांस्कृतिक आंदोलन का रूप भी ले चुका है। वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि किसी भी भाषा और संस्कृति को जीवित रखने के लिए संस्थागत सहयोग आवश्यक होता है। गोविन्द महतो 'जंगली' जैसे साहित्यकारों की रचनाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और प्रचार अत्यंत जरूरी है। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, खोरठा विभाग के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने खोरठा भाषा और लोक-साहित्य के प्रति जागरूकता और सम्मान को और मजबूत किया।

संक्षिप्त खबरें

## जिला सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में माही येलो ने सात विकेट से दज की जीत



**साहिबगंज**: जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत शुक्रवार को माही येलो बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब बी के बीच मैच खेला गया। माही येलो ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। वहीं पहले नेताजी सुभाष सीसी बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 28 .4 ओवर में 123 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अमित कुमार रविदास ने 50, अश्विन यादव ने 15 रन की पारी खेली। माही येलो के गेंदबाज मणि भूषण ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही येलो की टीम 19 ओवर 3 विकेट के नुकसान पर 128 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत गई। मणि भूषण ने 42, अनाउल्लाह अंसारी ने 24 व राहुल राज ने नाबाद 31 रन की पारी खेली। नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब बी के गेंदबाज सोनू, अमित व आदित्य ने एक-एक विकेट लिए। माही येलो के खिलाड़ी मणि भूषण को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मोहन मुर्मू ने मणि भूषण को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग हयातुल्लाह व तारिक अनवर ने किया। जबकि स्कोरिंग श्याम रंजन ने किया। मौके पर टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम सहित अन्य मौजूद थे।

## मिर्जाचौकी में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**साहिबगंज**: मंडरो प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मिजाचौकी में शुक्रवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।प्रथम पाली में मैट्रिक स्तर पर उर्दू भाषा की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 09 परीक्षार्थी पंजीकृत थे और सभी 09 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा में कला संकाय के अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा हुई, जिसमें कुल 22 परीक्षार्थी शामिल हुए और सभी ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र पर कदाचार मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। केंद्राधीक्षक एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा निगरानी रखी जा रही थी, जिससे परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। स्थानीय प्रशासन एवं शिक्षकों ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर वृंदावन में एमडीए अभियान को लेकर कर्मियों को मिला व्यापक प्रशिक्षण



**साहिबगंज**: आयुष्मान आरोग्य मंदिर वृंदावन में आगामी 10 से 25 फरवरी तक चलने वाले एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से टीम संख्या 75 से 96 तक की सभी आंगनवाड़ी सेविका, आशा बेसरा, मामूनी साहू, सहिया दीदी एवं सहायिका दीदियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमपीडब्ल्यू वीरेंद्र ठाकुर द्वारा एमडीए अभियान के तहत दवाई खिलाने की प्रक्रिया, सावधानियां, लोगों को जागरूक करने के तरीके तथा वॉल मार्किंग की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि एमडीए कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने में फील्ड स्तर के कर्मियों की भूमिका सबसे अहम होती है।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एएनएम टेरेसा मुर्मू, संगीता कुमारी, सहिया साथी सजोनी मुर्मू, मेरी कर्मकार तथा सहिया पर्यवेक्षक बी.टी.टी. अवधेश कुमार भी मौजूद रहे। सभी ने कर्मियों को अभियान के दौरान पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के उपरांत दवाई वितरण कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उपस्थित सभी कर्मियों ने एमडीए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और लक्ष्य को पूर्ण करने का संकल्प लिया।

## पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन




**साहिबगंज**: बरहेट प्रखंड पंचकठिया बाजार पंचायत भवन में ग्रीनरी रांची के तत्वावधान में महिलाओं के लिए आयोजित पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उद्यानिकी और कृषि से जुड़ी आधुनिक तकनीकों से अवगत कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाओं को फल और फूलों की खेती, सब्जी उत्पादन, पौध संरक्षण, जैविक खेती और कीट-रोग नियंत्रण सहित अन्य कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। समापन अवसर पर महिलाओं को स्प्रे मशीन, प्रशिक्षण कार्ड और कृषि सामग्री प्रदान की गई। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई। प्रशिक्षण में टैनर भोजाई सोरेन और ग्रीनरी के जिला समन्वयक विवेक कुमार ने महिलाओं को सरल भाषा में तकनीकी जानकारी साझा की और उन्हें अपने स्तर पर खेती और उद्यानिकी अपनाने के लिए प्रेरित किया। पंचायत क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रमुख रूप से अंजू देवी, कामिनी देवी, देविका देवी, पुष्पा देवी, मधु देवी और सीता देवी ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगा नहीं होगा,

# आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी, अब आरबीआई लाएगा सख्त गाइडलाइंस, लोन-रिकवरी एजेंट अब ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे

**एजेंटों की बदतमीजी बैंकों को पड़ेगी भारी**

**मुंबई।**

इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी और बैंकों द्वारा की जा रही मिस-सेलिंग पर लगाम लगाने के लिए सख्त गाइडलाइंस लाने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि केंद्रीय बैंक तीन नए ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी करने जा रहा है। इनका मकसद ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करना और बैंकों की जवाबदेही तय करना है। इन नियमों के लागू होने के बाद रिकवरी एजेंट ग्राहकों को डरा-धमका नहीं पाएंगे और न ही बैंक आपको ऐसा इंश्योरेंस या लोन दे पाएंगे, जिसकी आपको जरूरत नहीं है। आरबीआई गवर्नर ने साफ किया है कि लोन रिकवरी की प्रक्रिया में पारदर्शिता और नैतिकता लाने के लिए मौजूदा नियमों को और कड़ा किया जाएगा। अक्सर शिकायतें आती हैं कि रिकवरी एजेंट ग्राहकों को देर रात फोन करते हैं, उनके रिश्तेदारों को परेशान करते हैं या घर आकर बदतमीजी करते हैं। नए नियमों के तहत बैंक अब इन एजेंटों की हरकतों के लिए सीधे जिम्मेदार होंगे। अगर कोई एजेंट नियमों का उल्लंघन करता है, तो बैंक पर भारी जुर्माना लग सकता है।

**अब जबरदस्ती नहीं बेच पाएंगे इंश्योरेंस**

जब कोई ग्राहक बैंक में एफडी कराने या लोन लेने जाता है, तो बैंक कर्मचारी उसे लुभावने वादे करके कोई इंश्योरेंस पॉलिसी या इन्वेस्टमेंट प्लान बेच देते हैं। बाद में पता चलता है कि वह प्रोडक्ट ग्राहक के लिए फायदेमंद ही नहीं था। इसे ही मिस-सेलिंग कहते हैं। आरबीआईअब इसके लिए सख्त गाइडलाइंस तय कर रहा है। बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे ग्राहकों को वही प्रोडक्ट बेचें जो उनकी जरूरत और रिस्क लेने की क्षमता के अनुसार हो।

**डिजिटल फ्रॉड पर 25,000 तक का मुआवजा**

रिजर्व बैंक ने एक नया फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत छोटे अमाउंट वाले फ्रॉड ट्रांजैक्शन में नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को 25 हजार तक का मुआवजा दिया जाएगा।

# आरबीआई ने छोटे कारोबारियों के लिए बढ़ाई कोलैटरल-फ्री लोन की सीमा

**- कोलैटरल-फ्री लोन सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की**



**मुंबई।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद छोटे कारोबारियों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। आरबीआई ने माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज (एमएसई) के लिए कोलैटरल-फ्री लोन की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दी है। यह नया नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा और उसके बाद स्वीकृत या रिन्यू होने वाले सभी लोन पर लागू रहेगा। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्यमियों को बिना संपत्ति गिरवी रखे अधिक लोन उपलब्ध कराना और उन्हें औपचारिक बैंकिंग सिस्टम से जोड़ना है। पहले कई छोटे व्यवसायियों को गिरवी की कमी के कारण महंगे अनौपचारिक कर्ज का सहारा लेना पड़ता था। अब वे आसानी से बैंक से 20 लाख रुपए तक का लोन ले सकेंगे, जो मशीनरी खरीदने, स्टॉक बढ़ाने और कारोबार विस्तार में सहायक होगा। एमएसएमई सेक्टर भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है और यह लाखों लोगों को रोजगार देता है। माइक्रो एंटरप्राइज में निवेश 2.5 करोड़ रुपए तक और टर्नओवर 10 करोड़ रुपए तक होता है, जबकि स्मॉल एंटरप्राइज में निवेश 25 करोड़ रुपए तक और टर्नओवर 100 करोड़ रुपए तक हो सकता है। ~~ऋद्ध~~ का मानना है कि इस फैसले से छोटे उद्योगों को औपचारिक क्रेडिट सिस्टम से जोड़ने में मदद मिलेगी। आरबीआई का यह कदम न केवल छोटे कारोबारियों के लिए राहत देगा, बल्कि देश की आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में भी सहायक होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे एमएसएमई सेक्टर को विकास के नए अवसर मिलेंगे और कारोबारी निवेश में तेजी आएगी।

# क्रिप्टोकरेंसी बाजार में भारी गिरावट, बिटकॉइन 63,000 डॉलर के करीब

**बिटकॉइन गुरुवार के मुकाबले 9 फीसदी और गिरकर 65,000 डालर के आसपास**



**मुंबई ।**

क्रिप्टोकरेंसी बाजार में पिछले दो दिनों से भारी अस्थिरता देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन गुरुवार को 12.6 फीसदी गिरकर 63,300 डालर तक पहुंच गई, जो अक्टूबर 2024 के बाद का सबसे निचला स्तर है। शुक्रवार को बिटकॉइन करीब 9 फीसदी और गिरकर 65,000 डालर के आसपास ट्रेड करने लगी। इस हफ्ते बिटकॉइन में कुल 17 फीसदी और साल 2026 में अब तक 28 फीसदी की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी ईथर भी दबाव में रही और एक दिन में 13 फीसदी से अधिक गिर गई, जबकि साल 2026 में इसमें करीब 38 फीसदी की गिरावट हो चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार, निवेशकों की जोखिम से दूरी, भारी लिक्विडेशन और अमेरिकी मौद्रिक नीति में सख्ती की आशंकाओं ने बाजार को झटका दिया। कॉइनग्लास के आंकड़ों के मुताबिक केवल 24 घंटों में 1 बिलियन डालर के बिटकॉइन पोजीशन जबरन बंद हुए। इसके अलावा टेक शेयरों में कमजोरी और सोना-चांदी जैसी संपत्तियों में अस्थिरता ने बाजार दबाव और बढ़ाया। संस्थागत निवेशकों द्वारा क्रिप्टो ईटीएफ से लगातार निकासी भी गिरावट का बड़ा कारण बनी है। डॉयचे बैंक के अनुसार, जनवरी में अमेरिकी स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ से 3 बिलियन डालर से ज्यादा निकासी हुई। बाजार के जानकारों के अनुसार, क्रिप्टो बाजार फिलहाल कैपिटुलेशन मोड में है। यह केवल अल्पकालिक सुधार नहीं बल्कि बड़े रीसेट की शुरुआत हो सकता है, जो कई महीनों तक चल सकता है। गिरावट जारी रहने पर माइनर्स पर दबाव बढ़ सकता है और जबरन लिक्विडेशन का जोखिम फिर से बढ़ सकता है।

# नई दिल्ली में लॉन्च हुई भारत टैक्सी, देश की पहली सहकारी कैब सर्विस



**मुंबई।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सीऐप को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया। यह देश की पहली सहकारी कैब सर्विस है, जो प्रॉफिट के बजाय ड्राइवरों के कल्याण पर केंद्रित है। कंपनी किसी भी तरह का कमीशन नहीं लेती, और राइड का पूरा पैसा सीधे ड्राइवर के खाते में जाता है। भारत टैक्सी में कैब के साथ-साथ मेट्रो टिकट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। सहकारी मॉडल और कमीशन रहित सिस्टम के कारण किराया ओला-उबर की तुलना में काफी कम है। साथ ही ऐप में सर्ज प्राइसिंग का कोई सिस्टम नहीं है, जिससे भीड़ के समय किराया बढ़ता नहीं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऐप में एसओएस, इमरजेंसी बटन भी दिया गया है, जो लोकेशन भरोसेमंद संपर्कों तक तुरंत भेजता है। सफल ट्रायल के बाद ऐप अब दिल्ली-एनसीआर में पूरी तरह उपलब्ध है और जल्द ही मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु में भी शुरू होगा।

# चांदी दो दिन में 41 हजार सस्ती, सोना भी धड़ाम

-चांदी की कीमत 2.41 लाख/किलो, तो सोना 1.51 लाख पर आया



**नई दिल्ली।**

सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को भी गिरावट जारी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत शुक्रवार को 13,155 रुपए गिरकर 2,41,184 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 41,278 रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,013 रुपए कम होकर 1,51,489 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,669 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

इससे पहले 29 जनवरी से 2 फरवरी के बीच चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। वहीं, सोने की कीमत में 26 हजार रुपए कम हुई थी। वायदा कारोबार पर चांदी 4 लाख रुपए से घटकर 2.41 रुपए प्रति किलो पर आ गई थी। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.70 लाख से गिरकर 1.40 लाख पर आ गया था। हालांकि फिर दोनों के दाम में तेजी रही थी।

सोने-चांदी में गिरावट की वजह

सोने-चांदी की कीमत हाल के दिनों में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने बड़े पैमाने पर प्रॉफिट बुक किया। वहीं ऑल टाइम हाई के बाद फिजिकल डिमांड कमजोर हुई, साथ ही औद्योगिक उपयोग को लेकर चिंताएं भी बढ़ीं।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** भारतीय रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 34 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.68 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया 11 पैसे मजबूत होकर 90.23 पर पहुंच गया। गुरुवार को रुपया 13 पैसे बढ़कर 90.34 पर बंद हुआ था। इंटरबैंक फॉरिन एक्सचेंज में कारोबार के दौरान रुपया 90.28 पर खुला और फिर बढ़त जारी रखी। फॉरेक्स ट्रेडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने रुपया में और अधिक तेजी पर रोक लगाई। वहीं, डॉलर में थोड़ी मजबूती के चलते भी स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही।






## नेस्ले इंडिया की मैगी के 50 वर्ष पूरे, स्मृति में स्मारक डाक टिकट जारी

**नई दिल्ली ।** नेस्ले इंडिया के लोकप्रिय ब्रांड मैगी ने भारत में अपनी उपस्थिति के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किया है। इस डाक टिकट का अनावरण केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान और नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने एक गरिमामयी समारोह में किया। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इस अवसर पर कहा कि मैगी जैसे अग्रणी ब्रांड्स ने भारतीय खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने और उपभोक्ताओं का विश्वास जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने ब्रांड की पांच दशकों की विकास यात्रा की सराहना की। नेस्ले इंडिया के एमडी मनीष तिवारी ने इसे उपभोक्ताओं के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि 50 ईयर्स ऑफ़ टुगेदरनेस डाक टिकट उन अनगिनत साझा पलों को समर्पित है, जो मैगी ने पीढ़ियों से भारतीय घरों में निर्मित किए हैं। पिछले पांच दशकों में मैगी ने नूडल्स से लेकर सॉस और सूप तक अपनी श्रेणियों का विस्तार कर हर वर्ग के स्वाद में अपनी जगह बनाई है। कंपनी ने भविष्य में भी इसी विश्वास और गुणवत्ता को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

## आरबीआई डिजिटल लेन-देन सुरक्षा और ग्राहक क्षतिपूर्ति के लिए बनाएगा नई रूपरेखा




**- छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में 25,000 तक की क्षतिपूर्ति**

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को घोषणा की कि छोटे मूल्य वाले धोखाधड़ी वाले डिजिटल लेन-देन के लिए ग्राहकों को 25,000 तक की क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इसका उद्देश्य ग्राहकों की तत्काल सुरक्षा और विश्वास बढ़ाना है। आरबीआई जल्द ही एक परिचर्चा पत्र प्रकाशित करेगा जिसमें डिजिटल भुगतान सुरक्षा के उपाय शामिल होंगे। इसमें विलंब से क्रेडिट और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण जैसी सुविधाएं होंगी। तीन दिशानिर्देशों का मसौदा` किया जाएगा तैयार- वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री रोकना, अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन में ग्राहक की देनदारी सीमित करना और ऋण वसूली और वसूली एजेंट के दिशा-निर्देशों का सामंजस्य। शहरी सहकारी बैंकों की क्षमता निर्माण के लिए मिशन सक्षम की शुरुआत की जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि सभी नए और संशोधित निर्देश जल्द सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किए जाएंगे, जिससे बैंकिंग क्षेत्र और डिजिटल भुगतान प्रणाली अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बने।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 266 अंक, निफ्टी 50 अंक उछला




**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी दिन बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 266.47 अंक उछलकर 83,580.40 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50.90 अंक बढ़कर 25,693.70 पर बंद हुआ। आज एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में उछाल से बाहर ऊपर आया है। आईटीसी के शेयरों में 5 फीसदी और एचयूएल में 2.96 फीसदी की बढ़त रही।

आज कारोबार के दौरान निफ्टी एफएमसीजी , निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी कंजम्पशन, निफ्टी रियल्टी , निफ्टी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं निफ्टी आईटी , निफ्टी फार्मा , निफ्टी इंडिया डिफेंस , निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी ऑटो शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स पैक में आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, टाइटन, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम और एलएंडटी के शेयर लाभ में रहे जबकि टेक महिंद्रा, टीसीएस, एशियन पेंट्स, इटरनल, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और बीईएल के शेयरों को नुकसान हुआ। लार्जकैप की जगह मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 14.40 अंक की गिरावट के साथ 59,502.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 45.25 अंक टूटकर 16,938.65 पर था। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 224.17 अंक गिरकर 83,089.76 पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी-50 25,605 पर खुला और जल्द ही 25,600 के नीचे फिसल गया। वहीं एशियाई बाजारों में गिरावट रही। वॉल स्ट्रीट पर भी टेक शेयरों में दबाव रहा। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, टेक शेयरों वाला नैस्डैक 100 पिछले साल अप्रैल के बाद तीन दिनों में सबसे बड़ी गिरावट का सामना कर रहा है। इसकी एक वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर चिंता भी है। इस दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.23 फीसदी और नैस्डैक 1.59 फीसदी के नीचे बंद हुआ।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, 723.8 अरब डॉलर

**- पिछले सप्ताह के 709.41 अरब डॉलर से 14.4 अरब डॉलर अधिक**



**मुंबई ।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 723.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। यह पिछले सप्ताह के 709.41 अरब डॉलर से 14.4 अरब डॉलर अधिक है। इससे पहले 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में भंडार में 8.05 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा* ने कहा कि यह भंडार लगभग 11 महीने के वस्तु आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की बाहरी वित्तीय स्थिति मजबूत है और देश अपनी विदेशी वित्तीय जरूरतों को आसानी से पूरा करने में सक्षम है। विदेशी मुद्रा भंडार में चार कारक हैं - विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि और विशेष आहरण अधिकार। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में करीब 563 अरब डॉलर पर और स्वर्ण भंडार 123 अरब डॉलर पर था। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में डॉलर के अलावा यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी येन शामिल होता है। आरबीआइई के अनुसार, भंडार की यह बढ़त भारत को वैश्विक वित्तीय बाजारों में भरोसा और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण के उच्च स्तर से भारत अपनी बाहरी भुगतान क्षमता बनाए रखने में सक्षम है।

# भारत में 'डोल्से' ब्रांड की एंट्री, फाइन एर्स और व्यंडहम में रणनीतिक गठबंधन

**उदयपुर और गोवा में खुलेंगे लग्जरी रिसॉर्ट्स; राजस्थान में 'व्यंडहम ग्रैंड' का भी हुआ औपचारिक आगाज**

**उदयपुर ।**

भारतीय हॉस्पिटैलिटी परिदृश्य में एक नए युग की शुरुआत करते हुए देश की अग्रणी रियल एस्टेट और हॉस्पिटैलिटी कंपनी फाइन एर्स ने विश्व की विशालतम होटल फेंचाइजिंग संस्था व्यंडहम होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के साथ एक ऐतिहासिक रणनीतिक गठबंधन की घोषणा की है। इस साझेदारी के माध्यम से प्रतिष्ठित वैश्विक ब्रांड डोल्से होटल्स एंड रिसॉर्ट्स पहली बार भारतीय बाजार में कदम रखने जा रहा है।

संस्थापक व प्रबंध निदेशक दिनेश यादव के नेतृत्व में विकसित इस सहयोग के तहत गोवा और उदयपुर में दो फ्लैगशिप परियोजनाएं डोल्से बाय व्यंडहम लॉन्च की गई हैं।

उदयपुर के कोडियात में आयोजित एक भव्य गाला साइनिंग समारोह में इस गठबंधन पर मुहर लगी, जिसमें बॉलीवुड हस्तियों, अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने शिरकत की। इसी अवसर पर व्यंडहम ग्रैंड जयपुर आमेर का भी शुभारंभ किया गया, जो राजस्थान की शाही विरासत के साथ वैश्विक आधुनिकता का समावेश है।

इन परियोजनाओं की मुख्य विशेषता इनका यूनिट सेल्स मॉडल है।

इसके अंतर्गत लगभग 70 प्रतिशत इकाइयां व्यक्तिगत निवेशकों को विक्रय की जाएंगी, जिन्हें एक प्रबंधित रेंटल पूल के माध्यम से पूर्णतः लीज-बैक किया जाएगा। यह मॉडल निवेशकों के लिए व्यावसायिक स्थिरता, पेशेवर संचालन और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करता है।

प्रबंध निदेशक दिनेश यादव ने कहा, हमारा लक्ष्य भारत में 5,000 यूनिट्स के विस्तार के साथ विश्व-स्तरीय हॉस्पिटैलिटी अनुभव प्रदान करना है। डोल्से ब्रांड प्रीमियम रिसॉर्ट्स और डेस्टिनेशन वेडिंग्स की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने की दिशा में हमारा एक ठोस कदम है। व्यंडहम के प्रेसिडेंट दिमित्रिस मैनिकिस और यूरेशिया के एमडी राहुल मैकारियस ने इसे गेम-चेंजर बताते हुए कहा कि यह साझेदारी पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।


## आरबीआई बैंकों को रीट को ऋण देने की अनुमति देने पर कर रहा विचार

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रियल एस्टेट क्षेत्र के वित्तपोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैंकों को रील एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) को ऋण देने की अनुमति देने का प्रस्ताव पेश किया। इस कदम के पीछे मकसद है निवेशकों और बैंकों दोनों के लिए वित्तीय तरलता बढ़ाना। रीट ऐसे निवेश माध्यम हैं जो आय उत्पन्न करने वाली रियल एस्टेट संपत्तियों के मालिक होते हैं या उनका संचालन करते हैं। निवेशक सीधे संपत्ति खरीदे बिना संपत्ति से होने वाली आय में हिस्सा ले सकते हैं। भारत में रीट और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की अवधारणा संस्थागत और खुदरा निवेशकों के कोष के माध्यम से निवेश पुनर्वित्त करने और बैंकों के फंसे कोष को मुक्त करने के लिए बनाई गई थी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति में कहा कि कुछ विवेकपूर्ण सुरक्षा उपायों के साथ बैंकों को रीट को ऋण देने की अनुमति देने पर विचार किया जा रहा है। वर्तमान में, केवल इर विट को बैंक ऋण की अनुमति है, जबकि रीट को यह अनुमति नहीं थी। प्रस्तावित कदम में रीट को ऋण देने के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों को इन विट के समान किया जाएगा।

## कॉग्निजेंट ने कर्मचारियों को 100 फीसदी बोनस दिया, राजस्व वृद्धि में रिकॉर्ड प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।** कॉग्निजेंट ने वर्ष 2025 में 6.4 फीसदी की राजस्व वृद्धि दर्ज की, जो कंपनी के अनुमान 6-6.3 फीसदी से अधिक है। कंपनी ने इसेविजेताओं के समूह में शामिल होने जैसा अनुभव बताया। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि कंपनी नैस्डैक में सूचीबद्ध शीर्ष राजस्व वृद्धि वाली कंपनियों में फिर से शामिल हो गई है। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने प्रदर्शन के चलते कर्मचारियों को 100 फीसदी बोनस दिया, जो पिछले सात वर्षों में सबसे बड़ा है। इससे यह जाहिर होता है कि कॉग्निजेंट कर्मचारियों को अपने साथ बनाए रखने और उन्हें पुरस्कृत करने के लिए गंभीर है। कंपनी ने राजस्व वृद्धि, बाजार हिस्सेदारी, बड़े करार की गति, कौशल प्रशिक्षण, मार्जिन विस्तार और प्रति शेयर कमाई में बढ़ोतरी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया।

# बिहार के 10 लाख कर्मचारियों को मिलेगा कैशलेस इलाज



**पटना (एजेंसी)** बजट सत्र के चौथे दिन बजट पर चर्चा हो रही है। 3 फरवरी को सरकार ने 3.47 लाख करोड़ का बजट पेश किया था। सुबह की कार्यवाही में सरकार ने सदन में बड़ी घोषणाएं की।अब विधायकों, विधान पार्षदों, सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। बीजेपी विधायक राघवेंद्र प्रताप के सवाल के जवाब के दौरान सरकार ने इसका ऐलान किया। इससे प्रदेश के 10 लाख कर्मचारियों और उनके आश्रितों को फायदा मिलेगा।बिहार में अब पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज बनेंगे। दरअसल, बेतिया-मधेपुरा में मेडिकल कॉलेज बनाए जाने के बाद भी वहां डॉक्टर नहीं जाते हैं। जिसे देखते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है।रकारी डॉक्टरों को सुविधा देने के बाद भी अस्पताल नहीं आते हैं। ऐसे में सरकारी डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस से रोकने के लिए भी पॉलिसी बनाई जा रही है। आरा के बड़हरवा से भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप के सवाल के जवाब के दौरान सरकार ने कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दिए जाने की घोषणा की। आरा के बड़हरवा से भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप के सवाल के जवाब के दौरान सरकार ने कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दिए जाने की घोषणा की।विधानसभा की छत का हिस्सा गिरा, विधायक बचेबजट सत्र के चौथे दिन बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दरअसल, कई विधायक विधानसभा के लिए जा रहे थे तभी भवन की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिरा। गनीमत रही कि कोई विधायक इसकी चपेट में नहीं आए।सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने स्पीकर से छत का हिस्सा टूटने की शिकायत की। उन्होंने कहा, ह्यआज सुबह कई माननीय सदस्य आए थे। पोर्टिको में खड़े थे। इतना बड़ा-बड़ा मलबा ऊपर से गिरा। कई विधायक बच गए। बजट सत्र से पहले विधानसभा भवन का रेनोवेशन किया गया था। इसके लिए लाखों रुपए भी खर्च किए गए थे। बावजूद इसके छत का हिस्सा टूटकर गिर गया। विधानसभा भवन की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिरा। स्पीकर बाल-बाल बचे। विधानसभा भवन की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिरा। स्पीकर बाल-बाल बचे। उट के कहने पर अब्दुलबारी ने उतारी टोपी बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की जरुरत नहीं: बीजेपी बजट पर चर्चा के दौरान बीजेपी विधायक रजनीश कुमार ने कहा ह्यबिहार को विशेष राज्य के दर्जे की जरुरत नहीं है। केंद्र सरकार से लगातार सहयोग मिल रहा है। पिछली बार विशेष पैकेज मिला। इस बार भी पैकेज मिला है। विधान परिषद में उठा महिलाओं को 10 हजार देने का मुद्दा विधान परिषद में बजट पर बोलते हुए राजद टछउ अजय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के बजट में महिलाओं को चुनाव वादों के तहत 10000 रुपए खुश करने के लिए दिया गया। इससे राजकोषीय घाटा की गारंटी है। जिसपर जदयू टछउ नीरज कुमार ने कहा कि महिलाओं को 10000 दिए जाने के मामले को लेकर एक नेता सुप्रीम कोर्ट चले गए लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बैरंग लौटा दिया और कहा कि ऐसी याचिका कोई सुप्रीम कोर्ट में दायर करता है क्या? यानी सुप्रीम कोर्ट ने भी महिलाओं को 10000 रुपए देने पर अपनी मुहर लगा दी है। विधानसभा में बजट पर बहस लंच ब्रेक के बाद विधानसभा में बजट पर चर्चा हो रही है। फिलहाल बीजेपी विधायक रजनीश अपनी बात रख रहे हैं।

## बिहार विधान परिषद परिसर में विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन किया



**पटना (एजेंसी)** जहानाबाद में छात्रा के साथ हुई दरिंदगी के मामले को लेकर बिहार विधान परिषद परिसर में मंगलवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन किया। विपक्ष ने इस गंभीर मामले पर राज्य सरकार की कथित चुप्पी को लेकर कड़ा विरोध जताया। प्रदर्शनकारी सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। तख्तियों पर बिहार की बेटी को इंसाफ चाहिए और सियासी खामोशी नहीं, जवाब चाहिए जैसे नारे लिखे थे। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में लगातार महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार संवेदनशील मामलों पर भी गंभीरता नहीं दिखा रही है।

इस प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, विधान पार्षद शशि यादव, मदन मोहन झा, सुनील सिंह समेत कई विपक्षी नेता शामिल रहे। नेताओं ने मांग की कि पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय मिले, दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो और सरकार इस मामले में स्पष्ट जवाब दे। विपक्ष ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया गया

## शिक्षाः शादी से बड़ी और पहली ज़िम्मेदारी




**पटना (एजेंसी)** अंग्रेजी के मशहूर शिक्षक मोटिवेशनल स्पीकर इन्तेजाऱ सर ने कहा कि आज हमारे समाज में कुछ लोग ये सोचते हैं की अपने बच्चों की शादी कराना ही सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है अगर बच्चों की शादी हो गई तो मानो हमने अपना फर्ज. अदा कर दिया मैं ऐसे लोगों को,ऐसे मां बाप को बताना चाहूंगा की ये सबसे बड़ी भूल है बच्चों की शादी से पहले जो सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है वो अपने बच्चों को पढ़ाने लिखाने की है अगर आपने अपने बच्चों को पढ़ाया लिखाया नहीं तो आपने कोई हक,फर्ज. अदा नहीं किया इसीलिए हर हाल में अपने बच्चों को पढ़ाना है। अपने बच्चों कुछ दें या न दें लेकिन शिक्षा जरूर दें अगर एक वक्त भूखा भी रहना पड़े तो रहिए दो रोटी की जगह एक ही रोटी खाना पड़े तो खाइए लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं।

## विश्व कैंसर दिवस विशेष अभियान: बदलती जीवनशैली, बढ़ती लापरवाही और कैंसर की चुनौती



**पटना (एजेंसी)** आज का समाज तेजी से बदल रहा है—खानपान की आदतें बदली हैं, शारीरिक श्रम घटा है और जीवन में तनाव बढ़ा है। इसी बदलते जीवन-यापन के बीच स्वास्थ्य जांच को टालने की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। कैंसर जैसे रोग अक्सर शरीर में चुपचाप पनपते हैं, लेकिन लक्षणों को सामान्य मानकर नजरअंदाज कर देना बीमारी को जानलेवा बना देता है। चिकित्सकीय विशेषज्ञ मानते हैं कि कैंसर से सबसे बड़ी लड़ाई इलाज नहीं, बल्कि समय पर जांच और जागरूकता है।इसी पृष्ठभूमि में किशनगंज जिले में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 04 से 11 फरवरी तक विशेष कैंसर जागरूकता एवं जांच अभियान की शुरूआत की गई है, ताकि भय के बजाय समझ और जिम्मेदारी को समाज की सोच का हिस्सा बनाया जा सके।9

## किराये के मकान को लेकर विवाद, फोटो जर्नलिस्ट के परिवार से मारपीट का आरोप




**पटना (एजेंसी)** ।पटना में वर्षों से पत्रकारिता कर रहे वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट संजय कुमार के परिवार के साथ कथित रूप से मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है. पीड़ित पक्ष ने मकान मालिक और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए फुलवारी शरीफ थाना में आवेदन दिया है. वहीं पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है. जानकारी के अनुसार फोटो जर्नलिस्ट संजय कुमार पिछले करीब तीन वर्षों से फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के खलीलपुरा में सुनील दांगी के मकान में किराये पर रह रहे हैं. बताया जाता है कि हाल ही में उन्होंने दूसरे मकान में शिफ्ट होने का निर्णय लिया और इसकी जानकारी मकान मालिक को दी. आरोप है कि यह बात सुनते ही मकान मालिक और उसके परिजन नाराज हो गए. पीड़ित संजय कुमार के अनुसार जब वह अपने प्रेस के कार्य से पटना गए हुए थे, उसी दौरान मकान मालिक सुनील दांगी अपने परिवार के साथ उनके किराए वाले घर पहुंचे और उनकी पत्नी तथा बीमार बेटी के साथ मारपीट की. इस दौरान गाली-गलौज करते हुए घर का सामान फेंक देने और तत्काल मकान खाली करने की धमकी भी दी गई. पीड़ित ने बताया कि उनके ऊपर किसी प्रकार का बकाया नहीं है. लगभग तीन से चार हजार रुपये किराया शेष है, जिसे वह मकान खाली करते समय भुगतान करने को तैयार थे. दो-चार दिन अधिक होने पर उसका भी किराया देने को तैयार है बावजूद मारपीट किया गया. पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने फुलवारी शरीफ थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई. फोटोग्राफर संजय कुमार की पत्नी नूतन कुमारी ने फुलवारी शरीफ थाना में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है.हालांकि आरोप है कि पुलिस ने आवेदन लेकर केवल औपचारिकता निभाई और अब तक मामले की जांच या पूछताछ के लिए घटनास्थल तक नहीं पहुंची है. इस घटना से परिवार दहशत में है और सुरक्षा की मांग कर रहा है.वहीं इस संबंध में फुलवारी शरीफ थानाध्यक्ष से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका. पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है.

## केंद्रीय बजट से समाज के सभी वर्गों का विकास संभव

### देश की प्रगति और समाज की उन्नति के लिए मिलजुल कर काम करने की जरूरत डॉ भारती



**पटना (एजेंसी)** केंद्रीय बजट से समाज के सभी वर्गों का विकास संभव है अगर खामियां रह गई है तो उसमें सुधार के लिए मिलकर बात करने की जरूरत है लेकिन केंद्रीय बजट पर राजनीति करना सही नहीं या बातें रिकॉर्ड अस्पताल के निदेशक डॉक्टर बी बी भारती ने कही उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट से न केवल समाज के सभी वर्गों का विकास संभव है बल्कि देश विकास के पद पर अग्रसर हो सकता है लोकतंत्र में आलोचना करना मौलिक अधिकार है लेकिन इस मौलिक अधिकार का गलत दुरुपयोग सही नहीं है मैं मानता हूं के केंद्र सरकार के द्वारा लिए गए सभी फैसला सही नहीं हो सकते अर्थात लोकतंत्र में विपक्ष को शक्ति प्रदान की जाती है कि वह सरकार के द्वारा लिए गए गलत फैसले के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हम लोकसभा की कार्रवाई को चल नहीं थे लोकसभा लोकतंत्र का एक बड़ा मंदिर है अर्थात जनता के समस्याओं के समाधान के लिए जनता ने अपनी जनता प्रतिनिधियों को चुनाव जीत कर लोकसभा और राज्यसभा में भेजा है मेरा मानना है कि समय अनमोल है और समय का उपयोग करते हुए जहां तक संभव हो सके लोकतंत्र के मंदिर में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर काम करें डॉक्टर भारतीय ने कहा कि विगत कई वर्षों से यह देखा जा रहा है की लोकसभा हो या राज्यसभा या फिर विधान सभाएं हर जगह समय को बर्बाद किया जा रहा है जनता के समस्याओं के समाधान के लिए ना तो मिलकर सदन को चलाया जा रहे हैं इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों दोषी हैं भारतीय लोकतंत्र में संविधान ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की अपनी अपनी सीमाएं निर्धारित की है अर्थात सभी जनप्रतिनिधियों के जिम्मेदारी बनती है कि वह एकता के सूत्र में बंध कर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए बिजनौरकर कम करें डॉक्टर भारतीय नहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नितेश कुमार ने जिस प्रकार 20 वर्षों के साधन कल में बिहार को एक विकसित प्रदेश बनाया है उसके लिए मैं अपनी ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं बिहार एकमात्र इकरौटा राज्य है जहां इंजीनियर मुख्यमंत्री अपने पद पर रहते हुए जनता की समस्याओं का समाधान के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और विपक्ष को भी साथ लेकर चलने का उनका जो तरीका है वह मुझे बेहद पसंद है हम आशा करते हैं की बिहार को विकसित प्रदेश बनाने के लिए बिहार में इन 20 वर्षों के दौरान जो विकास कार्य किए गए हैं उसके सार्थक परिणाम सामने आए हैं यही कारण है कि आज 23 के दूसरे राज्यों ने बिहार से सबक लेना शुरू कर दिया है यह हमारे लिए गर्व की बात है हम शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रगति कर रहे हैं और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का जो लक्ष्य हमने निर्धारित किया था उसमें भी हमें सफलता मिली है पटना का फोर्ट हॉस्पिटल बेहतर चिकित्सा समिति उपलब्ध कराने में सफल रहा है और आगे पर हमारा प्रयास जारी है कि अस्पताल बिहार को स्वच्छ सेवा के क्षेत्र में निर्भर बनाने में सफल होगा

## जनता ने नकारा तो कोर्ट का इस्तेमाल कर रहे'

**पटना (एजेंसी)** प्रशांत किशोर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने 2025 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की और मांग को खारिज कर दिया है। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसकी मांग को सुप्रीम कोर्ट ने मानने से मना कर दिया है। कोर्ट ने जनसुराज पार्टी को पहले हाईकोर्ट जाने को कहा है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जनता ने आपको नकार दिया तो कोर्ट का इस्तेमाल लोकप्रियता हासिल करने के लिए कर रहे हैं। इसके बाद जनसुराज पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली। उन्होंने कहा कि फ्रीबीज (मुफ्त योजनाओं) के मुद्दे की हम जांच कर रहे हैं। लेकिन यहां ऐसा मामला है, जहां एक पॉलिटिक्ल पार्टी, जो चुनाव में सब कुछ हार गई, हमारे सामने आ गई है। हम राजनीतिक दलों के कहने पर फ्रीबीज के मुद्दे की जांच नहीं करना चाहते हैं। जो राज्य गरीब हैं और बजट में भी इसका प्रावधान नहीं था, ना ही पॉलिसी मैटर था लेकिन वहां सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार ने चुनाव के दौरान जब आदर्श आचार संहिता लागू थी, तो महिलाओं के खाते में दस दस हजार रुपए डाले. ये चुनावी आचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि इस योजना के तहत चुनाव प्रक्रिया के दौरान 15600 करोड़ रुपए महिला वोटरों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए? सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया था कि चुनाव के दौरान बिहार सरकार ने गैरकानूनी तरीके अपनाए, इसलिए चुनाव रद्द करके दोबारा करवाए जाएं। याचिका में कहा गया था कि राज्य में जब आदर्श आचार संहिता लागू थी,

## जन्मजात दय रोग से जूझती नन्ही रोशनी को मिला नया जीवन



**पटना (एजेंसी)** ग्रामीण भारत में आज भी कई परिवार ऐसे हैं, जहाँ बच्चों की बीमारी को किस्मत या कमजोरी मानकर सह लिया जाता है। आर्थिक तंगी, जानकारी का अभाव और बड़े अस्पतालों तक पहुँच न होने के कारण कई मासूम बच्चे समय पर इलाज से वंचित रह जाते हैं।जन्मजात हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारी ऐसे ही परिवारों के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर आती है जहाँ हर धड़कन माता-पिता के लिए चिंता बन जाती है। लेकिन जब संवेदना, सरकारी संकल्प और स्वास्थ्य तंत्र की सक्रियता एक साथ खड़ी होती है, तब असंभव भी संभव हो जाता है। जिले के पोठिया प्रखंड अंतर्गत चिचवाबाड़ी गांव की रहने वाली 3.5 वर्षीय रोशनी कुमारी की कहानी इसी भरोसे और उम्मीद की मिसाल बनकर सामने आई है। जन्म से कमजोर दिल, हर सांस पर डरः रोशनी कुमारी, पिता रामू बारोई, उम्र मात्र साढ़े तीन वर्ष लेकिन बीते वर्षों में उसने वह संघर्ष झेला, जिसे शब्दों में बाँधना कठिन है। बार-बार सांस फूलना, खेलते समय जल्दी थक जाना, वजन का न बढ़ना और सामान्य बच्चों से अलग व्यवहार ये सभी संकेत परिवार को अंदर ही अंदर डरा रहे थे।पर सीमित साधनों और जानकारी के अभाव में परिवार किसी बड़े इलाज की कल्पना भी नहीं कर पा रहा था। ऐसे में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के लिए रोशनी तक पहुँचना एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ।आरबीएसके स्क्रीनिंग ने बदली रोशनी की किस्मत जिले के आरबीएसके टीम द्वारा नियमित क्षेत्रीय भ्रमण और बाल स्वास्थ्य जांच के दौरान रोशनी की जांच की गई, जिसमें जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई।

## राजगीर- धर्मशाला में फंदे से लटके मिले 4 जैन पर्यटक



**पटना (एजेंसी)** नालंदा के राजगीर में दिगंबर जैन धर्मशाला में शुक्रवार को संदिग्ध हालत में चार पर्यटकों के शव मिले हैं। पुलिस ने धर्मशाला के कमरा संख्या 6 अइ से इन शवों को बरामद किया है। कमरा अंदर से बंद था। बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद कमरा खोला गया, तो चार शव कमरे के चार कोने में फंदे से लटके मिले। मृतकों में 3 महिलाएं और एक पुरुष हैं। तीनों महिलाओं के हाथ रस्सी से पीछे की तरफ बंधे हुए हैं, जबकि पुरूष का हाथ आगे की तरफ बंधा हुआ है। महिला के मुंह पर रेड टेप लगा हुआ है। बुजुर्ग महिला पैर से दिव्यांग भी है। सभी धार्मिक यात्रा पर 31 जनवरी को राजगीर पहुंचे थे। 2 फरवरी तक धर्मशाला के लोगों ने इन्हें देखा, उसके बाद से कमरा नहीं खुला था। सभी बेंगलुरु के रहने वाले थे। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। शव फिलहाल कमरे में ही हैं। कमरे से अभी भी बदबू आ रही है। जांच के लिए डॉग स्क्वॉड और ऋइछ की टीम पहुंच गई है। इसी धर्मशाला में 4 जैन अनुयायी 31 जनवरी को आए थे, जिनकी आज शुक्रवार को कमरे में फंदे से लटकी लाश मिली। इसी धर्मशाला में 4 जैन अनुयायी 31 जनवरी को आए थे, जिनकी आज शुक्रवार को कमरे में फंदे से लटकी लाश मिली। धर्मशाला पहुंची एंबुलेंस, इसी से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया जाएगा। धर्मशाला पहुंची एंबुलेंस, इसी से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया जाएगा।

कमरे को सील किया गया घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कमरे को पूरी तरह से सील कर दिया है। किसी को भी अंदर जाने की मनाही है। मौके पर डीएसपी राजगीर, थानाध्यक्ष के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस टीम धर्मशाला के इंचार्ज मुकेश जैन और वहां मौजूद अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। नेपाल से घूमते हुए राजगीर आए थेः धर्मशाला इंचार्ज धर्मशाला में 50 कमरे हैं। लगभग सभी कमरों में पर्यटक हैं। धर्मशाला के इंचार्ज मुकेश जैन ने बताया, 'चार लोग 31 जनवरी को धर्मशाला आए थे। चारों ने बताया कि नेपाल से घूमते हुए हमलोग राजगीर घूमने आए हैं। चारों में से एक ने अपना आधार कार्ड दिया था। जिसमें नाम- जीआर नाग प्रसाद और पता बेंगलुरु का है। बाकी लोगों ने पहचान पत्र नहीं दिया था।'

## बिहार में फरवरी अंत तक ठंड से राहत नहीं



**पटना (एजेंसी)** बिहार में मौसम सामन्य बना हुआ है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंडक महसूस की जा रही है, जबकि दिन में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिल रही है। मौसम विभाग ने आज किसी भी जिले में कोहरे का अलर्ट जारी नहीं किया है। आज सुबह बगहा-मधुबनी में कोहरा छाया हुआ है। हालांकि, आने वाले दिनों में पहाड़ी इलाकों में फिर से बारिश और बर्फबारी की संभावना है, जिससे बिहार में इसका असर देखा जा सकता है। फरवरी के दूसरे सप्ताह से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। पटना में फिलहाल मौसम सामान्य से हल्का ठंडा रहने की संभावना है। सुबह हल्की ठंड या ठंडी हवा महसूस हो सकती है, जबकि दिन में धूप निकलने से राहत मिलेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 10.3 डिग्री के साथ सीवान सबसे ठंडा जिला रहा। जबकि मोतिहारी में 10.6 डिग्री, समस्तीपुर में 10.9 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। पटना में न्यूनतम तापमान सबसे अधिक 14 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत इस समय ट्रांजिशन फेज में है, यानी ठंड धीरे-धीरे खत्म हो रही है लेकिन पूरी तरह विदा नहीं हुई है। जब तक पश्चिमी विक्षोभ और जेट स्ट्रीम का असर बना रहेगा, तब तक तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। फरवरी के दूसरे सप्ताह से ठंड में धीरे-धीरे कमी आने की संभावना जताई जा रही है।

## पटना में सेंटर का विजुअल बनाने से रोका,मजिस्ट्रेट बोले- मार खाइएगा



**पटना (एजेंसी)** पटना के कदमकुआं स्थित पाटलिपुत्रा स्कूल के बाहर छात्रों का वीडियो बनाने पर मजिस्ट्रेट ने भास्कर रिपोर्टर को रोक दिया। कहा, वीडियो मत बनाओ वरना मार खाओगे। थाने की गाड़ी बुलाएं क्या? नालंदा के सोगरा कॉलेज में भास्कर रिपोर्टर को विजुअल बनाने से रोकते अधिकारी। नालंदा के सोगरा कॉलेज में भास्कर रिपोर्टर को विजुअल बनाने से रोकते अधिकारी। अब तक 50 परीक्षार्थी निष्कासित बिहार बोर्ड ने परीक्षा के पहले 3 दिनों में कुल 50 छात्र-छात्राओं को निष्कासित किया है। पहले दिन 26 परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में बाहर किया गया, जिसमें नवादा जिला सबसे आगे रहा। नवादा से 13 परीक्षार्थी निष्कासित हुए। वहीं जहानाबाद और गोपालगंज से 3-3, मधेपुरा और भागलपुर से 2-2 परीक्षार्थी बाहर किए गए। इसके अलावा गया, अररिया और कटिहार से 1-1 परीक्षार्थी निष्कासित हुए। दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही, जिसमें 6 परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। इनमें नवादा से 3, रोहतास से 2 और सिवान से 1 परीक्षार्थी शामिल है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कदाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति लागू रहेगी। पेपर पैटर्न में ऑब्जेक्टिव सवालों की संख्या ज्यादा बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड के अनुसार हर विषय में 50 प्रतिशत प्रश्न ऑब्जेक्टिव होंगे। सब्जेक्टिव प्रश्नों में भी विकल्प दिए

# फिल्म 'ओ रोमियो' का नया गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज



बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ओ रोमियो' का नया गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज कर दिया है। खास बात यह है कि इस गीत को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी है। कुछ दिनों पहले ही अरिजीत ने प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने की घोषणा की थी, ऐसे में उनका यह नया गीत सुनना फैंस के लिए किसी सरप्राइज गिफ्ट से कम नहीं है। गाने का संगीत विशाल भारद्वाज ने तैयार किया है, जबकि इसके बोल मशहूर गीतकार गुलजार ने लिखे हैं। 'इश्क का फीवर' की शुरुआत फरीदा जलाल की एक प्रभावी लाइन से होती है, जो आगे चलकर एक खूबसूरत और रोमांटिक मेलोडी में ढल जाती है। गीत में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की कोमल केमिस्ट्री पूरे गाने की भावनाओं को और गहराई देती है। यह ऐसा गीत है जो धीरे-धीरे श्रोताओं के दिल में उतरता जाता है। टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध यह गाना वैलेंटाइन वीक के लिए एकदम परफेक्ट माना जा रहा है। अरिजीत सिंह की सुमधुर आवाज और गुलजार के भावपूर्ण बोल इस रोमांटिक समय के लिए एक खास एहसास लेकर आते हैं। रिलीज होते ही गीत को दर्शकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म 'ओ रोमियो' में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के साथ अविनाश तिवारी, नाना पाटेकर, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे दमदार कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म हुसैन जैदी की किताब 'माफिया क्वींस ऑफ मुंबई' से प्रेरित है। इसमें शाहिद कपूर माफिया डॉन हुसैन उस्तरा की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि तृप्ति सपना उर्फ सपना दीदी के किरदार में दिखाई देंगी। हाल ही में फिल्म का एक और गाना 'हम तो तेरे ही लिए' रिलीज किया गया था, जिसमें शाहिद और तृप्ति के किरदारों के बीच रोमांस दर्शाया गया था।

# रामायण में राजा दशरथ के किरदार में निभाएंगे अरुण गोविल

साल 1987 में टीवी पर प्रसारित रामानंद सागर के फेमस धार्मिक शो रामायण में सबसे ज्यादा प्रशंसा अरुण गोविल को मिली थी। अब अभिनेता अरुण गोविल एक बार फिर सुर्खियों में हैं, क्योंकि वह नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म रामायण में राजा दशरथ के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में अरुण गोविल ने बताया कि किसी आईकोनिक किरदार की छवि दर्शकों की यादों में जब गहराई से बस जाती है, तो तुलना होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, जब कोई स्टैंडर्ड सेट होता है, तो तुलना हमेशा होती है। भगवान का रोल निभाने के लिए लुक बहुत जरूरी है। जब लोग आपको देखें, तो उन्हें आप में भगवान दिखें और वे सोचें, भगवान ऐसे हो सकते हैं। उनके इस बयान से साफ है कि वह फिल्म के लिए पूरी तरह तैयारी के साथ अपना किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर, रावण के रूप में यश, सीता के रूप में साई पल्लवी, भगवान हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे शामिल हैं। पहले लुक के सामने आने के बाद से फिल्म की तुलना रामानंद सागर के 1987 के टीवी शो से की जा रही है, और खासकर रणबीर कपूर के भगवान राम के लुक पर दर्शक और फैंस चर्चा कर रहे हैं। फिल्म को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियो और डीएनईजी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस ने वीएफएक्स में योगदान दिया है। इस महाकाव्य की पहली कड़ी दिवाली 2026 में आईमेक्स में रिलीज होगी, जबकि दूसरा हिस्सा दिवाली 2027 में देखने को मिलेगा। अरुण गोविल के राजा दशरथ के रूप में लौटने और इस स्टारकास्ट के साथ फिल्म के साथ जुड़ने से दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं।





# किसी नए म्यूजिक प्रोजेक्ट पर काम कर रही अक्षरा सिंह

हाल ही में इंस्टाग्राम पर भोजपुरी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री अक्षरा सिंह एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह कंडेसर माइक्रोफोन के सामने हाथ में कप लिए खड़ी नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश। इस पोस्ट को देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि अभिनेत्री किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की उन कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। हाल ही में उनका गाना बालम जी रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। कहा जाता है कि उनके माता-पिता भी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हुए थे, जिससे अक्षरा ने इस क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म सत्यमेव जयते से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह तबादला, सरकार राज और सत्या जैसी एक्शन-रोमांस फिल्मों के लिए जानी गईं। अक्षरा टीवी इंडस्ट्री में भी सक्रिय रही हैं और उन्होंने बिग बॉस ओटीटी, सर्विस वाली बहू, पोरस और काला टीका जैसे शो में काम किया है। अभिनेत्री जल्द ही निरहुआ के साथ फिल्म सात फेरे चार वचन और अम्बे है मेरी मां में नजर आएंगी।

दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है और जल्द ही ट्रेलर रिलीज होने वाला है, हालांकि फिल्म की रिलीज़ डेट अभी सामने नहीं आई है। इसके अलावा अक्षरा अपनी निजी जिंदगी और विवादों के कारण भी अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनका नाम भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह से जुड़ चुका है। अब फैंस उनकी अगली फिल्म और नए गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि अभिनेत्री अक्षरा सिंह सोशल मीडिया और अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। उनके फैंस हर पोस्ट को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं और उनकी एक झलक भी दर्शकों को नए प्रोजेक्ट का अंदाजा दे देती है।

# भारतीय महिलाएं ही असली हीरो होती हैं: रानी मुखर्जी



बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि भारतीय महिलाएं ही असली हीरो होती हैं। रानी का मानना है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी देश मजबूत बन पाएगा। वह हमेशा से अपनी फिल्मों के जरिए भारतीय महिलाओं को सकारात्मक और सशक्त छवि में प्रदर्शित करना चाहती हैं। अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'मर्दानी 3' में दमदार किरदार निभाकर रानी मुखर्जी इन दिनों चर्चा में है। एक खास चर्चा में रानी ने कहा, 'जब से मैंने इस इंडस्ट्री में कदम रखा है, मेरा मकसद हमेशा भारतीय महिलाओं को उनकी असली रोशनी में दिखाना रहा है। चाहे वह पत्रकार हों, पुलिस अधिकारी हों, शिक्षक हों या गृहणी मेरे लिए वे सभी वास्तविक जीवन की मर्दानी हैं।' उन्होंने कहा कि फिल्मों के माध्यम से वह दुनिया को बताना चाहती हैं कि भारतीय महिलाएं कितनी मजबूत, खास और हकदार हैं। रानी मुखर्जी के अनुसार, महिलाओं का सशक्तीकरण सीधे देश की शक्ति से जुड़ा है। उन्होंने कहा, 'जब भारतीय महिलाएं सशक्त होंगी, तो देश भी सशक्त होगा। इसलिए मैं हमेशा ऐसे किरदार चुनती हूं, जो महिलाओं की ताकत और हिम्मत को सामने लाते हैं।' अपने फिल्मी सफर की शुरुआत से ही रानी ने एक से बढ़कर एक प्रभावशाली महिला किरदार निभाए हैं। 'राजा की आएगी बारात' में रेप सर्वाइवर, 'मेहंदी' में सामाजिक अन्याय से लड़ने वाली महिला, 'हिचकी' में टॉरेट सिंड्रोम से जूझती अध्यापिका, 'मर्दानी' फेंचाइज़ में निडर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय और 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में अपने बच्चों के लिए पूरा सिस्टम चुनौती देने वाली मां देबिका—ये सभी किरदार समाज में महिलाओं की हिम्मत और संघर्ष को सामने लाते हैं। रानी का कहना है कि हर भारतीय महिला के भीतर एक अनोखी 'सुपरपावर' होती है। 'भारतीय महिलाएं बेहद खूबसूरती से अपने कर्तव्यों का निर्वाह करती हैं, परिवार और करियर के बीच संतुलन बनाती हैं और हर चुनौती का हिम्मत से सामना करती हैं। यही उनके भीतर छिपी वास्तविक शक्ति है,' उन्होंने कहा। नेशनल अवॉर्ड विजेता रानी मुखर्जी रोजमर्रा की जिंदगी में संघर्ष करने वाली महिलाओं को अपनी प्रेरणा मानती हैं। उन्होंने कहा, 'ये महिलाएं हर दिन हिम्मत के साथ आगे बढ़ती हैं और हर मुश्किल को पार करती हैं। मुझे अपने निभाए हर किरदार से प्रेरणा मिली है।' 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' की देबिका का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बन जाती हैं।

# मेधा राणा के लिए 'बॉर्डर 2' बनी मील का पत्थर



हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा ने अपने भीतर चल रही असमंजस की जंग को जीतने की प्रक्रिया पर खुलकर बात की। अभिनेत्री मेधा ने बताया कि साल 2022 से अब तक उनके जीवन में सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में मैं अक्सर खुद को लेकर उलझन में रहती थी। मुझे लगता था कि शायद मैं इस इंडस्ट्री के लिए बनी ही नहीं हूं। ऐसे विचार मेरे भीतर असुरक्षा पैदा करते थे और आगे बढ़ने में बाधा डालते थे।' मेधा ने आगे बताया कि शुरुआती दिन बेहद चुनौतीपूर्ण थे। उन्होंने लगातार खुद पर शक किया और अपने फैसलों को लेकर आश्वस्त नहीं थीं। इंडस्ट्री को समझने, अपने आप को पहचानने और परिस्थितियों को स्वीकारने का सफर उनके लिए लंबी सीख साबित हुआ। मेधा ने कहा, 'मैंने अपने आप से लड़कर खुद को पाया। अब मैं अपनी कमियों और खूबियों दोनों को सहजता से स्वीकार करती हूं। यही स्वीकार्यता मेरे आत्मविश्वास की सबसे बड़ी वजह बनी।' उन्होंने 'बॉर्डर 2' को करियर का अहम मोड़ बताया। दर्शकों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया ने उनके भीतर नया भरोसा जगाया। उन्होंने कहा, 'जब किसी कलाकार को उसके काम के लिए सराहना मिलती है, तो वह खुद पर यकीन करने लगता है। 'बॉर्डर 2' ने मुझे एहसास दिलाया कि मैं अपने हुनर में सक्षम हूं और मेहनत रंग ला सकती है।' अभिनेत्री ने कहा कि अब वह अपने अभिनय कौशल और फैसलों पर ज्यादा विश्वास करती हैं। यह आत्मविश्वास उनके जीवन की सबसे बड़ी ग्रोथ बन चुका है और उन्हें आगे बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है। मेधा का यह सफर बताता है कि आत्मस्वीकृति और मेहनत के साथ किसी भी कलाकार के लिए असमंजस को पार करना संभव है। मालूम हो कि फिल्म इंडस्ट्री में कई कलाकार कैमरे के सामने मजबूत दिखते हैं, लेकिन अंदर चल रही लड़ाई को वे अक्सर छुपाते हैं।



# 'योगी दा' में साई धनशिका ने खुद किए दमदार स्टंट

अभिनेत्री साई धनशिका अपनी आने वाली फिल्म 'योगी दा' को लेकर सुर्खियों में हैं। साउथ सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेती इस एक्शन एंटरटेनर में दमदार स्टंट करती दिखाई देंगी। हाल ही में अभिनेत्री ने एक इवेंट में बताया कि फिल्म में किए गए हर एक्शन सीक्वेंस उन्होंने बिना किसी बॉडी डबल के खुद पूरा किया है। उनका कहना है कि अगर महिलाएं ठान लें, तो वे किसी भी मामले में पुरुषों से पीछे नहीं हैं, खासकर स्टंट और एक्शन के मामले में। धनशिका ने कहा कि उनका पहला एक्शन अनुभव फिल्म 'पेरानमाई' में हुआ था, जिसने आगे चलकर उनकी काफी मदद की। 'योगी दा' में शूट किए गए सभी एक्शन सीन्स के दौरान उन्होंने खुद को लगातार चुनौती दी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि फिल्म का संदेश बेहद महत्वपूर्ण है आज महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, और समाज अक्सर यह मान लेता है कि शारीरिक चोट के बाद एक महिला फिर से पहले जैसी नहीं हो सकती। लेकिन यह फिल्म यह दिखाती है कि महिलाएं किसी भी दर्द और मुश्किल से उबरकर और अधिक मजबूत बनकर वापस खड़ी हो सकती हैं। अभिनेत्री ने फिल्म के शीर्षक की दिलचस्प कहानी साझा करते हुए कहा कि 'योगी दा' का नाम रजनीकांत की फिल्म 'कबाली' से प्रेरित है।

धनशिका ने 'कबाली' में रजनीकांत की बेटी 'योगी' का किरदार निभाया था। वहीं से इस फिल्म के नाम और लुक की प्रेरणा मिली। उन्होंने बताया कि 'कबाली' के लिए उन्होंने अपने बाल कटवाए थे, जिसके बाद कई महिलाओं ने भी प्रेरित होकर ऐसा ही किया। इस अनुभव ने उन्हें महसूस कराया कि फिल्मों का प्रभाव लोगों की सोच और जीवन पर कितना गहरा हो सकता है। धनशिका ने अपनी टीम का आभार जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्थन के बिना यह फिल्म संभव नहीं थी। उनका मानना है कि कलाकार का असली परिचय उसके काम से होता है, और वही उनकी मेहनत को दर्शाता है। गौतम कृष्णा द्वारा लिखित और निर्देशित 'योगी दा' को श्री मोनिका सिनी फिल्म्स के बैनर तले सेंथिलकुमार ने प्रोड्यूस किया है।

# शाजिया इकबाल की आलोचना से मचा बवाल



रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर ने रिलीज़ के बाद दर्शकों का भरपूर प्यार हासिल किया और बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। लेकिन इसी बीच एक जानी-मानी फिल्म निर्देशक की आलोचनात्मक टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी। निर्देशक शाजिया इकबाल ने फिल्म की अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना करते हुए इसे 'बेहद घटिया फिल्म' बताया और आरोप लगाया कि फिल्म में नफरत और हिंसा को बढ़ावा देने वाले तत्व मौजूद हैं। उन्होंने दावा किया कि ऐसा अनजाने में नहीं, बल्कि जानबूझकर किया गया है। हालांकि, शाजिया ने यह भी स्वीकार किया कि तकनीकी रूप से फिल्म बेहतरीन है और इसका बैकग्राउंड म्यूजिक बेहद प्रभावशाली है। उनके इस मिश्रित समीक्षा वाले बयान के सामने आते ही सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कई यूज़र्स ने उनके बयान पर नाराज़गी जताई, वहीं कुछ ने इसे उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बताते हुए समर्थन किया। विवाद बढ़ने और लगातार ट्रोलिंग होने के बाद शाजिया इकबाल ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट प्राइवेट कर लिया। यह कदम साफ संकेत देता है कि ऑनलाइन आलोचना और विवाद ने उन पर असर डाला है। वहीं, फिल्म के समर्थक अब भी रणवीर सिंह और मेकर्स की तारीफ करते नजर आ रहे हैं, जबकि इस विवाद ने सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है।



# बचपन में जैकी श्रॉफ के लिए दो वक्त की रोटी का इंतजाम था मुश्किल

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ ने 69वां जन्मदिन मनाया। जैकी यानि की बॉलीवुड के 'भिडू' का सफर फिल्मों से कहीं ज्यादा दिलचस्प और संघर्षों से भरा रहा है। मुंबई की एक चॉल में पले-बढ़े जैकी का बचपन बेहद कठिनाइयों में गुजरा। परिवार की आर्थिक हालत इतनी कमजोर थी कि दो वक्त के भोजन का इंतजाम भी मुश्किल से होता था। जैकी के पिता काकूभाई श्रॉफ एक बिजनेसमैन थे, लेकिन घाटा लगने पर उन्होंने ज्योतिष का काम शुरू किया। वे जानते थे कि उनका बेटा जयकिशन काकूभाई श्रॉफ (जैकी) एक दिन बड़ा सितारा बनेगा, मगर गरीबी ने जैकी का विश्वास तोड़ दिया था। जैकी पढ़ाई में रुचि नहीं रखते थे। 7 साल की उम्र में पहली बार मां के कहने पर स्कूल गए, लेकिन पढ़ाई से हमेशा दूरी बनाकर रखी। एक बार उन्होंने पिता से पढ़ाई छोड़ने की इच्छा जताई तो पिता ने सहजता से कहा, 'कोई बात नहीं, वैसे भी तुम्हें एक्टर बनना है।' यह बात जैकी के दिल में बस गई।

जीवनयापन के लिए जैकी ने कई छोटे-मोटे काम किए कभी मूंगफली बेची, कभी ताज होटल में शेफ का काम किया और कभी विज्ञापन एजेंसी में नौकरी की। इस संघर्षभरे दौर में बस स्टैंड पर एक अजनबी ने उनकी पर्सनैलिटी की तारीफ करते हुए उन्हें मॉडलिंग करने की सलाह दी। यही सलाह उनके जीवन का बड़ा मोड़ बनी। उन्होंने नेशनल एडवरटाइजिंग कंपनी का पहला मॉडलिंग प्रोजेक्ट हासिल किया और 7,500 रुपये कमाए, जो उस समय उनके लिए बड़ी रकम थी। कुछ मॉडलिंग प्रोजेक्ट्स के बाद जैकी की मुलाकात देव आनंद से हुई और उन्हें 1982 की फिल्म 'स्वामी दादा' में पहला रोल मिला। हालांकि यह भूमिका छोटी थी, लेकिन इसी बीच उन्हें सुभाष घई की फिल्म 'हीरो' में लीड रोल का बड़ा मौका मिला। शूटिंग के दौरान एक गंभीर दुर्घटना में उनकी नाक और जबड़ा टूट गया, लेकिन निर्देशक सुभाष घई ने उनका साथ नहीं छोड़ा और पूरी फिल्म उनके साथ मिलकर पूरी की।

'हीरो' के बाद जैकी श्रॉफ एक सुपरस्टार बन चुके थे। उन्होंने 'आज का दौर', 'युद्ध', 'कर्मा', 'त्रिमूर्ति', 'लज्जा', 'काश' और 'दिल ही तो है' जैसी सफल फिल्मों में बेहतरीन भूमिकाएं निभाईं। उनकी सहज अदाकारी, स्टाइल और सरल स्वभाव ने उन्हें दर्शकों का 'जैकी दादा' बना दिया। आज जैकी श्रॉफ मनोरंजन जगत के सबसे सम्मानित और प्रिय कलाकारों में से एक हैं एक ऐसा सितारा जिसने गरीबी, संघर्ष और हादसों को मात देकर हिंदी सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाई। बता दें कि हिंदी सिनेमा में कई ऐसे कलाकार हुए जिन्होंने न केवल अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता, बल्कि अपनी स्टाइल और व्यक्तित्व से युवाओं के लिए फैशन आइकॉन भी बने। इनमें सबसे चमकता नाम है बॉलीवुड के 'भिडू', यानी जैकी श्रॉफ का।

# टी20 विश्वकप में आज अमेरिका पर जीत के साथ अपना अभियान शुरू करने उतरेगी भारतीय टीम

**मुंबई (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम शनिवार को यहां टी20 विश्वकप के अपने पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ जीत से शुरुआत करने उतरेगी। भारतीय टीम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 4-1 से जीत दर्ज की है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। भारतीय टीम के पास अभिषेक शर्मा और ईशान किशन जैसी आक्रामक जोड़ी हैं। तिलक वर्मा की वापसी से भी टीम की बल्लेबाजी मजबूल हुई है। वहीं टीम की गेंदबाजी अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती पर आधारित रहेगी। ऐसे में वह जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है।

कप्तान सूर्यकुमार भी इस साल की शुरुआत से ही फार्म में आ गये हैं जिसका भी लाभ टीम को मिलेगा। ईशान किशन ने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर पिछले कुछ समय में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ईशान और अभिषेक शर्मा की जोड़ी भारतीय टीम को धमाकेदार शुरआत दे सकती है।

टीम के पास हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल जैसे ऑल राउंडर हैं। रिंकू सिंह का फार्म में होना भी टीम के लिए सकारात्मक बात है। गेंदबाजी में बुमराह का साथ देने के लिए अर्शदीप सिंह भी हैं। हर्षित राणा हालांकि चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं रहेंगे। टीम के पास कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती जैसा स्पिनर है।

भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। इसके बाद भी वह अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं लेगी। अमेरिकी टीम ने पिछ्ली बार पाकिस्तान हराने के बाद सुपर आठ में भारतीय टीम को भी कड़ी टक्कर दी थी। अमेरिकी टीम ने पिछ्ले साल 9 में से आठ मैच




जीते हैं और टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका में तीन सप्ताह के शिविर में भाग लिया है। ऐसे में उसे कमजोर नहीं माना जा सकता। उसके पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। अमेरिकी टीम की कप्तानी भारतीय मूल के मोनांक पटेल के पास है। उन्हें साइतेजा मुक्कमल्ला तथा मिलिंद कुमार से पूरा सहयोग मिला। वहीं गेंदबाजी में सौरभ नेत्रावलकर , हरमीत सिंह जैसे खिलाड़ी हैं।

## टीम इस प्रकार है

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान/विकेटकीपर), स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर, एंड्रीज़ गौस, मिलिंद कुमार, संजय कृष्णमूर्ति, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, निश्थुश केनजिगे, सौरभ नेत्रावलकर और अली खान।

# मंधाना को डब्ल्यूपीएल ट्रॉफी के साथ ही मिला प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड



**वडोदरा (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दूसरी बार खिताब जीत है। इस जीत के दौरान मंधान ने 87 रनों की आक्रामक पारी खेली जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। आरसीबी ने इससे पहले 2024 में डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता है। आरसीबी को विजेता बनने पर 6 करोड़ का इनाम मिला। वहीं चौथी बार फाइनल में उपविजेता रही दिल्ली कैपिटल्स को 3 करोड़ का इनाम मिली। इसके अलावा स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और सोफी डिवाइन को भी पांच-पांच लाख रुपये की इनामी राशि मिली है। मंधाना ने लीग में सबसे अधिक 377 रन बनाये। वहीं सोफी डिवाइन ने 17 विकेट के साथ पर्पल कैप जीती। युवा खिलाड़ी नंदनी शर्मा ने भी 17 विकेट लिए जिसके लिए उस भी उभरती हुई खिलाड़ी का इनाम मिला। सोफी को मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर और मोस्ट आईक्यू ऑफ द ईयर का इनाम मिला। नंदनी को साल की ईमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला। मुम्बई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस साल लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत पर 6 करोड़ की ईनामी राशि मिली जबकि उपविजेता दिल्ली को 3 करोड़ रुपये मिले। फेयर प्ले अवार्ड के तौर पर मुम्बई को पांच लाख का इनाम मिला है।

डब्ल्यूपीएल में सभी खिलाड़ियों को पांच लाख के इनाम दिये गये हैं। वहीं मैन ऑफ द मैच के लिए मंधाना हो ढाई लाख रुपये मिले हैं।

# मंधाना ने बुखार के बाद भी खेली डब्ल्यूपीएल की सबसे अच्छी पारी : कोच रंगराजन

वडोदरा (ईएमएस)। आरसीबी के कोच मलोलन रंगराजन ने कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार बल्लेबाजी की सराहना की है। कोच ने कहा कि मंधाना ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल की अब तक की सबसे अच्छी पारी खेली है। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिले 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना ने 41 गेंदों में 87 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 से भी अधिक रहा। मंधाना ने अपनी इस पारी में 12 चौके और 3 छक्के लगाए। यह इस टूर्नामेंट के फाइनल की अब तक की सबसे आक्रामक पारी रही है। मंधाना की ये पारी इसलिए भी विशेष है क्योंकि ये उसने बीमार होने के बाद भी खेली। मंधाना को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला है।

कोच रंगराजन ने कहा कि मंधाना ने डब्ल्यूपीएल फाइनल में अपनी सबसे बेहतरीन पारियों में से एक खेली। रंगराजन ने कहा कि मंधाना ने तेज़ बुखार से पीड़ित होने के बाद भी अच्छी पारी खेली। उन्होंने इसका प्रभाव अपनी पारियों पर नहीं होने दिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मंधाना ने अपनी सबसे अच्छी पारियों में से एक फाइनल के लिए बचाकर रखी थी। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि हां, वह पिछले 12 महीनों से बहुत अच्छी फॉर्म में रही हैं। वह गेंद को अपने हिसाब से खेल रहीं थीं। मंधाना और जॉर्जिया के अर्धशतक और दोनों के बीच हुई शतकीय साझेदारी से आरसीबी ने डब्लयूपीएल फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर दूसरी बार खिताब जीत लिया।

# 12 फरवरी के बाद भारत से खेलने तैयार हो जाएगा पाक : चेतन शर्मा

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति के पूर्व प्रमुख चेतन शर्मा ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) 12 फरवरी के बाद भारत से खेलने को तैयार हो जाएगा। चेतन के अनुसार पाकिस्तान सरकार और क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का विश्वकप बहिष्कार का फैसला राजनीतिक है और इसमें बदलावा आना तय है। चेतन का ये बयान हैरानी भरा लगा है क्योंकि गत दिवस ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने साफ कर दिया कि उनकी टीम टी20 विश्वकप में खेलेगी पर भारतीय टीम के खिलाफ मैच का बहिष्कार करेगी। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अब भी उम्मीद है कि पाकिस्तान के रुख में बदलाव होगा क्योंकि मैच न खेलने उसपर प्रतिबंध सहित कई अन्य प्रकार की कार्रवाई की जा सकती है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश को विश्वकप से बाहर किये जाने के विरोध में विश्वकप से नाम वापस लिया है। चेतन ने कहा, 'बांग्लादेश के खिलाड़ियों की क्या गलती थी? कोई नहीं। ये सब राजनीति है. बांग्लादेश में 12 तारीख को चुनाव हैं। उसके बाद आप देखेंगे इस सामले में फैसला पलटेगा। पाक से एक बयान आएगा, जिसमें कहा जाएगा कि जनता की भावना को देखते हुए पाक टीम भारत से खेलेगी क्योंकि खेल को नुकसान नहीं होना चाहिये।' अभी का कड़ा रुख केवल बांग्लादेश चुनाव के कारण है। चुनाव के बाद शायद सेना प्रमुख भी कह दें कि खेल को राजनीति से दूर रखना चाहिए और मैच होना चाहिए।÷चयन समिति के पूर्व प्रमुख चेतन ने कहा कि बहिष्कार से सबसे अधिक नुकसान पाकिस्तान के खिलाड़ियों को हो रहा है। उन्होंने कहा, ÷ पाक बोर्ड ने अभी तक आईसीसी को कुछ भी औपचारिक रूप से नहीं बताया है। इस मामले से खिलाड़ी संश मे हैं।÷ वहीं पीसीबी जो भी करे, भारतीय टीम इस मैच के लिए तय समय पर कोलंबो पहुंचेगी। भारतय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी साफ कर दिया कि टीम कोलंबो जाएगी और मैच खेलेगी। उन्होंने कहा, 'हमारा रुख साफ है हमने खेलने से इंकार नहीं किया। आईसीसी ने जो कार्यक्रम तय किया है। हम उसका पालन करेंगे।÷ पाक टीम ये मैच नहीं खेलती है तो भारतीय टीम को वाकओवर के तौर पर दो अंक मिल जाएंगे।

# बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, सीएम नीतीश कुमार ने की तारीफ, सहवाग भी हुए गदगद

**हरारे (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी की 80 गेंदों पर खेली गई 175 रनों की विशाल पारी की बदौलत भारतीय अंडर-19 पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के सामने 412 रनों का विशाल लक्ष्य रखा है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैभव सूर्यवंशी को बधाई दी है। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे मैच में बिहार के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों में 175 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। वे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। मेरी शुभकामना है कि वैभव भविष्य में भारतीय टीम के लिए नया कीर्तिमान रचें और देश का नाम रौशन करें।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लिखा कि बिहार की शान, भारत का गौरव - वैभव सूर्यवंशी ! अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में 175 रनों की शानदार पारी खेलकर आपने न केवल बिहार का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे देश को गर्व से सराबोर कर दिया है। आपकी मेहनत, लगन और प्रतिभा ने यह साबित कर दिया कि



बिहार के युवा किसी से कम नहीं हैं। आप हमारे लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। आपको इस शानदार उपलब्धि के लिए ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं! आगे भी ऐसे ही देश और प्रदेश का मान बढ़ाते रहें।

उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने लिखा कि बिहार का लाल वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत-इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे फाइनल मुकाबले में 80 गेंदों में 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर न सिर्फ हाईएस्ट स्कोर बनाया, बल्कि एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने और 55 गेंदों में सेकंड फास्टेस्ट सेंचुरी का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। बिहार से निकलकर

### पूरी दुनिया में अपना नाम चमका रहा है

उन्होंने आगे कहा कि यह प्रदर्शन बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणा है और यह संदेश भी कि प्रतिभा और मेहनत से बिहार का बेटा दुनिया में पहचान बना सकता है। वैभव आगे भी इसी तरह क्रिकेट के लिए नए कीर्तिमान रचें और बिहार एवं देश का गौरव बढ़ाते रहें। उनकी इस शानदार पारी के बाद, पूर्व क्रिकेटरों ने तुरंत उनकी उपलब्धि को सराहा और सोशल मीडिया पर अलग-अलग पोस्ट के जरिए उन्हें बधाई दी। इनमें वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान, इयान बिशप और माइकल वॉन शामिल थे।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने X पर एक पोस्ट में सूर्यवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा, 'वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों में 175 रन बनाए। 15 चौके + 15 छक्के - बराबर चौके, बराबर छक्के, बराबर तबाही। सूर्यवंशी = सूर्य वंश से जन्मे। आज उन्होंने बिल्कुल सूर्यवंशी की तरह बल्लेबाजी की! धधकते हुए। बेकाबू। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने हर संभव कोशिश की। लेकिन आप सूर्य को नहीं रोक सकते। भारतीय क्रिकेट पर सूर्य उदय हो गया है! यह भविष्य की एक झलक है।'

# चोटिल हर्षित राणा की जगह इस भरोसेमंद खिलाड़ी को मिली भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह

मुंबई। भारत के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को दक्षिण अफीका के खिलाफ अभ्यास मैच में घुटने की चोट के कारण शुक्रवार को टी20 विश्व कप से बाहर होना पड़ा और सूत्रों के मुताबिक उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले स्वीकार किया था कि इस 24 साल के गेंदबाज की स्थिति अच्छी नहीं लग रही। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार राणा की जगह टीम में साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। सूर्यकुमार की बातों से पहले ही लगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल इस गेंदबाज के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। भारतीय टीम विश्व कप में अपना अभियान शनिवार को अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगी। सूर्यकुमार ने शुक्रवार को मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'राणा को अभी बाहर नहीं किया गया है, हमारे फिजियो उनका आकलन कर रहे हैं, लेकिन उनके चोट की स्थिति अच्छी नहीं लग रही है।' सूर्यकुमार यादव ने हालांकि इसे ज्यादा बड़ी समस्या नहीं माना था। उन्होंने कहा, 'चिंता की बात नहीं है, हमारे पास कल (शनिवार) के लिए 11 खिलाड़ी हैं। यह हालांकि निश्चित रूप से एक बड़ा झटका होगा क्योंकि 15 खिलाड़ियों की टीम बहुत सोच-विचार के बाद बनाई जाती है और उसे भी काफी सोच-विचार के बाद ही शामिल किया गया था।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'वह अगर उपलब्ध नहीं होते हैं, तो हम अलग-अलग संयोजन अपनाएंगे। हमारे पास इस टूर्नामेंट में सभी टीम के खिलाफ खेलने के लिए पर्याप्त खिलाड़ी और संयोजन मौजूद हैं। वह अगर उपलब्ध नहीं होते हैं, तो हमें उनकी कमी निश्चित रूप से खलेगी।' राणा ने दक्षिण अफीका के खिलाफ अभ्यास मैच में केवल एक ओवर डाला जिसमें उन्होंने 16 रन दिए और उसके बाद घुटने की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए। राणा हालांकि भारत की शुरुआती एकादश का हिस्सा नहीं थे। उनका 9 टी20 अंतरराष्ट्रीय में इकोनॉमी रेट भी 10.60 का है। वह हालांकि विशिष्ट परिस्थितियों में एक उपयोगी विकल्प साबित हो सकते थे। वह निचले क्रम में भी बल्ले से योगदान देने में सक्षम है। इसके साथ ही हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर भी मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हैं।

# हेजलवुड टी20 विश्व कप से बाहर हुए: सीए

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई टीम को टी20 विश्वकप से पहले ही करारा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड फिट नहीं होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार हेजलवुड को टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण बाहर कर दिया गया है। हेजलवुड को एशेज सीरीज शुरू होने से पहले ही शेफील्ड शील्ड के अंतिम मैच में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इसी वजह से वह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल सके। रिकवरी के दौरान उन्हें एड़ी में भी समस्या हो गई, जिससे उनकी वापसी अभी संभव नहीं है। हेजलवुड पिछ्ले साल 12 नवंबर के बाद से से ही मैदान से बाहर हैं। इसके बाद भी उन्हें विश्व कप तक फिट होने की उम्मीद में टीम में शामिल किया गया था हालांकि वह टीम के साथ श्रीलंका नहीं गये थे। वहीं अब चयनकर्ताओं ने कहा है कि उन्हें पूरी




तरह से फिट होने में समय लगेगा।

चयनकर्ता टोनी डोडमाइड ने कहा, हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर-8 स्टेज तक मैच फिटनेस हासिल कर लेंगे पर इसमें उन्हें अभी कुछ समय लगेगा। अभी अगर उन्हें उतारा जाये तो ये नुकसानदेह होगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने हालांकि अभी हेजलवुड की जगह किसी नए खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की है। चयनकर्ताओं का कहना है कि शुरुआती मैचों के लिए टीम संतुलित है और आगे टूर्नामेंट की जरूरत और हालातों के हिसाब से फैसला होगा। हेजलवुड टी20 के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उना रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। उन्होंने 2021 में यूएई में हुए टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 रन देकर 3 विकेट लिए थे। उन्होंने 20.44 की औसत और 7.57 की इकॉनमी रेट से 133 विकेट लिए हैं। ऐसे में उनकी कमी पूरी करना संभव नहीं होगा।

हेजलवुड के अलावा तेज गेंदबाज पैट कमिंस भी चोटिल हैं। ऐसे में युवा ज़ेवियर बार्टलेट और बेन ड्वार्शुइस को टीम में रखा गया है। इसके अलावा ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर सीन एबॉट शामिल किये गये हैं जो हेजलवुड की जगह ले सकते हैं।

वहीं अन्य खिलाड़ियों की बात करें तो नाथन एलिस और टिम डेविड ग्रुप चरण के लिए शामिल रहेंगे। ये दोनो भी हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझ रहे थे। वहीं स्पिनर एडम ज़म्पा के भी अगले सप्ताह कोलंबो में होने वाले पहले मैच से पहले फिट होने की संभावनाएं हैं। विश्वकप में टीम की कप्तानी मिचेल मार्श संभाल रहे हैं।

# नेपाल के दीपेंद्र के नाम है टी20 में सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड

मुम्बई। आईसीसी टी20 विश्वकप में रोहित पौडेल की कप्तानी में नेपाल की टीम उतरेगी। नेपाल को विश्व कप लिए ग्रुप-सी में रखा गया है। इस ग्रुप में इटली, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड की टीमें शामिल है। नेपाली टीम अपने चारों लीग मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेलेगी। उसका शुरुआती मुकाबला 8 फरवरी को इंग्लैंड से होना है। इसके बाद उसे इटली, वेस्टइंडीज का मुकाबला करना है। नेपाल की टीम के बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी के नाम क्रिकेट इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड दीपेंद्र के नाम है। दीपेंद्र ने हांगझोउ एशियन गेम्स 2023 में मंगोलिया के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में केवल 9 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था। जो इस बार भी टूटना असंभव है। दाएं हाथ के बैटर दीपेंद्र के नाम टी20 मैच के दौरान एक ओवर में छह छक्के जड़ने का भी रिकार्ड है ।टी20 अंतरराष्ट्रीय में नेपाल की ओर से सबसे अधिक रनों का रिकार्ड भी इस खिलाड़ी के नाम है। दीपेंद्र ने 90 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 32.06 के औसत से 1956 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 10 अर्धशतक बनाये। इनके बाद कुशल भुरतेल और आसिफ शेख हैं, जिन्होंने अबतक 70 और 68 मैचों में क्रमशः 1807 एवं 1639 रन बनाए हैं।

मंगोलिया के खिलाफ उस मुकाबले में नेपाल ने तीन विकेट पर 314 रन बनाए थे, जो तब टी20 अंतररष्ट्रीय का सबसे बड़ा स्कोर था हालांकि जिम्बाब्वे ने अक्टूबर 2024 में गाम्बिया के खिलाफ 344/4 का स्कोर बनाकर ये रिकॉर्ड तोड़ दिया था। गेंदबाजों की बात करें तो स्पिनर संदीप लामिछाने टी20 इंटरनेशनल में नेपाल के सबसे सफल गेंदबाज हैं। संदीप ने 67 टी20 अंतररष्ट्रीय मैचों में 12.05 की औसत से 129 विकेट लिए है। नेपाली टीम ने अब तक 112 टी20 अंतररष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं, जिसमें उसने 65 में जीत हासिल की जबकि 41 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। नेपाल की टीम टीम टी20 में वेस्टइंडीज, आयरलैंड और नीदरलैंड्स को भी हरा चुकी है!

# चीन से हारकर भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप से बाहर




किंगदाओ (एजेंसी)। पिछ्ली चैम्पियन भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को दूसरे दर्जे की चीन की टीम से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। भारत ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा। टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जिसे एकतरफा मुकाबले में 9-21, 9-21 से हार गई। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22-24, 18-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। रक्षिता रामराज दूसरे एकल में शू वेन जिंग से 70 मिनट के मुकाबले में 14-21, 21-15, 17-21 से हार गई। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में म्यामांर को 5-0 से हराया था लेकिन थाईलैंड से 2-3 से हार गई थी। भारतीय पुरूष टीम क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया से खेलेगी।

# टी20 विश्व कप के लिए अंपायिंग पैनल में रहेंगे गावस्कर, शास्त्री, सहित कई दिग्गज

दुबई। भारत और श्रीलंका में शनिवार से शुरु हो रहे आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी गयी है। इसमें भारत से सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री, रॉबिन उथप्पा, दिनेश कार्तिक और हर्षा भोगले रहेंगे। इसके अलावा कमेंट्री पैनल में ऑस्ट्रेलिया के एरोन फिंच, श्रीलंका के कुमार संगकारा, एंजेलो मैथ्यूज, वेस्टइंडीज के सैमुअल बद्री और कार्लोस ब्रेथवेट के अलावा दक्षिण अफीका के टेंबा बावुमा रहेंगे। इस टूर्नामेंट में कुल 55 मैच खेले जाएंगे और इन सभी मुकाबलों में यही कमेंटेटर रहेंगे। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने के इरादे से उतरेगी। उसका लक्ष्य तीसरी बार टी20 विश्व कप जीतने के साथ-साथ खिताब को बरकरार रखना है। भारतीय टीम को टूर्नामेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अक्टूबर 2023 के बाद से ही भारतीय टीम ने अपने पिछ्ले 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 48 में जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत पहले ही दिन 7 फरवरी को करेगी। ग्रुप स्तर में उसका पहला मुकाबला अमेरिका के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।



**कमेंटेटरों की पूरी सूची इस प्रकार है-**

रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, इयान बिशप, आरोन फिंच, दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बद्री, रॉबिन उथप्पा, कार्लोस ब्रेथवेट, इयोन मॉर्गन, वसीम अकरम, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, डेल स्टेन, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलॉक, केटी मार्टिन, हर्षा भोगले, म्पुमेलेलो मबांगवा, नताली जर्मनोस, डैनी मॉरिसन, एलन विल्किंस, इयान वार्ड, मार्क हॉवर्ड, निक नाइट, अथर अली खान, कैस नायडू, बाजिद खान, रौनक कपूर, नायल ओब्रायन, प्रेस्टन मॉमसेन, एंड्रयू लियोनार्ड, रसेल अर्नोल्ड, रोशन अबेसिंघे, एंजेलो मैथ्यूज और टेम्बा बावुमा।

# जरूरत पड़ी तो टी20 विश्व कप में भारत दो स्पिनरों को खिलाएगा: सूर्यकुमार यादव

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो भारत टी20 विश्व कप में दो स्पिनरों को खिलाने से संकोच नहीं करेगा। उन्होंने साथ ही वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को लेकर चयन की उलझन को 'बहुत अच्छा सिरदर्द' बताया। कुलदीप और वरुण दोनों ने टी20 विश्व कप से पहले भारत की अंतिम श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 सीरीज में हिस्सा लिया था। लेकिन दोनों को एक साथ केवल रायपुर में हुए दूसरे टी20 मैच में ही मौका मिला जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की।

अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले से पहले मीडिया से बात करते हुए सूर्यकुमार ने कहा, 'यह एक अतिरिक्त फायदा है कि आपके पास इतने अच्छे गेंदबाज उपलब्ध हैं। लेकिन साथ ही आपको टीम संयोजन भी देखना होता है कि किस प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ किसे खिलाया जाए।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'अगर जरूरत होगी कि हम दो स्पिनर या दो कलाई के स्पिनर को खिला सकते हैं तो हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे। लेकिन वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव जैसे विकल्प होना हमेशा अच्छा होता है। ये दुनिया के बेहतरीन स्पिनरों में से हैं और यह एक बहुत अच्छा सरदर्द है।'

सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि टीम के पास दाएं हाथ के बल्लेबाजों की तुलना में बाएं हाथ के बल्लेबाज ज्यादा होना भी एक अच्छी परेशानी है। ईशान किशन के अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय है तो सूर्यकुमार ने जवाब दिया, 'क्या आप चौके-छक्के लगते हुए देखना पसंद नहीं करते?'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक अच्छी परेशानी है और इस पर जरूरत से ज्यादा बातचीत की जा रही है। इस स्तर पर जब आप बाएं हाथ के स्पिनरों या ऑफ स्पिनरों के खिलाफ काफी क्रिकेट खेल चुके हैं, आप इतना क्रिकेट खेल चुके हैं और इतना अभ्यास कर चुके हैं।' उन्होंने कहा, 'किसी भी दिन, चाहे स्पिनर गेंदबाजी कर रहा हो या तेज गेंदबाज और चाहे सामने दो बाएं हाथ के बल्लेबाज हों या दो दाएं हाथ के बल्लेबाज, आपका काम वही करना होता है जो टीम के लिए सबसे बेहतर हो और ऐसा ही हो रहा है।'



## जालंधर मर्डर केस पर गरमाई सियासत, सुखबीर बादल ने पंजाब सरकार पर कसा तंज

चंडीगढ़ (एजेंसी)। जालंधर में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की सरेआम गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले ने पंजाब की राजनीति को गरमा दिया है। इस घटना को लेकर शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला करते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सुखबीर बादल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि पंजाब में अपराध पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं और हालात इतने खराब हैं कि सत्तारूढ़ पार्टी के अपने नेता भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने लिखा कि आम आदमी पार्टी के नेता अपनी ही सरकार में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जो कानून-व्यवस्था की विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने जालंधर के मॉडल टाउन इलाके में गुरुद्वारा साहिब के बाहर हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता लक्की ओबराए की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात न सिर्फ चौंकाने वाली है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा है। सुखबीर बादल के मुताबिक, सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की घटना राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है। अकाली दल प्रमुख ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2026 में अब तक पंजाब में करीब 25 हत्याएं हो चुकी हैं, जबकि महीने के पहले सप्ताह में ही 9 हत्याओं के मामले सामने आए थे। उन्होंने कहा कि ये वारदातें किसी एक इलाके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे राज्य में फैल चुकी हैं। चाहे कोर्ट कॉम्प्लेक्स हो, व्यस्त बाजार, शादी समारोह का स्थल हो या फिर गुरुद्वारा साहिब के बाहर—अपराध हर जगह हो रहे हैं। सुखबीर बादल ने सरकार और पुलिस द्वारा गैंगस्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार भले ही सख्त कार्रवाई के दावे करे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

## भाजपा विधायक को 'लुटेरा' कहने वाले उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पर एफआईआर

लखनऊ (एजेंसी)। सरोजनी नगर से भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह को 'लुटेरा' कहने के मामले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ लखनऊ में एफआईआर की गई है। यह मामला अजय राय द्वारा एक राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान दिए गए बयान से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने विधायक पर देश और प्रदेश को लूटने का आरोप लगाया था। भाजपा नेता शिवशंकर सिंह उर्फ शंकरी की शिकायत पर सरोजनी नगर थाने में यह मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि 1 फरवरी 2026 को सरोजनी नगर के गौरी-बिजनौर रोड स्थित नटकुर तिराहा पर एक राजनीतिक सभा आयोजित की गई थी। इस सभा को संबोधित करते हुए अजय राय ने कहा था कि विधायक राजेश्वर सिंह देश और प्रदेश को लूटने का काम कर रहे हैं और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में रहते हुए भी लूट-खसोट जारी रही। शिकायतकर्ता के अनुसार, अजय राय का बयान पूरी तरह असत्य, तथ्यहीन और मानहानिकारक है, जिससे विधायक की छवि को नुकसान पहुंचा है। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि भाषण को योजनाबद्ध तरीके से रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। भाजपा नेता ने 'रुद्रदमन सिंह' नामक फेसबुक अकाउंट से वीडियो साझा किए जाने का आरोप लगाया है।

## बिहार में नीट छात्रा की मौत का मामला : राबड़ी देवी ने पुलिस पर तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया

पटना (एजेंसी)। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेता राबड़ी देवी ने राज्य में नीट छात्रा की मौत के मामले में पुलिस और सरकार पर तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया है। यह घटना पिछले महीने 6 जनवरी को पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित छात्रावास में हुई थी। जहानाबाद निवासी छात्रा को अचेत अवस्था में पाया गया था और कई दिनों तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को उसने निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। बजट सत्र के तीसरे दिन विधानपरिषद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए राबड़ी देवी ने कहा कि राज्य में किसी भी जिले में अपराध नहीं हो रहे हैं ऐसा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और गृह मंत्री इस मामले में चुप हैं और सभी तथ्यों को छिपाने के बाद इसे सीबीआई को सौंप दिया गया। राबड़ी देवी ने कहा कि सरकार दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है क्योंकि अपराध में शामिल लोग सरकार का हिस्सा हैं। सीबीआई क्या करेगी? यह एजेंसी भी केंद्र सरकार के नियंत्रण में है। इस मामले पर जनता दल यूनाइटेड के विधानपरिषद सदस्य नीरज कुमार ने राबड़ी देवी की टिप्पणियों को मीडिया में सुर्खियां बटोरने की कोशिश करार दिया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार अपराधियों को कानूनी कार्रवाई से नहीं बचाती और इस तरह के आरोप निराधार हैं। परिवार ने अधिकारियों पर मामले को दबाने का आरोप लगाया था। बिहार सरकार ने मामले की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से सिफारिश की थी। फिलहाल विशेष जांच दल इस घटना की जांच कर रहा है। राबड़ी देवी ने विधानसभा में कहा कि इस बजट में बिहार के लोगों के लिए कुछ नहीं है और सरकार केवल जनता को गुमराह कर वोट हासिल करने की कोशिश कर रही है।

## रांची के जाने-माने कारोबारी और बिल्डर अनुराग सरावगी ने की आत्महत्या

रांची (एजेंसी)। रांची के जाने-माने बिल्डर और व्यवसायी अनुराग सरावगी ने मेन रोड स्थित ब्लेयर अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से न केवल इलाके में हड़कंप मच गया, बल्कि राजधानी के कारोबारी जगत में भी शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार अनुराग सरावगी गुरुवार रात करीब 11 बजे अपार्टमेंट में अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे कूद गए। ऊंचाई से गिरने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तेज आवाज सुनकर अपार्टमेंट के सुरक्षाकर्मी और स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर पहुंचे, जहां उनका शव पड़ा मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि अनुराग गुरुवार की रात घर पर अकेले थे। उनकी पत्नी और दोनों बच्चे किसी रिश्तेदार के यहां तमिलनाडु गए हैं। अपार्टमेंट में रहने वाले कुछ लोगों ने पुलिस को बताया है कि वह देर रात किसी से मोबाइल पर ऊंची आवाज में बात कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही हिंदपीढ़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी, कोतवाली डीएसपी समेत वरीय पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे।

# सरकारी जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा, एयर इंडिया के 70 फीसदी विमानों में तकनीकी खराबी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की प्रमुख विमानन कंपनी एयर इंडिया के बेड़े को लेकर एक चिंताजनक रिपोर्ट सामने आई है। सरकार ने संसद में जानकारी दी है कि एयरलाइन के हर 10 में से 7 विमानों में किसी न किसी तरह की तकनीकी खामी पाई गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एयर इंडिया के लगभग 70 फीसदी विमान तकनीकी रूप से समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जो सभी भारतीय एयरलाइन्स में सबसे अधिक है।

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया कि जनवरी 2025 से 3 फरवरी 2026 तक विभिन्न एयरलाइनों के कुल 377 विमानों में बार-बार गड़बड़ी होने के मामले दर्ज किए गए। सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि एयर इंडिया के जिन 166 विमानों की जांच की गई, उनमें से 137 विमानों में तकनीकी खामियां पाई गईं। इसी समूह की अन्य कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के भी 101 विमानों में से 54 में बार-बार खराबी की बात सामने आई है। जांच के दायरे में केवल एयर इंडिया ही नहीं, बल्कि अन्य निजी एयरलाइन्स भी रहीं। इंडिगो के 405 विमानों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 148 विमानों में तकनीकी समस्याएं मिलीं। वहीं, स्पाइसजेट के 43 विमानों में से 16 और अकासा एअर के 32 विमानों में से 14 विमानों में बार-बार गड़बड़ी होने की पुष्टि हुई है। इस अवधि के दौरान विमानन सुरक्षा नियामक, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए कुल 3,890 निगरानी निरीक्षण किए।

हालांकि, मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले तीन वर्षों में उड़ानों के दौरान तकनीकी खराबी की कुल घटनाओं में धीरे-धीरे कमी आई है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में खराबी के 448 मामले सामने आए थे, जो 2024 में घटकर 421 रह गए। सरकार का दावा है कि डीजीसीए के पास हवाई अड्डा संचालकों और विमानों की निगरानी के लिए एक व्यवस्थित सुरक्षा तंत्र मौजूद है, जिसके तहत औचक निरीक्षण और नियामक ऑडिट किए जाते हैं। नियमों के उल्लंघन या सुरक्षा मानकों में कोताही पाए जाने पर डीजीसीए द्वारा सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जाती है। एयरलाइन्स के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे किसी भी तकनीकी घटना की रिपोर्ट तुरंत नियामक को दें। ऑडिट के दौरान मिलने वाली कमियों को दूर करने के लिए संबंधित एयरलाइन्स को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए जाते हैं ताकि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता न हो।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मुख्यमंत्री योगी को लिखा पत्र, कहा- गोवंश यदि सुरक्षित हैं इसका हो परीक्षण

वाराणसी (एजेंसी)। ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गोवंश को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि हाल ही में राज्य के पशुपालन मंत्री ने उनके द्वारा उठाए गए गोकशी के गंभीर मुद्दे को 'भ्रम' और 'असत्य' करार दिया। मंत्री ने दावा किया था कि राज्य में गो-वंश पूर्णत: सुरक्षित है। शंकराचार्य ने पत्र में कहा कि धर्मसत्ता और राजसत्ता के बीच सत्य की स्थापना के लिए आवश्यक है कि दावों का धरातलीय एवं वैज्ञानिक परीक्षण हो। यदि शासन का विश्वास अडिग है कि राज्य में गोहत्या पूर्णत: बंद हो चुकी है, तो पारदर्शिता के लिए ज्योतिषपीठ के प्रतिनिधियों को कुछ बिंदुओं पर अनुमति एवं पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होने मांग की कि निर्यातित मांस का डीएनए परीक्षण कराया जाए। हापुड़, अलीगढ़, मेरठ और उन्नाव जैसे निर्यात केंद्रों से रैंडम सैंपलिंग कर स्वतंत्र जांच की अनुमति दी जाए। चर्म शोधन इकाइयों का निरीक्षण किया जाए। कानपुर एवं अन्य क्षेत्रों में आने वाली खालों के वैज्ञानिक परीक्षण हेतु प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाए। परिवहन एवं सीमा निरीक्षण किया जाए। अंतर्राज्यीय सीमाओं और प्रमुख मार्गों पर संदिग्ध वाहनों के आकस्मिक निरीक्षण में प्रशासनिक सहयोग दिया जाए। नगर निकायों एवं निजी वधशालाओं की व्यवस्था की धरातलीय जांच के लिए 'सरप्राइज ऑडिट' का अधिकार प्रदान किया जाए। इसके अलावा गौशाला एवं निस्तारण केंद्रों का ऑडिटरू सरकारी गौशालाओं में मृत्यु के कारणों एवं शवों के निस्तारण की प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराई जाए और अधिकृत प्रयोगशालाओं की सूची जारी की जाए। शंकराचार्य ने कहा कि इन बिंदुओं के तहत संकलित नमूनों की निष्पक्ष जांच के लिये शासन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की सूची उपलब्ध कराई जाए, जिनकी रिपोर्ट को शासन साक्ष्य के रूप में स्वीकार करता हो। इससे भविष्य में जांच परिणामों पर कोई विवाद नहीं रहेगा।

## उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप जारी: पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानों में घने कोहरे का अलर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड और कोहरे का दोहरा सितारा जारी है। हिमाचल प्रदेश के 14 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज किया गया है, जिससे समूचा राज्य शीत लहर की चपेट में है। मौसम विभाग ने मैदानी इलाकों के लिए घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। आने वाले दिनों में हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा और मंडी के निचले इलाकों में दृश्यता काफी कम रहने का अनुमान है।

केवल हिमाचल ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मध्य प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम का असर खत्म होते ही उत्तरी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। राज्य के ग्वालियर समेत 8 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया है, जबकि 30 से अधिक जिलों में घना कोहरा देखा गया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी सुबह के समय घने कोहरे और बर्फीली हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। पहाड़ी राज्यों में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 9 फरवरी से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का नया दौर शुरू हो सकता है। उत्तराखंड में 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बारिश और हिमपात की संभावना है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 10 और 11 फरवरी को राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश और बर्फबारी के आसार जताए गए हैं। आगामी 7 और 8 फरवरी को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। इस दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रह सकता है, जिससे सुबह और रात की ठंड और अधिक महसूस होगी। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही हलचल का सीधा असर मैदानी इलाकों के तापमान पर पड़ेगा, जिससे फिलहाल सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। प्रशासन ने कोहरे को देखते हुए वाहन चालकों को सावधानी बरतने और ठंड से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने की सलाह दी है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा: नए उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के विरोध में भारी बवाल



**चुराचांदपुर (एजेंसी)।** मणिपुर में नई सरकार के गठन और शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही राज्य में एक बार फिर अशांति का माहौल पैदा हो गया है। विशेष रूप से चुराचांदपुर जिले में गुरुवार को स्थिति उस समय अनियंत्रित हो गई, जब नए उपमुख्यमंत्रियों के रूप में नेमचा किपगेन और एल दिखो के शपथ ग्रहण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हिंसक संघर्ष में बदल गया। पूरे क्षेत्र में व्याप्त भारी तनाव को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा बल तैनात कर दिए हैं।

हिंसा की शुरुआत गुरुवार शाम करीब 6 बजे तुइबोंग मेन मार्केट इलाके में हुई। यहां सैकड़ों की संख्या में युवा प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए और सुरक्षा बलों को पीछे धकेलने की कोशिश करने लगे। जब सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया, तो भीड़ उग्र हो गई और पत्थरबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने सड़क के बीचों-बीच टायर जलाकर आवागमन बाधित कर दिया। युवाओं का यह आक्रोश उस समय चरम पर पहुंच गया, जब उन्हें सूचना मिली कि कुकी-जोमी समुदाय के तीन विधायक सरकार का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इनमें नेमचा किपगेन ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है, जबकि एलएम खाउते और नगुरसंगलुर के भी सरकार में शामिल होने की खबरें हैं। स्थानीय कुकी संगठनों ने पहले ही अपने समुदाय के विधायकों को स्पष्ट चेतावनी दी थी कि वे वर्तमान परिस्थितियों में सरकार में शामिल न हों। समुदाय का एक बड़ा धड़ा इस बात से आहत है कि इंफाल में हुई पिछली हिंसा के दौरान जान-माल और धार्मिक स्थलों का भारी नुकसान हुआ था, जिसकी टीस अभी भी बरकरार है। समुदाय का मानना है कि ऐसे समय में सत्ता में साझेदारी करना उनके हितों और भावनाओं के खिलाफ है। इसी नाराजगी के चलते चुराचांदपुर में विरोध प्रदर्शन और बंद का आह्वान किया गया।

राजनीतिक परिदृश्य की बात करें तो, एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के करीब एक साल बाद राज्य में नई सरकार का उदय हुआ है। युमनाम खेमचंद सिंह ने मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभाला है। उनके साथ भाजपा की नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के एल दिखो ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। इस नई राजनीतिक व्यवस्था को क्षेत्रीय गुटों ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया है, जिससे टकराव की स्थिति बनी हुई है। हालात पर काबू पाने के लिए असम राइफल्स और पुलिस के जवानों को मोर्चे पर लगाया गया है। शुरुआती झड़पों के बाद सुरक्षा बलों को कुछ समय के लिए पीछे हटना पड़ा, लेकिन भीड़ के लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए अंततः आंसू गैस के गोले छोड़े गए। वर्तमान में, आदिवासी संगठन ज्वाइंट फोरम ऑफ सेवन ने सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक पूर्ण बंद का आह्वान किया है। संगठन ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि कोई विधायक या नेता इस बंद और समुदाय की भावनाओं का उल्लंघन करता है, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सुरक्षा एजेंसियां संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च कर रही हैं ताकि स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके।

# गोलवलकर से जुड़ी टिप्पणी को लेकर फंसे दिग्विजय, नहीं होगी मानहानि याचिका खारिज

**-कोर्ट ने कहा कांग्रेस नेता के खिलाफ दायर मानहानि याचिका में वैध कारण बनता है**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) और दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर से जुड़ी एक टिप्पणी को लेकर फंसते नजर आ रहे हैं। इस मामले में उनके खिलाफ दायर एक मानहानि याचिका को कोर्ट ने खारिज करने से इनकार कर दिया है। 8 जुलाई 2023 को सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में दिग्विजय सिंह ने दूसरे सरसंघचालक गोलवलकर की एक तस्वीर साझा करके उसके कैप्शन में लोगों से सवाल पूछा था कि क्या वह दलितों, पिछड़े वर्गों, मुसलमानों और भूमि, जल व जंगल से जुड़े मुद्दों पर गोलवलकर के विचारों से परिचित हैं?

इस पोस्ट को लेकर संघ के स्वयंसेवक शशिकांत चंपानेकर ने दिग्विजय सिंह के खिलाफ मामला दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे संघ की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। याचिका के दाखिल होने के बाद कोर्ट ने सुनवाई शुरू कर दी है। राज्यसभा सांसद सिंह ने इस याचिका को खारिज करने की अपील करते हुए तर्क दिया कि यह मामला कानूनन विचारणीय नहीं है। इस पर सिविल जज राजेश बी. खंडारे ने कहा कि दिग्विजय सिंह के खिलाफ दायर मानहानि याचिका में वैध कारण बनता है। इसी वजह से इसे खारिज नहीं किया जा सकता है। दिग्विजय सिंह की ओर से दलील दी गई कि याचिका कर्ता को यह मुकदमा दायर करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि संघ न तो कोई पंजीकृत संस्था है और न ही कानूनी व्यक्ति है। ऐसे में वह मुकदमा दायर नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आखिर कोई व्यक्तिगत सदस्य संघ और गोलवलकर की ओर से हर्जाना कैसे मांग सकता है?

इस पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि आपराधिक मानहानि कानून के तहत किसी पहचाने जाने योग्य समूह की मानहानि की जा सकती है और उस समूह का कोई आहत सदस्य कानूनी कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े गंभीर और विचारणीय मुद्दे हैं, जिनका फैसला केवल साक्ष्य दर्ज होने के बाद ही किया जा सकता है, न कि वाद खारिज करने के चरण पर। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि इस वाद को खारिज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि याचिका में कारण बनता है, संघ सदस्य के मुकदमा दायर करने के अधिकार को इस चरण पर कानून द्वारा प्रतिबंधित नहीं कहा जा सकता और वाद के मूल्यांकन या कोर्ट फीस की पर्याप्तता जैसे मुद्दे बिना सुधार का अवसर दिए वाद खारिज करने का आधार नहीं बन सकते।

# कोयला खदान में विस्फोट से अब तक 18 की मौत, कई मलबे में दबे, बचाव कार्य जारी

**-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया दु:ख, मृतकों के परिवारों को सहायता की घोषणा**



**शिलांग (एजेंसी)।** मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को कोयला खदान में विस्फोट ने पूरे देश को हिला दिया। अवैध रूप से संचालित इस खदान में अचानक हुए धमाके के बाद चीख-पुकार मच गई। मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूर अंदर ही फंस गए। राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंची। भारी मशक्कत के बाद 18 मजदूरों के शव निकाले जा चुके हैं, कई लोगों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस दर्दनाक हादसे ने खदानों में सुरक्षा व्यवस्था और अवैध खनन के मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है। हादसे की खबर मिलते ही राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों सक्रिय हो गईं। पीएम मोदी ने हादसे पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया। वहीं मेघालय के सीएम कॉनराड संगमा ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। पुलिस के मुताबिक विस्फोट खदान के अंदर हुआ, जिससे मजदूरों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। प्रशासन ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता, खान और खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और विशेष टीमों को लगाया गया है।

हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी दुख जताया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी घटना की जांच और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम संगमा से बातचीत कर केंद्र की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की गई है। इसके अलावा मेघालय सरकार ने मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपए की सहायता देने का ऐलान किया है। सरकार का कहना है कि यह मदद पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत देने के लिए दी जा रही है। हादसे के बाद लोगों में गुस्सा है।

सीएम कॉनराड संगमा ने कहा है कि इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार अवैध खनन के खिलाफ सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। प्रशासन ने साफ किया है कि राज्य में वैज्ञानिक खनन को बढ़ावा दिया जाएगा और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# पश्चिम बंगाल समेत 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज, अगले महीने तारीखों का एलान संभव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल समेत देश के पांच राज्यों में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर चुनाव आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सूत्रों के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग जल्द ही संबंधित राज्यों का दौरा शुरू करेगा। इन दौरों का उद्देश्य चुनाव की तारीखों के एलान से पहले कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक तैयारियों और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर आकलन करना है। माना जा रहा है कि मार्च के पहले सप्ताह के बाद कभी भी चुनावों की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।

इस साल जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा की 294 सीटों का कार्यकाल 7 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। वहीं, तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 10 मई, केरल की 140 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 23 मई, असम की 126 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 20 मई 2026 को पूरा होगा। इसके अलावा, पुडुचेरी की 30 सीटों वाली विधानसभा का कार्यकाल 15 जून 2026 को खत्म हो रहा है। संवैधानिक प्रावधानों के तहत इन सभी राज्यों में कार्यकाल समाप्त होने से पहले नई विधानसभा का गठन अनिवार्य है।

सूत्रों के मुताबिक, चूंकि चार राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल मई महीने में और पुडुचेरी का जून में समाप्त हो रहा है, इसलिए चुनाव आयोग समय से पहले सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने में जुट गया है। खासतौर पर पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल सबसे पहले 7 मई को समाप्त हो रहा है, जिसे ध्यान में रखते हुए आयोग की प्राथमिकता भी इसी राज्य पर अधिक रहने की संभावना है।

आयोग फरवरी के अंत से लेकर मार्च के पहले सप्ताह तक इन राज्यों का दौरा कर सकता है। इस दौरान संबंधित राज्यों के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के साथ बैठकें की जाएंगी। इसके अलावा, सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से भी संवाद किया जाएगा, ताकि चुनाव से जुड़े उनके सुझावों और आपत्तियों को सुना जा सके और यदि कोई वैध बिंदु हो तो उसे चुनावी प्रक्रिया में शामिल किया जा सके।

गौरतलब है कि पिछले साल बिहार विधानसभा चुनावों में तारीखों के एलान से लेकर पूरी चुनावी प्रक्रिया समाप्त होने तक कुल 42 दिन का समय लगा था। बिहार में चुनाव की घोषणा 6 अक्टूबर 2025 को हुई थी और दो चरणों में मतदान के बाद 16 नवंबर को पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई, जबकि विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर तक था। इसी पैटर्न को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इन पांच राज्यों में भी चुनावों की घोषणा मार्च के पहले सप्ताह के बाद की जा सकती है। राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माने जा रहे इन चुनावों को लेकर सभी दलों की निगाहें अब चुनाव आयोग के आधिकारिक एलान पर टिकी हुई हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वर पब्लिकेशन्स एलएलपी की ओर से शिवशाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातु, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902